श्र्मा शर्ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील


वर्ष : 09 | अंक : 303 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 2 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

बरपेटारोड : एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में बदमाशों ने की गोलीबारी — पेज 3
भारत-नेपाल में सात करार पर हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री मोदी बोले रिश्तों... — पेज 4
मुख्यमंत्री योगी ने उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भवन का शिलान्यास किया — पेज 5
पूरा विश्व मानता है पीएम मोदी के काम को : राजेंद्र राठौड़ — पेज 8

# सीबीआई करेगी मणिपुर हिंसा की जांच : केंद्रीय गृहमंत्री

## हाईकोर्ट के फैसले से माहौल बिगड़ा

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा पर समीक्षा बैठक करने के बाद आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कांफ्रेंस की। शाह ने कहा कि 29 अप्रैल को मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाजी भरे फैसले के कारण यहां पर जातीय हिंसा और दो समुदायों के बीच में हिंसा की शुरुआत हुई। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। मणिपुर के राज्यपाल नागरिक समाज के सदस्यों के साथ एक शांति समिति का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी के साथ सीबीआई भी कुछ मामलों की जांच करेगी। शाह ने कहा कि पिछले 1 महीने में मणिपुर में कुछ हिंसक घटनाएं सामने आई हैं, मैं उन सभी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले 3 दिनों में इंफाल, मोरेह और चुराचांदपुर सहित मणिपुर में कई जगहों का दौरा किया है और राज्य में शांति -शेष पृष्ठ दो पर




## अमित शाह ने कुकी और मैतेई पीड़ितों को सुना और दिया शांति का भरोसा

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए सरकार की पहल को लोगों का मजबूत समर्थन मिल रहा है। शाह राज्य के अपने दौरे के तीसरे दिन हिंसा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने के मुहिम में जुटे। उन्होंने जहां कांगपोकपी में कुकी राहत शिविर का दौरा कर पीड़ितों की बातें सुनीं वहीं इंफाल में एक राहत शिविर में मैतेई शरणार्थियों की पीड़ा भी सुनी। राहत शिविरों -शेष पृष्ठ दो पर

## हिमंत करेंगे 11 से 20 जून तक करेंगे 14 जनसभाएं

**गुवाहाटी।** मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा लगातार लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। हाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने 9 साल पूरे किए है। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा अपनी योजनाएं बना रही है। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर असम में भी भाजपा बड़े कार्यक्रम करने जा रही है। इस बात की जानकारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दी। हिमंत विश्व शर्मा ने एक बयान में कहा कि 11 से 20 जून तक, हम मोदी सरकार के 9 साल और आगामी लोकसभा



चुनावों के लिए राज्य के लोकसभा क्षेत्रों में 14 जनसभाएं करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ सभाओं में मैं मौजूद रहूंगा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भबेश कलिता और कुछ सभाओं में केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और रामेश्वर तेली मौजूद रहेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में, हम जन संपर्क अभियान के तहत कम से कम 1400 परिवारों से मिलेंगे। केंद्रीय मंत्रियों और कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सत्ता में नौ साल पूरे होने के मौके पर सोमवार को देशभर में उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2024 में सरकार के फिर से सत्ता में आने का भरोसा जताया। वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कद से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर, गरीबों के लिए आवास -शेष पृष्ठ दो पर

## राजीव सिंह ने मणिपुर के डीजीपी का कार्यभार संभाला



**इंफाल (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मणिपुर के दौरे के दौरान आईपीएस राजीव सिंह इंफाल पहुंचे और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का पदभार संभाला। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया विकी ने 1993 बैच के त्रिपुरा कैडर के आईपीएस राजीव सिंह को मणिपुर का डीजीपी नियुक्त किया है। -शेष पृष्ठ दो पर

## एईसी के छात्रों की मौत पर शिक्षा विभाग करेगा उच्च स्तरीय जांच : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राजधानी के जालुकबाड़ी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में असम इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की मौत के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज शिक्षा विभाग से एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया है, ताकि दुर्घटना और छात्रों की अकाल मृत्यु के लिए परिस्थितियों की जांच की जा सके।



जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है और सरकार द्वारा रिपोर्ट की जांच की जाती है, प्रिंसिपल एईसी, जालुकबाड़ी और संबंधित छात्रावास के अधीक्षक, जहां से पीड़ित छात्र थे, उन्हें छुट्टी पर जाने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को कॉलेजों -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सीएम आवास में तैनात कमांडो ने खुद को मारी गोली



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आवास में तैनात एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान ने खुद को गोली क्यों मारी इसके बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आ पाई है। मृतक की पहचान प्रमोद रावत के रूप में हुई है। वह विजय कॉलोनी में रहते थे। बताया जा रहा है कि 2007 बैच के कमांडो जवान प्रमोद रावत 2016 से मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा में तैनात थे। रात वह आठ बजे ड्यूटी खत्म करके गए थे। गुरुवार को उन्हें हल्द्वानी जाना था, इसलिए सुबह वह सीएम आवास पहुंच गए। दोपहर दो बजे सीएम आवास के अंदर ही गोली लगने से जवान की मौत हो -शेष पृष्ठ दो पर

## परमाणु मिसाइल अग्नि-1 का सफल प्रक्षेपण

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत ने गुरुवार को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफल प्रक्षेपण किया। परमाणु मिसाइल ने बंगाल की खाड़ी में 1000 किमी दूर बड़ी सटीकता के साथ अपने नियोजित लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदा। प्रशिक्षण लॉन्च ने मिसाइल ने सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलता के साथ सत्यापित किया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि यह मिसाइल बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किये गए प्रक्षेपण में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 ने 1000 किमी दूर लक्ष्य को निशाना बनाया। यह नियोजित लक्ष्य बंगाल की खाड़ी में रखा गया था, जिसे प्रशिक्षण लॉन्च ने मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया। भारत ने करीब 10 साल के फासले में अपनी ताकत अग्नि-1 मिसाइल से अग्नि-5 मिसाइल तक पहुंचा दी है। 2002 में सफल परीक्षण की रेखा पार करने वाली अग्नि-1 मध्यम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल थी। इसकी मारक क्षमता 700 किलोमीटर थी और इससे 1000 किलो तक के परमाणु हथियार ढोए जा सकते थे। फिर इसके बाद अग्नि-2, अग्नि-3 और अग्नि-4 मिसाइलें आईं। ये तीनों इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। इनकी मारक क्षमता 2000 से 3500 किलोमीटर है। चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली -शेष पृष्ठ दो पर



## महिला के बैग में बम

**मुंबई।** मुंबई के एयरपोर्ट पर आज बम की खबर से हड़कंप मच गया। एक महिला ने बैग में बम होने का दावा किया जिसके बाद वहां पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया। दरअसल, एक महिला यात्री ने दावा किया कि वह अपने सामान में बम ले जा रही है। नियमों के मुताबिक, एयरलाइंस यात्रियों को केवल एक सामान में चेक इन करने की अनुमति देती हैं, जिसका वजन 15 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। जब महिला से दूसरे बैग के लिए अतिरिक्त भुगतान करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*ये मत सोचो कि प्यार और लगाव एक ही चीज है। दोनों एक दूसरे के दुश्मन हैं। ये लगाव ही है जो प्यार को खत्म कर देता है।*

**- आचार्य चाणक्य**

## मोदी के नेतृत्व में बनेगी भाजपा सरकार : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीत दर्ज करेगी। गडकरी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले नौ सालों में देश के विकास के लिए अच्छा काम किया है। गडकरी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन और भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोजगार पैदा करने की जरूरत है। सड़क परिवहन मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि 2024 हम जितने वाले हैं। हम 2024 का लोकसभा चुनाव जीतेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमने अच्छा काम किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। लोग हमें देश के विकास के लिए चुनेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 543 में से 303 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस 52 सीटें जीतने में कामयाब रही -शेष पृष्ठ दो पर



## नशे में धुत डॉक्टर सर्जरी के पहले गिरा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां नशे में धुत एक डॉक्टर सर्जरी करने से पहले ऑपरेशन थियेटर में गिर गया। डॉक्टर की पहचान बालकृष्ण के रूप में हुई है। जिन दिन मरीजों की सर्जरी होनी थी, उस दिन ऑपरेशन थियेटर के अंदर डॉक्टर को सुबह से सोते हुए पाया गया था। इस घटना के बाद डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। दरअसल, घटना चिक्कमगलुरु अस्पताल की है। यहां नौ मरीजों की सर्जरी होनी थी। इनमें सभी महिलाएं थीं। जानकारी के मुताबिक, -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली अध्यादेश : केजरीवाल को स्टालिन का भी समर्थन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने सहयोगियों के साथ गुरुवार को तमिलनाडु पहुंचे। केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा भी मौजूद थे। जहां उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केजरीवाल ने दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश पर स्टालिन से समर्थन मांगा। मीटिंग -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## दूध का सबसे बड़ा उत्पादक भारत

**जयपुर (हि.स.)।** कृषि और पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था कहा जाने वाला भारत आज पशुपालन के क्षेत्र में भी बेहतर मुकाम बना चुका है। पशुपालन में डेयरी क्षेत्र भारत के लिए विभिन्न मायनों में बहुत अधिक महत्व रखता है। एक उद्योग के रूप में यह 80 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार मुहैया करा रहा है। इनमें अधिकतर छोटे और सीमांत किसानों के साथ-साथ भूमिहीन लोग भी शामिल हैं। खास बात यह है कि हमारे देश में महिलाएं इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहीं हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग पर हरियाणा पुलिस की स्ट्राइक, 10 शूटर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उसने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ से जुड़े 10 शूटरों को गुरुग्राम जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्टल, 28 जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, एक होंडा सिटी और पुलिस की वर्दी के सात सेट बरामद किए हैं। एक वाहन के दिल्ली से चोरी होने की सूचना है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राकेश कुमार उर्फ अनिल, हरजोत सिंह उर्फ लीला, अजय ईशरवालिया उर्फ



पंजाबी, प्रिंस उर्फ गोलू, जोगिंदर उर्फ जोगा, संदीप उर्फ संदीप और सिंदरपाल उर्फ बिट्टू शामिल हैं। उन्हें मेंहदवाड़ा, भोंडसी, गुरुग्राम से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद, उनके तीन सहयोगियों धर्मेंद्र उर्फ धर्मा, दीपक उर्फ दिलावर और भारत को राजीव चौक देवी लाल स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि गिरफ्तार किए गए लोग लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह -शेष पृष्ठ दो पर

## दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड मंदिर तेलंगाना में

**हैदराबाद।** तेलंगाना में दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड हिंदू मंदिर बनाया जा राह है। इस मंदिर का निर्माण सिद्दीपेट के बुरुगुपल्ली में एक चरविथा मीडोज समुदाय के गेटेड विल्ला



में अंदर बनवाया जा रहा है। इस मंदिर में मुख्य रूप से तीन हिस्सों का निर्माण किया जा रहा है जो कि कुल 3,800 वर्ग फुट एरिया में बनाया जा रहा है। इस मंदिर का निर्माण स्थानीय इंफ्राटेक कंपनी अप्सूजा इंफ्राटेक के जरिए किया जा रहा है। अप्सूजा इंफ्राटेक ने 3डी प्रिंटेड कंस्ट्रक्शन के लिए सिंपलीफोर्ज क्रिएशन्स के साथ करार किया है। अप्सुजा इंफ्राटेक के एमडी हरि कृष्ण जीदीपल्ली ने बताया कि, मंदिर में बनाए गए -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# एससीईआरटी घोटाला : आप ने विद्युत कलिता को किया निलंबित

**गुवाहाटी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को अपनी पार्टी के एक नेता विद्युत कलिता को 105 करोड़ रुपए के स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) घोटाले में शामिल होने के आरोप में निलंबित करने का फैसला लिया है। मिर्जा के रहने वाले कलिता को मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ ने घोटाले में उनकी कथित भूमिका को लेकर तलब किया था। हालांकि, वह कुछ व्यक्तिगत कारणों से राज्य से बाहर होने का हवाला देते हुए सेल के सामने पेश नहीं हुए। इसके बाद, एक पत्र सामने आया जिसमें कलिता ने सीएम विजिलेंस को पत्र लिखकर समन का जवाब देने के लिए दो दिन का समय मांगा। पूछताछ के लिए खुद को उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध करते हुए, उन्होंने दावा किया कि जब उनके आवास पर नोटिस दिया गया था, तब वह स्टेशन से बाहर थे। उधर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि असम में 105 करोड़ रुपए के स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) घोटाले के सिलसिले में पत्रकारों और आरटीआई कार्यकर्ताओं सहित 12 और लोगों को गिरफ्तार किया जाना है। सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने खुलासा किया कि 12 लोग अब मुख्यमंत्रियों के विशेष सतर्कता सेल (सीएम के एसवीसी) के रडार पर हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मंगलवार को घोटाले के सिलसिले में दो पत्रकारों और दो आरटीआई कार्यकर्ताओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के अनुसार, दोनों पत्रकारों की पहचान पुजामोनी दास और भास्कर ज्योति हजारिका के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरटीआई कार्यकर्ता अनूप सैकिया और रबिजीत गोगोई हैं। उन पर निलंबित आईएएस अधिकारी सिवाली देवी शर्मा को ब्लैकमेल करने और उनसे मोटी रकम हासिल करने का आरोप था। मुख्यमंत्री ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि जांच में इन पत्रकारों के व्यक्तिगत बैंक खातों में राज्य के खजाने से धन के सीधे हस्तांतरण का खुलासा हुआ है। लगभग 12 लोग हैं जो कथित एससीईआरटी घोटाले में शामिल पाए गए हैं। सीएम शर्मा ने आगे कहा कि ये सभी पेशे से आरटीआई कार्यकर्ता और पत्रकार हैं। कामरूप मेट्रो के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने गिरफ्तार चारों लोगों को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जांच को और गहरा करने के लिए, सीएम के एसवीसी ने जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के कई अन्य शिक्षकों को पूछताछ और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया है। माना जाता है कि इन व्यक्तियों का एससीईआरटी घोटाले से संबंध है, जिसने असम में शिक्षा प्रणाली के माध्यम से सदमे की लहरें भेजी हैं।

# प्रदेश में तीन साल से ज्यादा एक पद पर नहीं रहेंगे कर्मचारी-अधिकारी

**जयपुर (हिंस)।** राज्य सरकार ने प्रशासनिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए एक आदेश जारी किया है जिसके तहत अब कोई भी कर्मचारी-अधिकारी एक ही अनुभाग-कार्यालय में तीन साल से ज्यादा समय तक नहीं रह सकेंगे। विशेष परिस्थितियों में भी यह अवधि पांच साल से अधिक नहीं होगी। ऐसे में अब राज्य के 3.5 से 4 लाख कर्मचारियों की जल्द बदली की संभावना है। सुशासन के लिए विभिन्न स्तरों पर पारदर्शिता, जवाबदेहिता व उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ इस आदेश को मुख्य सचिव उषा शर्मा ने जारी किया है। इस फैसले के तहत राजस्थान में शासन सचिवालय समेत दूसरे विभागों, निकायों और अधीनस्थ कर्मचारी और अधिकारियों के ट्रांसफर किए जाएंगे। चर्चा है कि पिछले दिनों जयपुर में योजना भवन की अलमारी में मिली नकदी और सोने के बाद सरकार ने यह बड़ा कदम उठाया है। प्रशासनिक सुधार विभाग से जारी इस आदेश के मुताबिक ऐसा देखा गया है कि शासन सचिवालय और दूसरे विभागों में कई कर्मचारी और अधिकारी एक ही सीट या पद पर कई सालों तक काम करते हैं। इससे सरकारी कामों की पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गौरतलब रहे पिछले दिनों डीओआईटी ऑफिस के बेसमेंट में रखी एक अलमारी से लाखों रुपए नकद और सोने की ईंट मिली थी। इस मामले में एसीबी ने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव को पकड़ा था। यादव पिछले 15 साल से इसी पद पर रहते हुए निविदाओं और विभाग में जरूरी सामानों की खरीद-फरोख्त में अहम भूमिका निभाता था।

# पहलवान मामला : सचिन की चुप्पी पर मुंबई यूथ कांग्रेस ने लगाए पोस्टर




**मुंबई।** महिला पहलवानों के प्रोटेस्ट को लेकर सचिन तेंदुलकर चुप क्यों? मुंबई प्रदेश युवक कांग्रेस ने यह सवाल पोस्टर लगाकर पूछा है। ये पोस्टर वायरल हो रहा है। राजधानी दिल्ली में देश के पदक विजेता महिला पहलवान यौन शोषण के विरोध में आंदोलन कर रही हैं। वे ब्रिज भूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप लगाकर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस या केंद्र सरकार की भूमिका को लेकरकांग्रेस ने सीधे सचिन तेंदुलकर से सवाल कर दिया है और उनसे पूछा है कि उन्होंने अब तक इस पर कोई राय क्यों नहीं दी? कुछ दिनों पहले पहलवान विनेश फोगट ने भी भारत के खेल जगत के दिग्गजों की ओर से समर्थन ना मिलने पर खेद जताया था। महिला पहलवानों के पक्ष में देश की कई विपक्षी पार्टियां सामने आई हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इन महिला पहलवानों को काफी समर्थन मिल रहा है, लेकिन देश के खेल जगत के दिग्गजों की ओर से इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से बचा गया है। मुंबई प्रदेश युवक कांग्रेस ने इसलिए सचिन तेंदुलकर की ओर लक्ष्य करते हुए बैनर्स लगाए हैं, जो सोशल मीडिय में वायरल हो रहे हैं। इन पोस्टरों और बैनरों के जरिए सचिन तेंदुलकर को लेकर कहा गया है कि कोई राय नहीं रखने वाले भारतरत्न सचिन तेंदुलकर जी, भारत के आंतरिक मुद्दों पर आप मुंह सी कर क्यों बैठ गए? किसान आंदोलन पर बोलने वाली विदेशी महिला खिलाड़ी को आपने जवाब दिया था कि देश के आंतरिक मामलों पर नाक न घुसाएं। पर आज सचिन आपका देशप्रेम कहां चला गया? आप सीबीआई-इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के छापे के डर से दबाव में आ गए क्या? सचिन की ओर इंगित करते हुए पोस्टर में यह भी लिखा है कि आप क्रिकेट के भगवान समझे जाते हैं। भारत रत्न भी हैं। खेल जगत से कुछ महिलाएं यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। ऐसे में आपकी वो इंसानियत अब कहीं क्यों नहीं दिखाई दे रही? सचिन तेंदुलकर की चुप्पी पर जब संजय राउत से पूछा गया सवाल तो वे आंय, बांय, शांय करने लगे। उन्होंने कहा कि इस पर स्टैंड प्रधानमंत्री को लेना चाहिए। केंद्र सरकार को स्टैंड लेना चाहिए। महाराष्ट्र में ठीक है, हर एक ने अपनी-अपनी भूमिका तय की है। महिला पहलवानों को इंसाफ मिले, यह सबकी राय है। केंद्र सरकार उन्हें न्याय देने से

# साध्वी स्वर्णरेखा के सानिध्य में द *पावर ऑफ द इनफार्मेशन* कार्यशाला आयोजित

**गुवाहाटी (विभास)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित तेरापंथ महिला मंडल गुवाहाटी के तत्वावधान में साध्वी श्री स्वर्णरेखा जी के सानिध्य में द पावर ऑफ द इनफार्मेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। महिला मंडल की बहनों द्वारा मंगलाचरण का संगान किया गया्। उपाध्यक्ष अमराव बोथरा ने अपने स्वागत वक्तव्य से सभी का स्वागत किया एवं इस कार्यशाला के ऊपर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकारिणी सदस्या व पूर्व अध्यक्ष बिमला कोचर ने अपने भावों को बहुत ही अच्छे ढंग से बताया एवं समझाया। उन्होंने कहा की सकारात्मक सोच के द्वारा हम चिंताओं से मुक्त होकर मनुष्य जीवन को सुखी बना सकते हैं। हम वर्तमान में जीना सीखें। योग ध्यान के द्वारा हम अपनी सोच को सकारात्मक बनाकर तनाव मुक्त हो सकते हैं। साध्वी श्री स्वर्णरेखा जी ने कहा कि हमें अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। गुरुदेव तुलसी ने अणुव्रत के संदेश में कहा कि अगर व्यक्ति सुधरेगा तो राष्ट्र, समाज और देश सुधरेगा। उन्होंने कहा जो हमारा करें विरोध हम उनका करें विनोद। आदमी अपने सोच से ही आगे बढ़ता है। हर समस्या का मूल कारण है नकारात्मक विचार। बहुत से लोग ऐसा सोचते हैं कि यह काम पॉसिबल नहीं है।

# गर्मी से राहत के लिए शरबत का वितरण



**विश्वनाथ (विभास)।** विश्वनाथ चाराली श्याम महिला मंडल द्वारा निर्जला एकादशी व्रत पर विशेष पहल की। सर्वप्रथम विश्वनाथ चाराली शहर के राष्ट्रीय मार्ग के मुख्य चौराहे पर श्याम महिला मंडली के पदाधिकारी द्वारा हजारों लोगों को शरबत पिलाया गया। इस प्रकार की कार्यक्रम को लेकर विश्वनाथ चाराली के जनता ने श्याम महिला मंडल की जमकर सराहना की और विशेष धन्यवाद दी। इस कार्यक्रम में श्याम महिला मंडल, विश्वनाथ चाराली के पदाधिकारी रेखा जोशी, अंकिता शर्मा, नीलू शर्मा, कविता शर्मा, किरण भरतीया, निर्मला अग्रवाल, किरण तिवारी, ऊषा तापड़िया और अन्य महिलाओं ने सहयोग की। उल्लेखनीय है कि यह व्रत ज्येष्ठ मास में पड़ने के कारण इस दिन गर्मी से राहत देने वाली शीतल वस्तुओं का दान करना चाहिए। गोदान, वस्त्रदान, छत्र, जूता, फल, शरबत, जल आदि का दान करना बहुत ही लाभकारी होता है। इस दिन जल दान करने का पुराणों में बहुत महत्व बताया गया है। साथ ही निर्जला एकादशी की कथा पढ़नी या सुननी चाहिए। द्वादशी के दिन सूर्योदय के बाद विधिपूर्वक ब्राह्मण को भोजन करवाकर एवं दक्षिणा देकर तत्पश्चात अन्न व जल ग्रहण करें।

# मेडिकल स्टाफ, एएनएम और जीएनएम की तत्काल पोस्टिंग की मांग

**इटानगर (हिंस)।** अरुणाचल प्रदेश कुरुंग कुमे जिला के कोलोरियांग, दामिन, पारसी-पारलो, सरली छात्र संघ (केडीपीपीएसएसयू) ने गुरुवार को राज्य सरकार से नर्सिंग अधिकारियों सहित मेडिकल स्टाफ, सहायक नर्स, मिडवाइफ (एएनएम) और जनरल नर्सिंग मिडवाइफ (जीएनएम) की जिले के कोलोरियांग निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में तत्काल पोस्टिंग की मांग की है। केडीपीपीएसएसयू के अध्यक्ष केजी चाबोक ने यहां अरुणाचल प्रेस क्लब (एपीसी) में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि कम से कम 31 एएनएम और जीएनएम और कोलोरियांग क्षेत्र में अनुबंधित कर्मचारियों के रूप में काम करने वाले 16 नर्सिंग अधिकारियों को बिना रिलीवर के एक बार में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जनशक्ति की भारी कमी के कारण आम जनता को अनेक प्रकार की चिकित्सा आपात स्थिति के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुरुंग कुमे के लोगों विशेष रूप से कोलोरियांग विधानसभा क्षेत्र में न केवल नर्सिंग स्टाफ की कमी है। चाबोक ने कहा कि चेरा तालो जिला अस्पताल (सीटीएसएच), कोलोरियांग को चिकित्सा, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक और सर्जन आदि जैसे विशेष जिला चिकित्सा अधिकारी (डीएमओ) की आवश्यकता है। दामिन और सरली के रोगियों को 100 किमी और 50 किमी की दूरी तय करके कोलोरियांग सामान्य अस्पताल में आने पड़ता है। चाबोक ने कहा कि हमारे पास सैकड़ों बेरोजगार युवा हैं, जिन्होंने पहले ही एएनएम, जीएनएम और एनओ सर्टिफिकेट हासिल कर लिया है। यदि वे स्थानांतरित कर्मचारियों के स्थान पर रिलीवर पोस्टिंग नहीं कर सकते हैं तो संबंधित विभागों को पद सृजित करने के लिए अनुरोध करना चाहिए। छात्र संस्था ने विभागीय अधिकारियों और राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो वे कार्रवाई शुरू करेंगे।

## पृष्ठ एक का शेष

### सीबीआई करेगी ...

स्थापित करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं। शाह ने इसी के साथ एलान किया कि मणिपुर सरकार डीबीटी के माध्यम से मृतक पीड़ितों के परिजनों को 5 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी डीबीटी के माध्यम से मृतक पीड़ितों के परिजनों को 5 लाख रुपए का मुआवजा देगी। शाह ने कहा कि हिंसक घटनाओं की जांच के लिए मणिपुर में कई एजेंसियां काम कर रही हैं। साजिश की ओर इशारा करने वाली हिंसा की 6 घटनाओं की उच्च स्तरीय सीबीआई जांच होगी। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि जांच निष्पक्ष हो और दोषियों को दंडित किया जाएगा।

### अमित शाह ने कुकी ...

में शाह ने लगातार लोगों को हौसला बंधाया। उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। कुछ दिन और लगेंगे। आप परेशान न हों। गृह मंत्री खुद कम बोल रहे थे, लोगों की ज्यादा सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सब आपके साथ हैं। वह बार-बार लोगों को आश्वासन दे रहे थे कि सरकार उनके साथ है। दोनों शिविरों में उन्होंने पीड़ितों को जल्द से जल्द उनके घर भेजने और जनजीवन को फिर पहले की तरह सामान्य बनाने का वादा किया। वहीं, गृह मंत्री बुधवार को भारत-म्यांमार के सीमावर्ती शहर मोरेह के दौरे पर पहुंचे। टेंग्नौपाल जिले के मोरेह में उन्होंने संयुक्त नागरिक समाज संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। यहां उन्होंने राज्य और केंद्रीय सुरक्षा बलों के कमांडरों के साथ भी बैठक कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। कुकी संगठन का दावा, गृह मंत्री पुलिस कमांडो वापस बुलाने पर सहमत...कुकी छात्र संगठन (केएसओ) ने दावा किया कि गृह मंत्री ने मोरेह से पुलिस कमांडो वापस बुलाने, मेडिकल सुविधा के लिए गुवाहाटी और आईजोल से हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने का वादा किया है। उस समय मैं पूजा की तैयारी कर रही थी। अचनाक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मैंने सब कुछ छोड़कर बच्चे को उठायो और भाग खड़ी हुई। कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। क्या करना है, पता भी नहीं चल रहा था। इंफाल ईस्ट के एक राहत शिविर में एक महिला ने उस काली स्याह रात की यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सुनाई। आपबीती सुनाते उसके आंसू निकल पड़े। शाह खुद उस रात की घटना के बारे में सभी से जानना चाहते हैं। इसलिए वे हर किसी से खुद आगे बढ़ कर पूछ रहे थे। उनका दु:ख जानने की कोशिश कर रहे थे। महिला ने गृह मंत्री से कहा कि जो हुआ, फिर दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। कहा कि जब हमारे घर जलाए जा रहे थे, तब किसी ने हमारी मदद नहीं की। सब कुछ खत्म होने के बाद सुरक्षाकर्मी आए। राहत शिविरों का दौरा करते समय गृह मंत्री अमित शाह ने बहुत आराम से सबकी बात सुनी। वे बार-बार कहते हुए दिखे, आप कुछ बताइए। कई बार अपनी बात कहते हुए लोग गुस्से में भी आए, लेकिन शाह शांत रहे।

### हिमंत करेंगे 11 से ...

और शौचालय जैसे कल्याणकारी कदम, पाइप से पानी की आपूर्ति को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचा विकास और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने के प्रयास उन पहलों में शामिल हैं, जिनका भाजपा नेताओं ने देश के हर राज्य में आयोजित संवाददाता सम्मेलनों में उल्लेख किया।

### राजीव सिंह ने ...

मणिपुर सरकार के एक अधिसूचना के अनुसार आईपीएस राजीव सिंह को अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति के परिणामस्वरूप त्रिपुरा से मणिपुर लाया गया है। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मणिपुर के गृह विभाग में ओएसडी का एक नया पद सृजित किया गया है। सरकार ने आईपीएस पी डोंगले को डीजीपी का ओएसडी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री शाह 29 मई की रात चार दिवसीय दौरे पर मणिपुर आए थे। उस दिन आधीरात को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव सिंह को जनहित में विशेष कर्तव्यों के साथ तीन साल के लिए मणिपुर स्थानांतरित कर दिया। राजीव सिंह सीआरपीएफ के आईजी के पद पर तैनात थे।

### एईसी के छात्रों की ...

और विश्वविद्यालयों में चुनाव की वर्तमान व्यवस्था को देखने के लिए एक समिति गठित करने और पूर्व और चुनाव के बाद की अवधि के दौरान अक्सर छात्र समुदाय में होने वाले झगड़ों के मद्देनजर प्रणाली की समीक्षा करने की आवश्यकता के बारे में रिपोर्ट देने के लिए भी कहा। यही नहीं किसी भी घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए, जो संभावित रूप से छात्र समुदाय के लिए खतरा हैं, उसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने शिक्षा विभाग को शिक्षण संस्थानों के छात्रावासों में अनुशासन, नियम और विनियमों को मजबूत करने के लिए एक और समिति गठित करने के लिए भी कहा है। समिति छात्रावासों के अंदर और बाहर के समय, छात्रावास परिसरों और छात्रावासों में पूर्ण शराबबंदी आदि को सख्ती से लागू करने और छात्रावासों की सीमा के बाहर विस्तारित रहने पर रोक लगाने पर भी ध्यान देगी। समिति छात्रावासों के भीतर स्वस्थ सामुदायिक जीवन को बढ़ावा देने के तरीकों की भी सिफारिश करेगी।

### सीएम आवास में ...

गई। घटना की सूचना मिलने पर आईजी गढ़वाल करण सिंह नागलियाल, एसएसपी दिलीप सिंह, एसपी सिटी सरिता डोभाल वसीओ डालनवाला अभिनव चौधरी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच की जा रही है। एडीजी अभिनव कुमार ने बताया कि जवान को एके-47 से गोली लगी है। इस बात की जांच की जा रही है कि जवान ने खुद को गोली मारी है या दुर्घटना बस गोली उन्हें लगी है। उन्होंने बताया कि जवान प्रमोद रावत पौड़ी गढ़वाल के कफोलस्यो पट्टी ग्राम अगरोडा के रहने वाले थे। उनके परिवार वाले बीते बुधवार को ही देहरादून से गए थे उनके गांव में भागवत पूजा है इसलिए जवान ने 16 जून से छुट्टियां मांगी थी। फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है इसके बाद ही गोली चलने के मुख्य कारणों का पता चल सकेगा।

### परमाणु मिसाइल अग्नि-1...

परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है। पांच हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम मिसाइल की नई तकनीकों और उपकरणों को मान्य करने के लिए यह परीक्षण किया गया है। इस परीक्षण ने अग्नि-5 मिसाइल की मारक क्षमता बढ़ाने की क्षमता को साबित कर दिया है। सबसे शक्तिशाली और गेम चेंजर अग्नि-5 को सेना में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### महिला के बैग...

दिया और बाद में दावा किया कि वह अपने बैग में बम ले जा रही थी हालांकि बैग में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।डीसीपी जो दीक्षित गेडाम ने बताया की महिला के खिलाफ मुंबई की सहार पुलिस ने आईपीसी की धारा 336 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया और चौबीस घंटे में उसके खिलाफ चार्जशीट बनाकर उसे कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि महिला मुंबई से कोलकाता एयरपोर्ट जा रही थी।

### मोदी के नेतृत्व...

थी। मंत्री ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी समस्या भूख, गरीबी और बेरोजगारी है। गडकरी ने कहा कि वह निर्माण उपकरण के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने पर विचार कर रहे हैं जो हरित हाइड्रोजन, एलएनजी और बिजली जैसे स्वच्छ ईंधन पर काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि निर्माण की गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना निर्माण की लागत को कम करने की भी आवश्यकता है।

### नशे में धुत ...

मरीजों को सुबह लगभग 8 बजे एनेस्थीसिया दिया गया, जबकि दोपहर 2 बजे सर्जरी की जानी थी। ऑपरेशन शुरू करने से पहले ही डॉक्टर बेहोश हो गया और ऑपरेशन थियेटर के अंदर नशे में धुत पाया गया। वहीं, मरीजों के परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि डॉक्टर की आदत ही ऐसी है। इससे पहले भी वह कई बार ऐसा नशे की हालत में पकड़ा गया है। बता दें कि इस मामले में चिक्कमगलुरु अस्पताल प्रशासन की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है और न ही उसके खिलाफ अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई की गई है।

### दिल्ली अध्यादेश : केजरीवाल...

के डीएमके प्रमुख स्टालिन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश का द्रमुक पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए गैर-भाजपा शासित राज्यों का सहयोग जारी रहना चाहिए। इसके बाद केजरीवाल ने कहा कि संसद में अध्यादेश का सामूहिक रूप से विरोध किया जाना चाहिए। यह (अध्यादेश) अलोकतांत्रिक, संघवाद के खिलाफ व असंवैधानिक है। इससे पहले सीएम केजरीवाल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे प्रमुख उद्धव ठाकरे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर से भी मुलाकात कर अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगा है। वहीं, केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात के लिए समय मांगा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई को एक फैसले में कहा था कि दिल्ली की नौकरशाही पर ट्रांसफर, पोस्टिंग में दिल्ली सरकार का हक है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार ने करीब 10 दिन बाद एक अध्यादेश के जरिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। आम आदमी पार्टी ने इसे गैर संवैधानिक बताया और विपक्षी दलों से मुलाकात कर इसके खिलाफ समर्थन जुटा रहे हैं। माना जा रहा है कि मानसून सत्र में केंद्र सरकार एक बिल लेकर आ सकती है।

### लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी...

के सक्रिय शूटर हैं। वे गुरुग्राम में एक बड़ी डकैती और अपहरण की घटना को अंजाम देने आए थे। हालांकि, इससे पहले कि वे अपनी योजना को अंजाम देते, पुलिस उन्हें पकड़ने में कामयाब रही। पुलिस के अनुसार, शूटरों की योजना में पुलिस अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत करना शामिल था। जोगिंदर एक निरीक्षक के रूप में और अन्य पुलिसकर्मी के रूप में काम कर रहे थे। इरादा किसी का अपहरण कर करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने का था। गिरफ्तार आरोपियों और गिरोह के नेताओं के बीच संबंधों के बारे में अधिक जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा और वीरू के निर्देश पर इन अपराधों को अंजाम दिया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे विदेश में रह रहे हैं। वे गुरुग्राम में अपने ऑपरेशन को सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस की वर्दी, बेल्ट, जूते और अन्य सामान लाए थे। गिरोह के सदस्यों ने गोल्डी बराड़ और विदेशों में अन्य लोगों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखा।


### दुनिया का पहला...

तीन गर्भगृह बनाए गए हैं। जिसमें पहला मोदका के आकार का है जो कि भगवान गणेश को समर्पित किया गया है। वहीं दूसरा गर्भगृह वर्गाकार आकार का बनाया गया है जो कि भगवान शिव के लिए समर्पित है, वहीं तीसरा एक कमल के फूल के आकार का बनाया गया है जो कि माता पार्वती को समर्पित किया गया है। संयोग से मार्च में, सिंपलीफॉर्ज क्रिएशंस ने इससे पहले मार्च महीने में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान के साथ मिलकर दो घंटे से भी कम समय में भारत का पहला प्रोटो टाइप ब्रिज बनाया था। सिपलीफॉर्ज क्रिएशन्स के सीईओ ध्रुव गांधी ने बताया कि इस ब्रिज को भी इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किया गया है। इस ब्रिज का कंसेप्ट और डिजाइन प्रोफेसर केवीएल सुब्रमण्यम और उनके सिविल इंजीनियरिंग ग्रुप के शोधकर्ताओं जो कि आईआईटी हैदराबाद से हैं, ने किया था। इस ब्रिज को मंदिर के अंदर पैदल यात्रियों के इस्तेमाल करने के लिए लगाया गया है, यह मंदिर के गार्डन एरिया में इस्तेमाल के लिए चालू किया गया है जिस पर पैदल यात्री आवा जाही कर रहे हैं। ध्रुव ने यह भी बताया कि टीम अब देवी पार्वती को समर्पित कमल के आकार के मंदिर पर काम कर रही है। गांधी ने कहा कि मोदक के आकार वाले गुम्मद को बनाना बहुत आसान नहीं था, इसके बावजूद टीम ने 10 दिन के समय में यह काम सिर्फ 6 घंटे में पूरा कर लिया था।

### दूध का सबसे ...

यह क्षेत्र विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। भारत में बीते नौ वर्षों में दुग्ध व डेयरी उत्पादों के उत्पादन और खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में भारत दुनिया में दूध का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला देश है, जो कि वैश्विक दूध उत्पादन में 24 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले नौ सालों के भीतर देश में दूध उत्पादन में 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जहां देश में 2013-14 में 137.7 मिलियन टन दूध का उत्पादन होता था, वहीं 2021-22 में यह आंकड़ा बढ़कर 221.1 मिलियन टन हो गया। यही नहीं, इस क्षेत्र के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों का नतीजा है कि 9 सालों में दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में 1.5 गुना वृद्धि हुई है। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 2013-14 में 303 ग्राम प्रति दिन से बढ़कर साल 2021-22 में 444 ग्राम प्रति दिन हो गई। आंकड़ों की मानें तो 15 मार्च 2023 तक राजस्थान देश का सर्वाधिक दूध उत्पादक राज्य है। राजस्थान देश के कुल दूध उत्पादन में 15.05 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में डेयरी क्षेत्र का बड़ा योगदान रहा है। सरकार ने अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से डेयरी फार्मिंग के बुनियादी ढांचे को सुविधाजनक बनाया है। केंद्र सरकार, डेयरी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने के लिए डेयरी प्रसंस्करण और बुनियादी ढांचा विकास निधि, किसानों को पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता प्रदान करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। सरकार द्वारा दूध उत्पादन को बड़ावा देने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन लॉन्च किया गया है। इस प्रकार भारत सरकार डेयरी सेक्टर को किसानों के लिए लाभदायक बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **त्रयोदश अध्याय**

**(गुरु-वंदना)**

**जगत गुरु अधिकार में, दीन्हों मोहर छाप।**
**स्वीकृत ासधू भेष का, युक्ति भेद दिय आप॥ 09॥**

**शब्दार्थ :** (जगत गुरु) संसार का गुरु (अधिकार) स्वामित्व, प्रभुत्व (मोहर छाप) मोहर का चिह्न, प्रमाणित चिह्न (स्वीकृत) स्वीकार कर, (भेष) मत (युक्ति) उपाय।

**भाष्य :** मुझे संतमत का साधु स्वीकार कर जगतगुरु का अधिकार दे, मोहर छापकर प्रमाणित करके अपनी आध्यात्मिक सद्‌युक्ति के भेद-रहस्य को प्रदान किया।

**त्रिकालज्ञ सर्वज्ञ हो, महिमा अपरमपार।**
**बिघ्न बहुत परचार में, किमि बोधों संसार॥ 10॥**

**शब्दार्थ :** (त्रिकालज्ञ) तीनों काल का ज्ञान रखने वाले (सर्वज्ञ) सर्वज्ञाता (महिमा) गौरव (अपरम्पार) जिसका पार न हो (विघ्न) बाधा (बोधों) ज्ञान।

**भाष्य :** हे गुरुदेव! आप तीनों काल के ज्ञाता, सर्वज्ञा हैं। आपकी महिमा अपार है, परंतु ब्रह्मविद्या प्रचार में अनेक प्रकार की बाधाएं हैं, इसलिए किस प्रकार संसार को ज्ञान दिया जाय?

# बरपेटारोड : एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में बदमाशों ने की गोलीबारी

## स्थानीय लोगों ने एक बदमाश को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**बरपेटा ( हिंस )।** बरपेटा जिला के बरपेटा रोड इलाके में स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआई) के ग्राहक सेवा केंद्र में लूट के इरादे से आये दो बदमाशों में से एक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा की गयी पिटाई के चलते गंभीर रूप से घायल बदमाश को इलाज के लिए बरपेटा मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बीती रात बपेटा रोड इलाके में लूट के इरादे से आए दो बदमाशों ने गोलीबारी की। गोलीबारी की घटना बरपेटारोड में सब्जी मंडी के पास शक्ति नगर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई। एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में आए दो बदमाश पैसे निकालने आए थे। दो बदमाशों के एक समूह ने पैसे लूटने के प्रयास में एसबीआई के सीएसपी सेंटर पर गोलीबारी की। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से एक बदमाश को पकड़ लिया गया। भीड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बदमाश की पहचान कामरूप (ग्रामीण) जिला के हाजो के पास अदाबाड़ी गांव के फजल अली के रूप में हुई है। गोलीबारी की घटना से बरपेटा रोड शहर में अफरा-तफरी मच गई। शाह आलम ग्राहक सेवा केंद्र का मालिक बताया गया है। बदमाशों ने बैग से लगभग 3 लाख रुपए लूटने की कोशिश की, जबकि शाह आलम अपने एक अन्य साथी के साथ केंद्र बंद कर रहा था। हालांकि, शाह आलम और साथी ने बहादुरी से फजल अली नामक एक बदमाशों को पकड़ने में कामयाब रहे। बदमाश साथी के पकड़े जाने के तुरंत बाद, दूसरे बदमाश ने गोली चला दी। हालांकि लोगों की बढ़ती भीड़ को देख बदमाश पल्सर बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। बरपेटा रोड पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, गिरफ्तार बदमाश को शुरू में बरपेटा रोड एफआरयू में भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने बदमाश को बेहतर इलाज के लिए बरपेटा मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में रेफर कर दिया। बदमाश का इलाज फिलहाल बरपेटा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।



## रंगिया शहर में सड़क हादसा 20 यात्री घायल

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के रंगिया शहर में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। हादसा स्कूल बस और यात्री बस के बीच टक्कर के चलते हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बरपेटा जा रही एक बस रंगिया के चर्च पब्लिक स्कूल के एक खाली बस से टकरा गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूल बस जैसे ही पहुंची, इसी दौरान गुवाहाटी की तरफ से आ रही एक यात्री बस ने उसे टक्कर मार दी। इससे कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्कूल बस छात्रों को लेने के लिए निकली थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल बस में खराबी के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## एसएसबी ने अवैध भूटानी शराब सह तस्कर को किया गिरफ्तार



**कोकराझाड़ ( हिंस/विभास )।** छठीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), रानीगुली के कार्यवाहक कमाडेंट लोकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज सीमा चौकी सरलपाड़ा के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में अवैध भूटानी शराब को जब्त करने के साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया। एसएसबी सूत्रों ने बताया है कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा चौकी सरलपाड़ा की एक टीम अंतर्राष्ट्रीय भारत-भूटान सीमा पर पीलर संख्या-152/1 से लगभग 100 मीटर की दूरी पर भूटान से भारत की ओर आ रहे नीले रंग की स्कूटी (एएस-16डी-9332) पर एक आदमी को संदेहात्मक तौर पर रोक कर पूछताछ की। तलाशी के दौरान स्कूटी से भूटानी शराब बरामद किया गया। पकड़े गए तस्कर की पहचान कुमार तमांग(39) के रूप में की गई है। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत 57 हजार 440 रुपए आंकी गई है। जब्त किए गए अवैध भूटानी शराब एवं स्कूटी के साथ तस्कर को कस्टम स्टेशन दादगिरी को सौंप दिया गया।

## गुवाहाटी में मलेरिया रोधी माह शुरू

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कामरूप (मेट्रो) जिला मुख्यालय शहर गुवाहाटी में गुरुवार से मलेरिया रोधी माह शुरू हो गया है। साथ ही डेंगू जागरुकता पखवाड़ा भी शुरू किया गया है। मलेरिया रोधी माह का उद्घाटन अतिरिक्त उपायुक्त, स्वास्थ्य विभाग कामरूप (मेट्रो), झरना पाटगिरी और वार्ड नंबर 35 की पार्षद नवीन बोरा ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य विभाग, कामरूप (मेट्रो) के संयुक्त निदेशक डॉ. कंदर्प कुमार दास के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (संक्रामक रोग), पूर्व गुवाहाटी राज्य अस्पताल के प्रभारी अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी (राष्ट्रीय टीकाकरण योजना) और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मलेरिया रोधी माह के अवसर पर जागरूकता बैठकें, रक्त के नमूने एकत्र करना, घर-घर जाकर जांच करना और डेंगू के स्रोत को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपाय भी किए जाएंगे।

## भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा व मारवाड़ी युवा मंच की जल व शरबत सेवा



**होजाई ( निसं )।** निर्जला एकादशी के अवसर पर भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा होजाई शाखा द्वारा राहगीरों को जल एवं शरबत का वितरण किया गया। समाचारों के अनुसार तेलिबस्ती हनुमान मंदिर के प्रांगण में राहगीरों को उक्त सेवा का लाभ मिला। इसके अलावा मंदिर के पास ही स्थित एक स्कूल में भी छोटे-छोटे बच्चों के बीच में भी जल एवं शरबत सेवा प्रदान की गई। उक्त अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष सरिता सरावगी, सचिव मंजू भीमसरिया मोर्चा की सलाहकार बबीता कयाल के अलावा सदस्य राधा सरावगी, नीतू मोर, रेखा भीमसरिया, बबिता शर्मा कबिता सरावगी, निशा कयाल, सुशीला सुराणा, दीपिका शर्मा आदि उपस्थित थी। लोगो ने उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा की। उक्त आशय की जानकारी सरिता सरावगी न दी। वहीं मारवाड़ी युवा मंच होजाई शाखा द्वारा आज जल व शरबत सेवा का कार्यक्रम स्थानीय नया बाजार स्थित सिविल अस्पताल के पास किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी ललित बोड़ा, शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल के अलावा सदस्य आशीष शर्मा, कृष बजाज, मयंक क्याल ने अपनी सेवाएं दी।

## जयंत मल्लबरुवा ने सिलचर के लिए फ्लाई बिग उड़ान सेवाओं को दिखाई हरी झंडी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने गुरुवार को गुवाहाटी-सिलचर-गुवाहाटी के बीच 63 यात्रियों के साथ दूसरी फ्लाई बिग उड़ान सेवा को हरी झंडी दिखाई। फ्लाई बिग उड़ान सेवाएं गुवाहाटी-डिब्रूगढ़-गुवाहाटी और गुवाहाटी-सिलचर-गुवाहाटी के बीच संचालित की जाएंगी। एटीडीसीएल वीजीएफ फंडिंग के माध्यम से फ्लाई बिग का समर्थन करेगा और दोनों क्षेत्रों में उड़ानों का संचालन दोनों पक्षों द्वारा पारस्परिक रूप से तय किया जाएगा। पिछली गुवाहाटी-डिब्रूगढ़-गुवाहाटी फ्लाई बिग सर्विस को 1 मई को हरी झंडी दिखाई गई थी।

## गर्मी से राहत पाने के लिए मेढकी की शादी



**गोलाघाट ( हिंस )।** चिलचिलाती गर्मी ने प्रदेश के लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। जहां हर कोई गर्मी से निजात पाने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं गोलाघाट जिला में गर्मी से राहत पाने के लिए सार्वजनिक रूप से मेढकी की शादी करायी गयी। गोलाघाट के कई लोग पूरे रीति-रिवाज के साथ आयोजित मेढकी की शादी में शामिल हुए। गोलाघाट में होने वाली इस शादी के दौरान विवाह समारोह में महिलाओं द्वारा उरुली एवं जोरानाम आदि के शब्दघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। मेढकी की शादी का आयोजन अतीत की परंपरा को ध्यान में रखते हुए गोलाघाट में किया गया। चिलचिलाती धूप के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेत की मिट्टी में बड़े-बड़े दरार पड़ गए हैं। जिसको लेकर अब किसानों सहित सभी की चिंता बढ़ती जा रही है। इस बीच गोलाघाट के शहरी क्षेत्र के पुराने अमलापट्टी और अठखेलिया के लोगों ने मिलकर बरसात की कामना से मेढकी की शादी का आयोजन किया। अठखेलिया के दूल्हे के साथ गोलाघाट की बूढ़ी अमोलापट्टी दुल्हन की शादी करायी गयी। इस बीच दुल्हा के साथ विवाह समारोह में सैकड़ों बारातियों ने हिस्सा लिया। वहीं बारातियों का कन्या पक्ष की ओर से स्वागत किया गया। असमिया परंपरा के अनुसार, शादी की रश्म बामुनिया पद्धति से की गयी। बारिश हो या न हो, इसकी चिंता किए बिना लोग पुरानी परंपरा का पालन करते हुए मेढकी की शादी का आयोजन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी लोगों में इस आयोजन को लेकर मस्ती नजर आई। ज्ञात हो कि दंत मान्यताओं के अनुसार मेढकी की शादी कराने से बरसात होगा, ऐसी मान्यता है।

## बघान ग्राम पंचायत संख्या 35 के अध्यक्ष के उपचुनाव हेतु अधिसूचना जारी

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज जिला के 4 नंबर लोयाइरपोआ क्षेत्रीय पंचायत के अंतर्गत 35 नंबर बघान ग्राम पंचायत अध्यक्ष के उपचुनाव हेतु आज अधिसूचना जारी की गयी। करीमगंज के जिला एवं निर्वाचन पदाधिकारी ने असम पंचायत अधिनियम, 1995 की धारा 16 के तहत अधिसूचना जारी कर इस उपचुनाव की जानकारी दी। जारी परिपत्र के अनुसार नामांकन पत्र जिला उपायुक्त कार्यालय के भूतल पर कमरा संख्या 14 में प्रखंड विकास पदाधिकारी नेहट हवलाई को परिपत्र जारी होने के दिन अर्थात 1 जून (गुरुवार) से 9 जून (शुक्रवार) को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक जमा करना होगा।

## सीसुब की साइकिल रैली आयोजित




**गुवाहाटी ( हिंस )।** सीमा सुरक्षा बल, गुवाहाटी फ्रंटियर द्वारा आगामी *विश्व पर्यावरण दिवस-2023* के तहत *मिशन लाइफ स्टाइल फॉर इन्वारन्मेंट (लाइफ)* जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। आज साइकिल रैली का शुभारंभ गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक दिनेश कुमार यादव द्वारा झंडा दिखाकर किया गया। यह साइकिल रैली फ्रंटियर मुख्यालय, गुवाहाटी परिसर से शुरू होकर रानी-एक्कोलैंड रोड पर 10 किमी की दूरी तय करने के बाद बीएसएफ परिसर पर आकर संपन्न हुई। उक्त साइकिल रैली में फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी, प्रथम बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), सीमा सुरक्षा बल एयर विंग और कम्पोजिट हॉस्पिटल पटगांव के लगभग 210 अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं सीमा प्रहरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मिशन *लाइफ स्टाइल फॉर इंवारमेंट* (लाइफ) भारत सरकार द्वारा देश की जनता को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता पैदा करने का एक अनुपम प्रयास है जिससे पर्यावरण के संरक्षण में मदद मिलेगी। उन्होंने इसमें हर एक व्यक्ति को जिम्मेदारी पूर्वक पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की अपील की।

## करीमगंज में खाद्य सुरक्षा योजना के लिए जुलाई में चावल का आवंटन

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के जुलाई माह के चावल का आवंटन कर दिया गया है। करीमगंज के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अनुसार यह चावल अंत्योदय अन्न योजना के हितग्राहियों को 35 किग्रा प्रति कार्ड की दर से तथा प्राथमिकता गृहस्थ राशन कार्ड धारकों को नि:शुल्क प्रति व्यक्ति 5 किग्रा वितरण हेतु आवंटित किया गया है। इसमें करीमगंज जिले की खाद्य सुरक्षा योजना के सभी ट्रांसपोर्टरों को भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से निर्धारित मात्रा में चावल एकत्र कर 20 जून तक सभी ग्राम पंचायत सहकारी समितियों और थोक सहकारी समितियों को देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सहकारी समितियों एवं थोक सहकारी समितियों के सचिवों को भी निर्देशित किया गया है कि जुलाई के अंत तक यह चावल ट्रांसपोर्टरों से प्राप्त कर प्रत्येक हितग्राही को नि:शुल्क वितरण की व्यवस्था करें।




## एसएसबी एवं वन विभाग ने भारी मात्रा में जब्त किया अवैध लकड़ी



**कोकराझाड़ ( हिंस )।** छठीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), रानीगुली के कार्यवाहक कमांडेंट लोकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय सीमा चौकी दादगिरी के जवानों ने एवं वन विभाग रुनीखाता के साथ मिलकर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी को जब्त किया है। एसएसबी सूत्रों ने आज बताया है कि बीती रात अंतर्राष्ट्रीय भारत-भूटान सीमा के पीलर संख्या 168 से 135 किमी दूर नाकेधारा के जंगलो में संयुक्त गस्ती अभियान चलाया गया। इस दौरान नाकेधारा जंगल में तीन टैक्टर ट्रॉली पर लदे (रिपोर्ट के अनुसार 300 सीएफटी) लकड़ी को जब्त किया गया। हालांकि, लकड़ी तस्कर मौके से फरार होने में सफल हो गये। एसएसबी एवं वन विभाग ने भारी मात्रा में काटी हुई अवैध लकड़ियों के साथ टैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। जब्त लकड़ी एवं टैक्टर ट्रॉली की आनुमानित कीमत 28 लाख 90 हजार रुपए आंकी गयी है। जब्त अवैध लकड़ी एवं टैक्टर ट्रॉली को रुनीखाता वन विभाग ऑफिस को सौंप दिया गया।

## कामरूप के 35 सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को मिला पेंशन का लाभ

**रंगिया ( विभास )।** कामरूप जिले में 30 मई को सेवानिवृत्त हुए प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के कुल 35 शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन सुविधा प्रदान करने के लिए बृहस्पतिवार को विभागीय स्वीकृति पत्र सौंपे गए। यह कार्यक्रम कामरूप जिले के एकीकृत उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें कामरूप जिले के स्कूल निरीक्षक अपूर्ब ठाकुरिया ने समारोह में भाग लिया और सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह कामरूप शिक्षा विभाग की पारदर्शी पहल है। साथ ही इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से सेवानिवृत्ति के दौरान शिक्षा व्यवस्था से जुड़े रहने का भी आग्रह किया। बैठक में आमंत्रित अतिथि के रूप में पूब कामरूप महाविद्यालय के असमिया विभाग के सेवानिवृत्त प्रमुख अध्यापक खगेन तालुकदार ने भाग लिया तथा उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से जुड़े रहने और ज्ञान के प्रकाश से समाज को रोशन करने का आग्रह किया। बैठक को सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी रॉबिन पाठक ने संबोधित किया और सेवानिवृत्त शिक्षकों से स्वैच्छिक रूप से कामरूप की वेस्पा योजना के अधीन अपनी सुविधा के अनुसार विद्यालयों में सेवाएं प्रदान करने आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख शिक्षाविद् परेश वैश्य ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से कामरूप की *वेस्पा* योजना के तहत अपनी सुविधानुसार स्कूलों में सेवा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कुछ सरकारी पेंशनभोगी शिक्षक निजी स्कूलों में सेवाऐ देना चाहते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से सरकारी स्कूलों में सेवा देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी सरकार द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। बैठक में कामरूप जिले के अधिबिद्या परिषद के सचिव रफीकुद्दीन अहमद सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## आग में खासपुर चाय बागान की रबर फैक्ट्री जलकर खाक

**कछार ( हिंस )।** कछार जिला के खासपुर में अचानक लगी आग के चलते इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। कछार के खासपुर चाय बागान की रबर फैक्ट्री बीती लगी भयावह आग में जलकर पूरी तरह से राख हो गई। रात में रबर फैक्ट्री में चाय बागान के कर्मचारियों ने आग की लपटें उठती देखी। पल भर में आग की लपटों ने फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## नगरबेड़ा में धूमधाम से मना दादा-दादी दिवस



**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के नगरबेड़ा स्थित निजी क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान शंकरदेव शिशु निकेतन में आज एक दिवसीय कार्यक्रम के साथ कका आईता दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों में दादा-दादी से संबंधित कविता पाठ, समूह नृत्य, दादी के नाम आदि लागू किए गए। दादा-दादी भी पोते-पोतियों के साथ-साथ उनकी बातों से मौजूद सभी लोगों का मन मोह लियां। स्कूल परिसर में प्रबंध समिति के अध्यक्ष नृपेन कलिता की अध्यक्षता में हुई बैठक में लगभग 200 दादा-दादी को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने कहा कि यह आयोजन दादा-दादी के सम्मान को दर्शाने और पोते-पोतियों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए।

## ग्वालपाड़ा : देह व्यवसाय में लिप्त पांच लोग गिरफ्तार

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिला शहर के कुछ होटलों में कथित तौर पर रात में देह व्यापार का धंधा चलने का आरोप लग रहा है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि पुख्ता जानकारी के आधार पर पुलिस ने बीती रात ग्वालपाड़ा शहर के दोस्तीनगर में होटल फर सीजन पर छापा मारा। इस कार्रवाई में नारी देह व्यवसाय के संदेह में पुरुष, महिला एवं होटल के मालिक समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से पुलिस टीम आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद करने में भी सफल हुई। शिकायत के मुताबिक होटल में नारी देह व्यवसाय का कारोबार काफी समय से चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर होटल मालिक सहित पांच पुरुषों और महिलाओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो महिलाओं और तीन पुरुषों को हिरासत में लिया है। इस बीच पुलिस कार्रवाई के दौरान सैकड़ों लोग जमा हो गए और लोगों ने देह व्यापारियों का अड्डा बन चुके होटल को बंद करने की मांग को लेकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि असम के साथ-साथ मेघालय के अलग-अलग हिस्सों से भी कई युवक-युवतियां होटल में आती हैं।


**NITNo.RKDI/TN/2021/163**

**SHORT NOTICE INVITING E-TENDER**

The Executive Engineer, Rangia-Kamalpur Division (Irrigation), Rangia on behalf of Governor of Assam invites online bids for the works of **“CONSTRUCTION OF DHEPARGAON MDTWS (2 POINTS) AT RANGIA LAC UNDER RIDF-XXVIII OF NABARD FOR THE YEAR 2022-23” amounting to Rs. 57.41517 Lakhs** (Approx) under Kamrup Circle (Irrigation), Rangia from the registered contractors/firms of Irrigation Department. Details may be seen at website http://assamtenders.gov.in and also in the office of the undersigned during office hours from 02.06.2023 to15.06.2023 upto 01:00 PM.

**Special Terms & Condition:-**

1. BID value quoted beyond 10% below the Tender value will be rejected.
2. The Accepting Authority reserves the right to accept or reject any or all tender without assigning any reason thereof.
3. The Accepting Authority is not bound to accept lowest tender rate.
4. All bidders are requested to visit the work site before participating in the tender.

Sd/-
Executive Engineer
Rangia-Kamalpur Division (Irrigation)
Rangia

*-- Janasanyog /C/3649/23*

# भारत-नेपाल में सात करार पर हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री मोदी बोले रिश्तों को हिमालय जितना ऊंचा ले जायेंगे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के संबंधों को हिट बताया और कहा कि हम अपने रिश्तों को हिमालय जितनी ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से गुरुवार को मुलाकात की। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया। दोनों नेताओं की उपस्थिति में भारत और नेपाल के बीच समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच विभिन्न परियोजनाओं के ग्राउंडब्रेकिंग व उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इससे सीमा पार कनेक्टिविटी तथा लोगों, वस्तुओं और ऊर्जा की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा। इसमें रेलवे लाइन के कुर्था-बिजलपुरा खंड को सौंपना, बथनाहा (भारत) से नेपाल सीमा शुल्क यार्ड तक एक भारतीय रेलवे कार्गो ट्रेन का उद्घाटन, नेपालगंज (नेपाल) और रूपईडीहा (भारत) में आईसीपी का उद्घाटन, भैरहवा (नेपाल) और सोनौली (भारत) में आईसीपी का ग्राउंडब्रेकिंग समारोह, मोतिहारी-



अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन के तहत दूसरे चरण की सुविधाओं का ग्राउंडब्रेकिंग समारोह शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों देश सीमा और अन्य सभी मुद्दों का समाधान करेंगे। साथ ही सांस्कृतिक, धार्मिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए रामायण सर्किट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में तेजी लाई जाएगी। हम भारत और नेपाल के बीच ऐसे जुड़ाव को विकसित करेंगे कि हमारे बीच की सीमाओं को बाधा नहीं बनने देंगे। दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौता हुआ है। इससे अगले 10 सालों में भारत नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करेगा।

उन्होंने कहा कि नौ साल पहले उन्होंने दोनों देशों के बीच हिट का फारमुला दिया था। इसका अर्थ है एचः हाईवे, आईः आई वे और टीः ट्रांसवे है। आज नेपाल के पीएम और मैंने अपनी साझेदारी को भविष्य में सुपरहिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। ट्रांजिट समझौतों पर आज हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने भौतिक संपर्क बढ़ाने के लिए नए रेल संपर्क स्थापित किए हैं। भारत और नेपाल के बीच आज दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता हुआ है। इससे हमारे देशों के बिजली क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। भारत और नेपाल के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच वित्तीय संपर्क को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नेपाल से भारत आने वाले पर्यटकों, मरीजों, शिक्षार्थियों को लाभ मिलेगा। दोनों देशों के बीच तेल पाइपलाइन को विस्तार दिया जा रहा है। एक नई पाइपलाइन भी प्रस्तावित की गई है। प्रधानमंत्री ने प्रचंड को उनकी आगामी उज्जैन और इंदौर यात्रा के लिए भी शुभकामनाएं दीं। दूसरी ओर नेपाली प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत-नेपाल संबंधों में हुई प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी चौथी यात्रा है। हमने अपने संबंधों को मजबूत करने को लेकर आज चर्चा की है। इसमें व्यापार, संपर्क और अन्य जुड़ाव शामिल हैं। साथ ही उन्होंने भारत के सहयोग से नेपाल को बांग्लादेश तक बिजली निर्यात करने की सुविधा प्रदान किए जाने का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। उन्हें उम्मीद है कि वहां के कृषि उत्पादों को भारत के बाजारों में आसान पहुंच मिलेगी।

# जीडीपी आंकड़ों ने खोली 'नफरत के बाजार' के झूठ की पोल : रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश की मजबूत 7.2 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भारत की विकास यात्रा के खिलाफ निराशावाद, घृणा और अविश्वास का बाजार फैलाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कथित नफरत के बीच प्यार का संदेश फैलाने का राहुल गांधी का दावा महज एक छलावा है। राहुल की प्राथमिकता तो केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास के खिलाफ नफरत फैलाना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ 7.2 प्रतिशत है जोकि विशेषज्ञों के अनुमान से अधिक है। उन्होंने कहा कि जीडीपी के आंकड़ों ने राहुल गांधी के नफरत के बाजार के झूठ का पदार्फाश कर दिया है। रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के एक पुराने वायरल वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि इसमें वह (राहुल गांधी) आरबीआई के पूर्व गवर्नर के साथ बातचीत के दौरान दावा कर रहे थे कि भारत का निर्यात धीमा हो रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में, भारत ने रिकॉर्ड 770




बिलियन अमरीकी डालर का निर्यात दर्ज किया, जो अब तक का सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि मैं आपके (राहुल गांधी) दावे का जवाब देना चाहता हूं कि आप नफरत के माहौल में प्यार और स्नेह फैलाना चाहते हैं। लेकिन आप निराशावाद का बाजार क्यों फैला रहे हैं और भारत की विकास गाथा में विश्वास की कमी का खुला प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं। रविशंकर ने कहा कि भारत आज गरीबों, उपेक्षितों, वंचितों, किसानों, उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर की चिंता करने वाला देश है। भारत का सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी आर्थिक विकास है। जो प्रायोजक विशेषज्ञ हैं, उनके सारे प्रिडिक्शन गलत साबित हुए। राहुल गांधी जी अगर आपको उचित लगे तो इन रिपोर्ट्स को खुले मन से पढ़िए और भारत के बारे में नफरत का बाजार फैलाना बंद कीजिए। उन्होंने कहा कि विदेशों में भारत की प्रतिभा और भारत की छवि को बदनाम करना राहुल गांधी ने अपना लक्ष्य बना रखा है। जो लंदन में कहा, सिंगापुर में कहा, जर्मनी में कहा वहीं अमेरिका में कह रहे हैं। राहुल गांधी को देश न सुनता है और न सुनेगा। भाजपा नेता ने कहा कि आज भारत की नई ससंद की वास्तुकला की दुनियाभर में प्रशंसा हो रही है और राहुल गांधी ने उसे अहंकारी का स्मारक बताया। ये उनकी नफरत है और वह ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। भारत की नई संसद का इस तरह से तिरस्कार करना इंस्टीट्यूशन का अपमान है। चुनाव आयोग, सीवीसी, सीएजी के खिलाफ घटिया बातें करने इंस्टीट्यूशन का अपमान है और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर दवाब की बात करना भी इंस्टीट्यूशन का अपमान है।

# बिल्डर के दिवालिया होने पर भी होगी रजिस्ट्री

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केंद्र सरकार जल्द ही दिवालिया कानून में संशोधन करने जा रही है। पिछले वर्षों में रियल स्टेट के रेजिडेंशियल और कामर्शियल प्रोजेक्ट के बिल्डरों ने, अपने आपको दिवालिया घोषित कर दिया है। जिसके कारण लाखों निवेशक परेशान होकर घूम रहे हैं। बैंकों द्वारा भी रेजिडेंशियल और कमर्शियल लोन व्यक्तिगत स्तर पर दिया जाता है। दिवालिया होने की दशा में इनकी रजिस्ट्री रुक जाती है। उन्हें फ्लेट और स्पेस भी नहीं मिलता है। ब्याज उल्टा भरने पड़ता है। बैंकों का पैसा भी फस जाता है। वहीं निवेशक को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जिस फ्लैट के लिए उन्होंने कर्ज लिया था। वह भी नहीं मिला, जहां रहते हैं,वहां का किराया देना पड़ता है। जिससे लोगों में गुस्सा बढ़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार जल्द ही नेशनल कंपनी लॉ




ट्रिब्यूनल और रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी को कुछ अधिकार देने पर विचार कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिवालिया प्रोजेक्ट में जिन निवेशकों का पैसा लगा है। जिन्होंने रेजिडेंशियल एवं कमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश किया है। उनकी रजिस्ट्री के अधिकार संबंधित अथॉरिटी को दिए जाएं। होम बायर्स इन सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत वित्तीय लेनदार भी है। ऐसे में अगर कोई बिल्डर दिवालिया हो जाता है। तो उसमें होमबायर्स का भी हिस्सा होता है। ऐसे मामलों में उनकी रजिस्ट्री करने के अधिकार दिए जाने पर केंद्र सरकार विचार कर रही है। ताकि बैंकों और छोटे निवेशकों को नुकसान से बचाया जा सके। वहीं रजिस्ट्री शुरू हो जाने से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होगा।

# साहिल से दोस्ती के बारे में माता पिता को थी जानकारी समझाने पर भी नहीं मानती थी बेटी

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में सिरफिरे आशिक के हमले में मारी गई 16 साल की लड़की ने आरोपित साहिल के बारे में अपने घर में काफी कुछ बताया था। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता जनकराज के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में जनकराज ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। परिवार में पत्नी व दो बच्चे है। पिता ने बताया कि साक्षी की करीब एक साल से साहिल से दोस्ती थी। उन्होंने ने कई बार बेटी को समझाने की कोशिश की, लेकिन साहिल से मिलने से मना करने पर वह नाराज होकर अपनी सहेली नीतू के पास चली जाती थी। कभी-कभी तो एक हफ्ते से भी ज्यादा दिन तक वापस नहीं आती थी। पीड़िता के पिता ने उसे कई बार समझाया कि उसकी अभी पढ़ने-लिखने की उम्र है, साहिल के चक्कर में न पड़े, लेकिन वह घर में



किसी की एक न सुनती थी। पीड़ित लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके लाख समझाने के बावजूद लड़की उनकी बात नहीं मानती थी और साहिल से मिलती थी। लड़की बार-बार भाग कर अपनी सहेली के पास चली जाती थी। आशंका है कि वह सहेली के पास इसीलिए भाग जाती थी, ताकि साहिल से मिलने में घर वाले बाधा ना बन सकें। वहीं घटना वाले दिन नीतू ने ही घर आकर बताया था कि साहिल ने साक्षी की हत्या कर दी है। फिलहाल पुलिस नीतू से भी पूछताछ कर रही है।

# दो हजार रुपये के नोट मामले में सुप्रीम कोर्ट का जल्द सुनवाई से इनकार

**अजय कुमार**

**- अवकाशकालीन बेंच ने कहा, ग्रीष्मावकाश के बाद चीफ जस्टिस से सुनवाई का आग्रह किया जाए**


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दो हजार रुपये के नोट बिना किसी पहचान पत्र के बदलने के रिजर्व बैंक के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वो ग्रीष्मावकाश के बाद चीफ जस्टिस से सुनवाई का आग्रह करें। इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने 29 मई को याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रिजर्व बैंक की ओर से पेश वकील पराग त्रिपाठी ने कहा था कि ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और इस याचिका को जुमार्ने के साथ खारिज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि ये नोटबंदी नहीं है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का



हवाला देते हुए कहा था कि कोर्ट को आर्थिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर याचिका में मांग की है कि दो हजार रुपये के नोट बदलने वाले का नाम और पहचान पत्र लिये बिना ये नोट जमा नहीं किए जाने चाहिए, ताकि काला धन रखने वालों की पहचान हो सके। याचिका में कहा गया है कि रिजर्व बैंक का नोटिफिकेशन संविधान की धारा 14 का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया था कि दो हजार रुपये के नोट को बिना किसी मांग पर्ची और पहचान प्रमाण के जमा करने की अनुमति देना मनमाना, तर्कहीन और भारत के संविधान की धारा 14 का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि रिजर्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक को निर्देश दिया जाए कि दो हजार के नोट किसी अन्य बैंक खाते की बजाय संबंधित बैंक खातों में ही जमा किए जाएं, ताकि काला धन और आय से अधिक संपत्ति रखने वाले लोगों की पहचान की जा सके। याचिका में भ्रष्टाचार, बेनामी लेनदेन को खत्म करने और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए केंद्र को काले धन और आय से अधिक संपत्ति धारकों के खिलाफ उचित कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

# मुंबई के जेजे अस्पताल में 750 रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**मुंबई, (हि.स.)।** जेजे अस्पताल में 750 रेजिडेंट डॉक्टरों ने गुरुवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसका असर यहां स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे मरीज बेहाल हैं। दूसरी ओर, अस्पताल की प्रमुख डॉ. पल्लवी सापले ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है। हड़ताली डॉक्टरों की नाराजगी खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, जेजे अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने बुधवार को डॉ. तात्याराव लहाने तथा डॉ. रागिनी पारेख के विरुद्ध शिकायत की थी। इस पर नेत्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. रागिनी पारेख, वरिष्ठ डॉ. तात्याराव लहाने, डॉ. शशि कपूर, डॉ. दीपक भट, डॉ. सैली लचने, डॉ. प्रीतम सामंत, डॉ. स्वर्णजीत सिंह भट्टी, डॉ. अश्विन बाफना और डॉ. हेमालिनी मेहता ने बुधवार शाम को इस्तीफा दे दिया था। रेजिडेंट डॉक्टरों ने अपनी शिकायत में कहा है कि छह माह पुराने डॉक्टरों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करने दिया जाता है, जबकि नए डॉक्टरों को भी शामिल




किया जाना चाहिए। डॉ. तात्याराव लहाने ने कहा कि नियमानुसार तीन साल पुराने डॉक्टरों को ही मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने का अधिकार है। रेजिडेंट डॉक्टरों की शिकायत के बाद जेजे अस्पताल की प्रमुख उनकी बात सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए अब काम करना मुश्किल हो गया है, इसी वजह से हम सभी नौ डाक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। जेजे अस्पताल की प्रमुख डॉ. पल्लवी सापले ने कहा कि उनके कार्यालय में किसी भी डॉक्टर का इस्तीफा नहीं पहुंचा है। नेत्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. रागिनी पारेख का 15 दिनों के अवकाश पर रहने का आवेदन उनके कार्यालय में आया है। रेजिडेंट डाक्टरों की शिकायत की अभी जांच जारी है। वह सभी को समझाने का प्रयास कर रही हैं। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर फिलहाल कोई असर नहीं हुआ है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने जेजे अस्पताल के डॉ. तात्याराव लहाणे और नेत्र विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. रागिनी पारेख पर कार्रवाई के लिए आज सुबह से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इससे आज सुबह से ही जेजे अस्पताल में मरीजों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल का असर मुंबई सहित राज्य के अन्य अस्पतालों में होने की संभावना है।

# बारामूला से लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**बारामूला (हि.स.)।** बारामूला जिले के वारपोरा के क्रीरी इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के दो सहयोगियों को नाके के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों से हथियारों और गोला-बारूद बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार एसओजी, सेना और एसएसबी की टीम ने क्रीरी इलाके में नाके के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। सुरक्षाबलों ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से दो पिस्तौल, दो पिस्टल मैगजीन और 15 जिंदा राउंड



बरामद हुए। इनकी पहचान सुहैल गुलजार और वसीम अहमद पारा के रूप में हुई है। दोनों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने की बात स्वीकारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दोनों को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनसे पूछताछ की जाएगी।

# सुलह की कोशिश के बीच पायलट ने गहलोत पर फिर किया हमला

**नौजवानों को इंसाफ दिलाने की बात पर समझौता नहीं**

**टोंक (ईएमएस)।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने टोंक जिले के दौरे के दौरान फिर से सीएम अशोक गहलोत सरकार पर हमला किया है। सीएम गहलोत और पायलट में सुलह के दावे और दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के बाद टोंक पहुंचे पायलट के बयान का सभी को इंतजार था। गहलोत-पायलट में सुलह के दावों के बीच पायलट ने कहा कि नौजवानों को इंसाफ दिलाने की बात पर समझौता संभव नहीं है। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस ने हमेशा नौजवानों को प्रोत्साहित कर राजनीति और अन्य क्षेत्रों में आगे आने का मौका दिया है। नौजवानों के साथ कुछ भी गलत होता है, तब पार्टी हमेशा खिलाफ रही है। इसके बाद भ्रष्टाचार और नौजवानों के भविष्य को लेकर समझौता संभव नहीं है। आलाकमान के साथ बैठक पर पायलट ने कहा कि दिल्ली में मैंने जो मांगे रखीं उसका संज्ञान पार्टी को है। पायलट ने कर्नाटक नतीजों के बहाने बीजेपी पर निशाना साधकर कहा कि कर्नाटक में बीजेपी का जो हाल हुआ वह हम सभी ने देखा है। डबल इंजन के नाम पर झांसा देने वाली बीजेपी सरकार का इंजन सीज होना शुरू हो गया है। कर्नाटक में बीजेपी की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने आरोप लगाए और हमारे आरोपों पर जनता ने मोहर लगा दी। राजस्थान बीजेपी विपक्ष की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं है। साढ़े 4 साल में सदन के अंदर और सदन के बाहर बीजेपी ने मजबूत विपक्ष का प्रमाण नहीं दिया। प्रभावशाली विपक्ष लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन बीजेपी की आपसी खींचतान के कारण जनता बीजेपी से उम्मीद खो चुकी है। इसलिए प्रधानमंत्री बार-बार राजस्थान आकर उम्मीद जगा रहे हैं, लेकिन इससे पार पड़ने वाली नहीं है। लोगों की समस्याओं को सुनकर जरूरत के हिसाब से आगामी दिनों में सड़क, स्कूल, अस्पताल बनाने के लिए करोड़ों रुपए की घोषणाएं की हैं। टोंक शहर में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पायलट ने कहा कि नौजवानों के लिए बात नहीं रखूंगा, तब नौजवानों के मन से उम्मीद खत्म हो जाएगी।

पेपर लीक और परीक्षा रद्द हमारी प्राथमिकता में नहीं तब हमारी प्राथमिकता में क्या है? किसी को समझना नहीं चाहिए की मैंने अपनी बात रखकर छोड़ दी है।

# दिल्ली आबकारी घोटाले में आरोपित शरद चंद्र रेड्डी बने सरकारी गवाह

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित शरद चंद्र रेड्डी की सरकारी गवाह बनने की अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट ने शरद रेड्डी को सरकारी गवाह बनने के बाद माफी भी दे दी। शरद रेड्डी ने ईडी के मामले में सरकारी गवाह बनने की अर्जी दाखिल की थी। इसके पहले कोर्ट आबकारी घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे चुका है। अरोड़ा को भी कोर्ट ने सशर्त माफी दे दी है। ईडी ने आज कोर्ट को बताया कि मामले के सभी आरोपितों को चार्जशीट की कॉपी दी गई है। कोर्ट में मनीष सिसोदिया के वकील ने कोर्ट से शिकायत की कि पिछली बार पेशी के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। सिसोदिया की गर्दन पकड़कर पुलिस लेकर गई, जब वो मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे थे। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह सिसोदिया से पूछेंगे कि क्या पिछली पेशी पर उनके साथ कोई दुर्व्यवहार किया गया था। सिसोदिया के वकील




ने कहा कि कोर्ट को सीसीटीवी फुटेज भी मांगकर देखनी चाहिए। इसके बाद स्पेशल जज एम के नागपाल ने सिसोदिया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूछा कि क्या आपको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाए। तब सिसोदिया ने कहा कि मैं फिजिकली कोर्ट में पेश होना चाहता हूं। दरअसल दिल्ली पुलिस ने अर्जी दायर कर सिसोदिया की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कराने की मांग करते हुए कहा कि सिसोदिया की पेशी के दौरान भीड़भाड़ ज्यादा हो जाती है, जिससे सुरक्षा को खतरा रहता है। सिसोदिया की ओर से पेश वकील ने पिछली सुनवाई में हुई पेशी की सीसीटीवी फुटेज कोर्ट में पेश करने और उसे संरक्षित रखने की मांग की। कोर्ट ने उस दिन की सिसोदिया की पेशी के दौरान की सीसीटीवी फुटेज संरक्षित रखने और अगली तारीख पर पेश करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई में भी मनीष सिसोदिया को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए पेश किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि जो दिल्ली पुलिस की अर्जी सुरक्षा को लेकर दाखिल की गई है, जब तक कोर्ट कोई फैसला नहीं ले लेता तब तक सिसोदिया को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए ही पेश किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।

# पंजाब के मुख्यमंत्री ने केंद्र को लौटाई जेड प्लस सुरक्षा

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर जेड प्लस सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है। भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब पुलिस उनकी सुरक्षा में पूरी तरह सक्षम है। केंद्र सरकार ने सुरक्षा का हवाला देते हुए पिछले दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की थी। जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बाद भगवंत मान विपक्ष के निशाने पर भी थे। पंजाब में विपक्षी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी की सरकार को अतिरिक्त सुरक्षा के मुद्दे पर घेरा जा रहा था। इस बीच भगवंत मान ने गुरुवार को गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर जेड प्लस सुरक्षा वापस लेने का आग्रह किया है। भगवंत मान ने यह कार्यवाही केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में अधिकारों के मुद्दे पर अध्यादेश जारी करने के विरोध में की है। भगवंत मान ने पत्र में लिखा है कि पंजाब पुलिस उनकी सुरक्षा में पूरी तरह से सक्षम है। वह पंजाब पुलिस के कर्मचारियों को ही अपने साथ रखना चाहते हैं।

# वायुसेना का किरण ट्रेनर विमान कर्नाटक में दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट सुरक्षित

**- दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कर्नाटक में चामराजनगर के मकाली गांव के पास गुरुवार को भारतीय वायुसेना का एक किरण ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में एक महिला और एक पुरुष पायलट थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। भारतीय वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। यह दुर्घटना नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई। वायुसेना ने एक बयान में बताया है कि एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान भारतीय वायुसेना का एक सूर्य किरण प्रशिक्षण विमान कर्नाटक के चामराजनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना से पहले एक महिला पायलट सहित दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। इस समय किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आगे के ब्यौरे की प्रतीक्षा है।

**पहले भी हुई हैं दुर्घटनाएं** - ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जब सूर्य किरण एयरक्राफ्ट इस तरह से हादसे का शिकार हुआ हो। बेंगलूरु में




2019 में एयर शो से एक दिन पहले फाइनल प्रैक्टिस के दौरान दो सूर्य किरण विमान आसमान में आपस में टकरा गए।

इस हादसे में एक पायलट की मौत हो गई थी। इससे पहले 18 मार्च, 2006 में बीदर एयरफोर्स स्टेशन के पास एक सूर्यकिरण विमान हादसे का शिकार हो गया था। इस दौरान दो पायलट घायल हो गए थे। बीजू पटनायक एयरपोर्ट पर 23 दिसंबर, 2007 में मिलिट्री ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट एचजेटी-16 किरण हादसे का शिकार हो गया था। इसमें पायलट समय रहते बच निकला था। 21 जनवरी, 2009 को बीदर एयरफोर्स स्टेशन के पास एक हादसे में विंग कमांडर घायल हो गए थे।

**सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम** - सूर्य किरण वायुसेना की एयरोबैटिक टीम है, जिसका गठन 1996 में किया गया था। यह टीम एयरफोर्स की 52वीं स्क्वाड्रन का हिस्सा थी। इस टीम ने कई जगहों पर अपने करतबों से सभी को मंत्रमुग्ध किया है। सूर्य किरण टीम का हिस्सा बने लाल रंग के विमान एयर शो के दौरान आसमान में तीन रंगों का धुंआ छोड़ते हुए दिखाई देते हैं। इसके अलावा यह आसमान में दिल और तीर का निशान भी बनाते हैं। इनके करतब का टाइम एयर शो की जगह के हिसाब से तय होता है, जो करीब दस से बीस मिनट की होती है। एयर शो के पहले हॉफ में सभी विमान एक साथ फोर्मेशन को अंजाम देते हैं, जबकि दूसरे हॉफ में यह टुकड़ों में बंट कर अलग अलग फोर्मेशन बनाते हैं। सूर्य किरण टीम एक वर्ष के अंदर करीब 30 एयर शो करती है। इस दौरान इसके नौ विमान आसमान में करतब दिखाते हुए तीन-तीन के दल में अलग-अलग फोर्मेशन बनाते हैं। इस दौरान इनकी स्पीड 150 से 650 किमी प्रतिघंटे की होती है।

# पहलवानों के समर्थन में उतरी भाकियू ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा



**बिजनौर, (हि.स.)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) बिजनौर ने आन्दोलनरत पहलवानों के समर्थन में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। ज्ञापन में जंतर मंतर पर धरने की अनुमति देने तथा ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की गई है। एडीएम अरविंद सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। भाकियू ने आगे कहा है कि एक नाबालिग पहलवान व अन्य महिला पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह पर चरित्र हनन के गम्भीर आरोप लगाये हैं। जंतर मंतर पर धरनारत इन महिला पहलवानों की केन्द्र सरकार द्वारा कोई सुनवाई नहीं करने पर कोर्ट का सहारा लेना पड़ा, तब जाकर रिपोर्ट दर्ज की गई। कोई कार्यवाही नहीं होने पर किसान संयुक्त मोर्चा काफी चिन्तित है। महामहिम आप भी किसान परिवार से है तथा सभी महिला पहलवान भी ग्रामीण क्षेत्र व किसान परिवारों से ही हैं जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। अब राजनीतिक शक्तिशाली व्यक्ति द्वारा इनका शोषण किया जा रहा है, अतः हम आपसे राष्ट्र प्रमुख होने के नाते आग्रह करते है कि सभी पहलवानों को जंतर मंतर पर धरने की अनुमति दी जाये, महिला पहलवानों के साथ क्रूरता करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये, ब्रजभूषण सिंह को गिरफ्तार कर शीघ्र चार्जशीट प्रस्तुत की जाये। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए, जो पहले गन्ना समिति कार्यालय में एकत्र हुए। वहां से जुलूस निकाल कर सभी कलक्ट्रेट पहुंचे। इसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू ने किया।

# मुख्यमंत्री योगी ने उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भवन का शिलान्यास किया

**- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा प्रबंधन योजना का भी शुभारम्भ किया**
**- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया**



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य आपदा प्रबंधन योजना का शुभारम्भ करने के साथ ही आपदाओं के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के अधिकारियों और जवानों को प्रशस्ति-पत्र भी वितरित किये। आपदा प्रबंधन का यह भवन 1.5 एकड़ क्षेत्रफल में 66.40 करोड़ की लागत में बनेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उप्र में आपदा को न्यूनतम स्तर पर पहुंचाने के लिए पिछले छह वर्षों में जो कदम उठाए हैं, उसके परिणाम हम सबके सामने हैं। 2017 से पहले प्रदेश में आपदा को लेकर बहुत ही खराब स्थिति थी। पहले प्रदेश के लगभग आधे जिलों में बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील और अतिसंवदनशील थे। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद आज पांच से छह जिलों के समक्ष ही बाढ़ बड़ी चुनौती के रूप में है। आज अगर बाढ़ आती है तो लोग सोचते हैं कि सरकार की ओर से राहत का पैकेज भी पहुंच रहा होगा। वन्य जीव के हमले से लेकर डूबने तक को आपदा प्रबंधन में शामिल किया गया है। इससे पीड़ित को राहत के रूप में आर्थिक सहायता दी जा रही है। हर जिले में आपदा प्रबंधन का तंत्र मजबूत किया जा रहा है। हर न्याय पंचायत स्तर पर केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। इससे किसानों को खेती करने में मददगार साबित होगा। सरोजनगरी क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन का यह भवन लोगों में जागरूकता लाने के साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। ताकि आपदा को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जागरूकता पर खास जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीमारी से पहले बचाव ज्यादा कारगर होता है। इसलिए आपदा आने से पहले ही लोग जागरूक हो जाएं, तो नुकसान बहुत कम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें आपदा मित्रों की भी अहम भूमिका हो सकती है। आपदा मित्रों की अब तक 25 जिलों में तैनाती हुई है। इसे सभी 75 जिलों में तैनाती की जाए। नये भवन के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दिए।

# मायावती ने राजस्थान में सौ यूनिट फ्री बिजली की घोषणा को बताया छलावा



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने राजस्थान में कांग्रेस द्वारा सौ यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा को छलावा बताया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को भी घेरते हुए कहा है कि चुनाव नजदीक आते ही ये पार्टियां अनेकों प्रलोभनों व भ्रामक विज्ञापनों आदि छलावे का सहारा ले रही हैं। गुरुवार को मायावती ने दो ट्वीट किये। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा,'राजस्थान में विधानसभा आमचुनाव के नजदीक आते ही वहां की कांग्रेस सरकार द्वारा 500 रुपए में रसोई गैस व 100 यूनिट फ्री बिजली देने आदि की घोषणा स्पष्टतः चुनावी छलावा नहीं तो और क्या है? जबकि बढ़ती महंगाई के मद्देनजर इनको ये कार्य सरकार बनने के प्रारंभ में पांच साल पहले कर देना चाहिए था।' वहीं दूसरे ट्वीट में लिखा, 'राजस्थान की तरह ही जनहित व जनकल्याण कार्यों में विफल रही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस, मध्य प्रदेश की भाजपा व तेलंगाना की बीआरएस सरकार विधानसभा चुनाव के नजदीक अपनी सरकार को बचाने के लिए अनेकों प्रलोभनों व भ्रामक विज्ञापनों आदि के छलावे का सहारा ले रही हैं, जबकि जनता इनसे ऊब चुकी है। उपरोक्त चारों राज्यों की जनता ने इन पार्टियों की सरकार को, चुनावी वादे के मुताबिक, महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन आदि दूर करने एवं राज्य का आपेक्षित विकास करने का भरपूर मौका दिया, किन्तु इन पार्टियों की सरकारों ने जनता के हित की अनदेखी की व उनके साथ विश्वासघात किया।'

# मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम में आएगी तेजी, पच्चीस करोड़ रुपये की स्वीकृति

**लखनऊ, (हि.स.)।** प्रदेश में मोटे अनाज (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम में तेजी आएगी। इसके लिए गुरुवार को सरकार ने 2589 लाख रुपये की स्वीकृति दे दी है। विशेषज्ञ गांवों में जाकर किसानों को इसके फायदे बताएंगे और उन्हें मिलेट्स की बुआई करने के लिए प्रेरित करेंगे। विशेष सचिव ऋषिरेन्द्र कुमार ने कृषि निदेशक को इस संबंध में पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना में प्राविधानित 5560.75 लाख रुपये के सापेक्ष 2589 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इस राशि में कार्यालय व्यय के लिए तीन लाख रुपये, लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई के लिए ढाई लाख रुपये, गाड़ियों के अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद में ढाई लाख रुपये, अन्य व्यय के लिए 2150 लाख, सामग्री एवं सम्पूर्ति के लिए 165 लाख रुपये, कंप्यूटर के लिए 10 लाख रुपये, प्रशिक्षण के लिए यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय में 250 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत वित्तीय नियम और प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि यह धनराशि उसी मद में खर्च होना है, जिसके लिए दिया जा रहा है।

# पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए चार जून को हरियाणा में होगी पंचायत : मनजीत सिंह



**लखनऊ, (हि.स.)।** देश की बेटियों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार न्याय नहीं दे पा रही है। आखिर विवश होकर वह अपना मेडल गंगा में बहाने के लिए तब हरिद्वार गई जब उन्हें दिल्ली में जंतर मंतर से जबरदस्ती हटा दिया गया। जिस दौर में इन बेटियों ने गोल्ड मेडल हासिल किए थे उस समय विदेशों में शान से इन्होंने तिरंगा लहराया और भारत का मान बढ़ाया। उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरियाणा में चार जून का सर्व समाज की पंचायत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने दी। रालोद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी रेसलिंग में अब तक ओलंपिक के साथ कई मेडल जीत चुके हैं। भारतीय पहलवानों के ओलंपिक मेडल जीतने का सिलसिला 2008 में शुरू हुआ था। 2020 के ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान बजरंग पुनिया कहते हैं कि पूरे देश की उम्मीदें हमारे ऊपर टिकी हैं हम ओलंपिक में और मेडल जीतेंगे और हम ऐसा करना चाहते भी हैं, मगर अफसोस की बात है कि हम पिछले 30 दिन से यहां बैठे हैं अब तक हमारी शिकायतों का कोई समाधान नहीं निकला। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि यह किसी सामान्य व्यक्ति के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया होता तो वह व्यक्ति निश्चित रूप से जेल में होता और उसके बाद पुलिस प्रकरण की जांच कर रही होती, लेकिन यहां परिस्थितियां भिन्न हैं। भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को बचाने के लिए सरकार इस हद तक हथकंडे अपना रही है कि एक तरफ जहां कानून की धज्जियां उड़ रही है वहीं दूसरी तरफ न्याय की उम्मीद भी ना के बराबर लग रही है। मनजीत सिंह ने कहा कि चार जून 2023 को गांव मुंडलाना में वह सर्व समाज एक साथ बैठकर देश के मान-सम्मान की लड़ाई में अपनी सहभागिता तय करेगा। देश की बहन-बेटियों के न्याय के लिए आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्व समाज की तरफ से पहलवानों के लिए समर्थन पंचायत का ऐलान हो चुका है। बृजभूषण के अत्याचार व सरकार की तानाशाही से परेशान जंतर मंतर पर बैठी बहन-बेटियों को न्याय दिलाने के लिए हरियाणा में सर्व समाज की तरफ से पहलवानों के लिए समर्थन पंचायत रखी गई है, जिसमें पहलवानों व देश के मान सम्मान को बचाने के लिए आर-पार का फैसला लिया जाएगा। देश की बेटियों को न्याय दिलाने के लिए सभी युवा, बुजुर्ग व महिलाएं ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# सर्वखाप पंचायत में बोले चौधरी, सरकार ने बेटियों को जातियों में बांटा



**मेरठ, (हि.स.)।** महिला पहलवानों के समर्थन में गुरुवार को मुजफ्फरनगर जनपद के सोरम गांव में सर्वखाप पंचायत में सर्वखाप चौधरियों ने मंच से केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। चौधरियों ने एक सुर में कहा कि सरकार ने बेटियों को भी जातियों में बांट दिया है। खिलाड़ियों की कोई जाति नहीं होती। इस लड़ाई को आगे तक लड़ा जाएगा। मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में गुरुवार को सर्वखाप पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत के मंच से खाप चौधरियों ने महिला पहलवानों के मामले में एक सुर में केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि दिल्ली के पुलिस अधिकारी अपनी मयार्दा भूल गए हैं। हमारी बेटियों को भी जातियों में बांट दिया हैं। जब ये विदेश में जीतकर लौटी थी तो क्या आपने इनकी जाति पूछी थी। तब ये देश की बेटियां थी। आज पुलिस के सिपाही इनके सिर पर पैर रखकर खड़े हैं। यह पूरी तरह से निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सर्वखाप समाज खून की बलि देने के लिए तैयार है। हमारी बेटियों को आंखें दिखाने की कोशिश की तो इनकी आंखें नोंच लेंगे। केंद्र सरकार को इस मनमानी का खामियाजा 2024 में भुगतना पड़ेगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि इस मामले में लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी। वे आंदोलनकारी नहीं है। अब आंदोलन समाज लड़ेगा। यह महिलाओं का अपमान है, तिरंगे का अपमान है। हम पूरे देश में जाएंगे। मेरठ के सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान भी सर्वखाप पंचायत में पहुंचे और मंच से महिला पहलवानों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान ने कहा कि इस पंचायत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के खाप चौधरियों ने भाग लिया।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल शनिवार को आएंगे बांदा

**बांदा, (हि.स.)।** भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक तीन जून को बांदा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने बांदा आएंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने यह जानकारी गुरुवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक शनिवार को पूर्वाह्न 10 बजे सर्किट हाउस में सोशल मीडिया वॉलंटियर्स के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद 11 बजे जिला पंचायत सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। प्रेस वार्ता में जनपद के प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके सिंह पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, जनसंपर्क महाअभियान के लोकसभा समन्वयक इंद्रपाल सिंह पटेल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात डॉ. निशंक 11.30 बजे मंडपम हाउस में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# झारखंड के 80 विद्यालयों के नाम के साथ जुड़ेगा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, विरोध तेज

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड की हेमंत सरकार स्कूलों के नाम बदल रही है। इस बदलाव को लेकर विरोध तेज होने लगा है। लोहरदगा में नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलकर डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कर दिया गया। रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास के भी नाम बदले जाने का विरोध हो रहा है। झारखंड सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के नाम के साथ अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जोड़ने की बात की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले दिनों आदेश जारी किया गया था। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, कुछ स्कूलों के नाम बदले गये हैं। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने पर आपत्ति जताई है। नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय की स्थापना आजादी से पहले सन 1931 में की गई थी। स्कूल की स्थापना घनश्याम दास बिड़ला और स्थानीय लोगों ने मिलकर की थी। इस विद्यालय में स्थापना समय से ही हिंदू-मुस्लिम एवं सभी धर्मों के लोग एक साथ आपसी भाईचारे के साथ पढ़ते हैं। तब से इस विद्यालय का नाम नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय रहा है। तत्कालीन बिहार सरकार ने जब स्कूल का अधिग्रहण कर इसे सरकारी विद्यालय के रूप में मान्यता दी तो नाम नहीं बदलने की शर्त पर ही विद्यालय को स्थानीय लोगों ने सरकार को सौंपा था लेकिन अब हेमंत सरकार ने राज्य में 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया है। ऐसे में इन सभी स्कूलों का पुराना नाम हटाकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है। यहां लोगों की मांग ये है कि स्कूल का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया की जगह नदिया हिन्दू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर दिया जाए। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड शिक्षा सचिव से मुलाकात करेगा। पूरे विषय वस्तु की जानकारी देते हुए विद्यालय का नाम ना बदलने का आग्रह उनसे किया जायेगा। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले से सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ अभिभावकों एवं आम जनता में व्यापक जन-आक्रोश है। सरकार द्वारा नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के नाम को बदलकर उत्कृष्ट विद्यालय की सूची में इसे डालकर इसका नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है जो कि बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है।

# बिहार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी दो को आएंगे रांची



**रांची, (हि.स.)।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी दो जून को सेवा विमान से पटना से रांची आएंगे। वे तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने गुरुवार को बताया कि एयरपोर्ट पर जदयू नेता उनका स्वागत करेंगे। चौधरी तीन जून को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। वहां से पूर्वी सिंहभूम के लिए रवाना होंगे और स्थानीय कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। वे चार जून को पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद जिला सरायकेला-खरसावां में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। पांच जून को वे पटना लौट जायेंगे। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।

# दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, उनकी क्षमता को पहचान कर प्रेरित करें : राज्यपाल

**रांची, (हि. स.)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। यह शारीरिक और मानसिक सीमाओं से परे है। वास्तव में कई दिव्यांग व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कौशल और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमें उनमें निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर उनके अनुरूप कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। राज्यपाल गुरुवार को रांची के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति केंद्र के नये भवन का उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वप्रथम 'दिव्यांग' शब्द के उपयोग का सुझाव दिया था। हम इस पहल के लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। हमारे प्रधानमंत्री दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगों ने रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए खेल से लेकर कला, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक में अपनी क्षमता साबित की है। हमने पैरालंपिक में एथलीटों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखा है। उनके दृढ़ संकल्प और अद्वितीय कौशल ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दिव्यांगजनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेंटिंग, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य या कविता के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने सहायता समिति के कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# जनता दरबार में एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद, दिए आवश्यक निर्देश

**बेगूसराय, (हि.स.)।** जन समस्या समाधान के लिए सभी थाना में साप्ताहिक जनता दरबार के साथ एसपी प्रत्येक दिन लोगों की शिकायत सुन रहे हैं। समस्याओं के समाधान का भी निर्देश दिया जा रहा है। गुरुवार को भी पुलिस कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की फरियादें सुनी गयी। एसपी योगेन्द्र कुमार ने एक-एक कर 65 फरियादियों से मिलकर समस्या सुनी। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को जनसमस्या का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। जनता दरबार में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशित प्रिया भी उपस्थित थे। जिन्हें जनता के समस्याओं को निष्पादित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान सभी लोगों की समस्या को लेकर संबंधित थानाध्यक्ष को भी निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रत्येक दिन के अलावा जिला पुलिस कार्यालय में गुरुवार को विशेष रूप से साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

कोई भी लोग जनता दरबार में समस्या से संबंधित आवेदन और जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल मोड और फोन के माध्यम से भी सूचना मिलते ही कार्रवाई किया जा रहा है। बेगूसराय पुलिस का कंट्रोल रूम नंबर 06243-230200, साइबर सेल व्हाट्सएप नंबर 8540036840 एवं सोशल मीडिया सेल मॉनिटरिंग सेल नंबर 6287996684 लगातार क्रियाशील है।

# दस लाख नौकरी देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : तेजस्वी यादव



**पटना, (हि.स.)।** उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को यहां कहा कि राज्य सरकार दस लाख नौकरी देने के वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार में तेजी से इस दिशा में काम हो रहा है। शिक्षकों के 1.7 लाख पदों पर बहाली शुरू हो गई है और अब 2.30 लाख अन्य नौकरियां मिलेंगी। तेजस्वी यादव बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के 245 सहायकों को नियुक्ति पत्र बांटने के दौरान घोषणा की कि 2.30 लाख नई नौकरियां भी दी जाएगी। सभी विभागों में रिक्तियों को भरने को लेकर डेटा मांगा गया है। राज्य में फिलहाल 1.70 लाख शिक्षकों की नौकरी का रास्ता साफ हो गया है। अब 2.30 लाख नई नौकरियों में राज्य के गृह विभाग की ओर से 75 हजार, स्वास्थ्य विभाग की ओर से 01 लाख 60 हजार को नौकरी मिलनी है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को नियुक्ति पत्र दी जा चुकी है और लाखों पदों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। 1.70 लाख शिक्षकों की भर्ती की प्रकिया शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक लाख से ज्यादा पदों पर भर्ती के लिए भी प्रकिया का जी रही है।

तेजस्वी ने केन्द्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग 10 लाख नौकरी के बारे में पूछते रहते हैं लेकिन अपने दो करोड़ रोजगार के वादे पर कुछ नहीं बोलते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा के शुरू किए गए महासम्पर्क अभियान पर तेजस्वी यादव ने कहा कि किसी को भी कहीं आने-जाने का हक है लेकिन जब से हम लोग साथ हैं तब से भाजपा को डर समा गया है कि 2024 में क्या होगा? तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के दिल से डर निकल ही नहीं रहा है। डर निकलेगा या नहीं निकलेगा यह तो देखिए लेकिन देश की जनता 2024 में इन्हें सत्ता से बेदखल कर देगी। दरअसल, भाजपा चाहती है कि इस महीने पीएम मोदी बिहार आएं और यहां रैली करें। इसी पर तेजस्वी ने कहा कि उनके आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भाजपा की 2024 के चुनाव में हार तय है।

# बिहार में जून माह में रहेगी राजनीतिक हलचल, भाजपा-विपक्ष होंगे आमने-सामने

**पटना, (हि.स.)।** बिहार में जून माह राजनीतिक रूप सरगर्मियों वाला माह रहेगा। बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन दल की ओर से 12 जून को देशभर के विरोधी खेमे के नेताओं का जुटान होगा। दूसरी तरफ इस महीने भाजपा भी चार बड़ी रैलियां करने जा रही है, जिसमें एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी शामिल होने की उम्मीद है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विपक्षी एकता की जो मुहिम चलाई गई है उसको लेकर 12 जून को देश के तमाम विपक्षी दलों की बैठक पटना में होने वाली है। सीएम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैठक में शामिल होने के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 11 जून को ही पटना पहुंचेंगी। दूसरी तरफ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा राज्य में चार बड़ी रैलियां करेगी, जिसमें से एक रैली में पीएम मोदी शामिल होंगे और बाकी के रैलियों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहेंगे। भाजपा इन रैलियों के माध्यम से पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल का हिसाब लोगों के बीच देगी और महागठबंधन समेत नीतीश सरकार पर जमकर हमला करेगी। प्रदेश भाजपा के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जून के तीसरे सप्ताह में बिहार दौरे पर आएंगे और पार्टी की एक रैली को संबोधित करेंगे।

रैली का समय और जगह आगे तय किया जाएगा। प्रधानमंत्री के साथ-साथ पार्टी के कई टॉप राष्ट्रीय नेता भी बिहार आएंगे। भाजपा अपने 9 साल पूरे होने के खास मौके पर 30 जून तक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी को लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं का बिहार में जमावड़ा होगा।

## संपादकीय

# भारत की कैसी छवि बनाना चाहते हैं राहुल गांधी?

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं, कुछ न कुछ ऐसी बातें कह देते हैं, जो भारत की प्रतिष्ठा के अनुकूल नहीं होती हैं। इस बार अमेरिका की यात्रा पर उन्होंने उस झूठे विमर्श को हवा दी है, जिसमें कहा जाता है कि भारत में अल्पसंख्यकों पर हमले किए जा रहे हैं। भारत विरोधी जितनी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, यह उनका खड़ा किया हुआ विमर्श है कि भारत में अल्पसंख्यक समुदाय अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जबकि वास्तविकता ठीक इसके उलट है। भारत के पड़ोस में एक ओर चीन है, जहाँ चीन की कम्युनिस्ट सरकार खुलकर इस्लाम का चीनीकरण कर रही है। मस्जिदों के वास्तु को बदला जा रहा है। इसके साथ और भी अनेक प्रकार की पाबंधियां सरकार की ओर से लगाई जा रही हैं। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान है, जहाँ हिन्दुओं का जीना मुहाल है। हिन्दुओं की बहू-बेटियों का अपहरण किया जा रहा है, जबरन कन्वर्जन की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, अपनी धार्मिक क्रियाओं का खुलकर पालन करना मुश्किल हो गया है। पाकिस्तान में हिन्दुओं की जनसंख्या का मूल्यांकन करें, तो ध्यान आता है कि वहाँ लगातार हिन्दुओं की संख्या कम होती गई है। इसको कहते हैं, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार। चीन के मुसलमानों और पाकिस्तान के हिन्दुओं पर कोई चिंता व्यक्त नहीं करता। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने तो पाकिस्तान से पीड़ित होकर भारत में शरण लेनेवाले हिन्दुओं के घरों पर ही बुलडोजर चलवा दिया। स्मरण रखें कि भारत में मुस्लिम जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुस्लिम समुदाय के लोगों की जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार हुआ है। केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं का भरपूर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इतना ही, भारत का मुस्लिम समुदाय खुलकर बोल रहा है, अड़कर धरना-प्रदर्शन भी कर रहा है। शाहीन बाग से लेकर देशभर में अनेक स्थानों पर हुए धरना-प्रदर्शनों को कौन भूला होगा? यदि मुसलमानों पर हमले हो रहे होते तब क्या वे देश की राजधानी दिल्ली में महीनों तक मुख्य सड़क मार्ग को घेर कर बैठ पाते? इसके उलट एक और तस्वीर है, जिसको कोई देखना और दिखाना नहीं चाहता है। इस्लाम की आलोचना के नाम पर मुस्लिम समुदाय के कट्टरपंथी धड़ों ने कई हिन्दुओं एवं अन्य गैर-मुस्लिमों की हत्याएं की हैं। मुस्लिम समुदाय के कई युवक लव जेहाद की घटनाओं में लिप्त हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने से समाचार आता है कि हिन्दू नाम रखकर मुस्लिम युवक ने किसी साक्षी को फंसाया और बाद में उसको कन्वर्ट कर दिया या फिर नृशंस ढंग से उसकी हत्या कर दी। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को बताना चाहिए कि क्या एक डरे हुए समुदाय के लोग इस प्रकार की खौफनाक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार का विरोध करने में कांग्रेस के प्रमुख नेता इतने खो गए हैं कि भारत की गलत छवि विदेशी मंचों से प्रस्तुत करने लगे हैं। विदेश में जाकर भारत के नेताओं को अपने देश की छवि को मजबूत करना चाहिए, लेकिन राहुल गांधी हर बार उल्टा करते हुए दिखायी देते हैं। मोदी विरोध में इस बार राहुल गांधी अपनी ही पार्टी और पूर्ववर्ती शीर्ष नेतृत्व को कटघरे में खड़ा कर बैठे। एक प्रश्न के उत्तर में राहुल गांधी ने कहा कि "आज मुस्लिमों के साथ जो हो रहा है, वह वैसा ही है जैसा उत्तरप्रदेश में 1980 के दशक में दलितों के साथ हुआ"। इसका अर्थ यही हुआ कि राहुल गांधी मानते हैं कि कांग्रेस के शासनकाल में दलितों पर अत्याचार और हमले होते थे क्योंकि उस समय उत्तरप्रदेश और केंद्र में भी कांग्रेस की ही सत्ता थी। राहुल गांधी का यह बयान कांग्रेस की परेशानी का सबब बन सकता है। दरअसल, जब दृष्टि स्पष्ट न हो, केवल वर्तमान सरकार पर हमला करना ही उद्देश्य हो, तब ऐसी गलतियां होती ही हैं। राहुल गांधी यह सुझाव शायद ही स्वीकार करें कि उन्हें विदेश में जाकर भारत के संदर्भ में नकारात्मक बातें करने की अपेक्षा भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए।

मुस्लिम समुदाय के लोगों की जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार हुआ है। केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं का भरपूर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इतना ही, भारत का मुस्लिम समुदाय खुलकर बोल रहा है, अड़कर धरना-प्रदर्शन भी कर रहा है। शाहीन बाग से लेकर देशभर में अनेक स्थानों पर हुए धरना-प्रदर्शनों को कौन भूला होगा? यदि मुसलमानों पर हमले हो रहे होते तब क्या वे देश की राजधानी दिल्ली में महीनों तक मुख्य सड़क मार्ग को घेर कर बैठ पाते? इसके उलट एक और तस्वीर है, जिसको कोई देखना और दिखाना नहीं चाहता है। इस्लाम की आलोचना के नाम पर मुस्लिम समुदाय के कट्टरपंथी धड़ों ने कई हिन्दुओं और अन्य गैर-मुस्लिमों की हत्याएं की हैं। मुस्लिम समुदाय के कई युवक लव जेहाद की घटनाओं में लिप्त हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने से समाचार आता है कि हिन्दू नाम रखकर मुस्लिम युवक ने किसी साक्षी को फंसाया और बाद में उसको कन्वर्ट कर दिया या फिर नृशंस ढंग से उसकी हत्या कर दी। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को बताना चाहिए कि क्या एक डरे हुए समुदाय के लोग इस प्रकार की खौफनाक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

## अमृत कलश

# मुक्ति है प्रकृति का चरम लक्ष्य

**वेदांत** धर्म का सबसे उदात्त तथ्य यह है कि हम एक ही लक्ष्य पर भिन्न-भिन्न मार्गों से पहुंच सकते हैं। मैंने इन मार्गों को साधारण रूप से चार वर्गों में विभाजित किया है- कर्ममार्ग, भक्तिमार्ग, योगमार्ग और ज्ञानमार्ग। परंतु यह भी स्मरण रखना चाहिए कि ये विभाग अत्यंत तीक्ष्ण और एक-दूसरे से नितांत पृथक नहीं हैं। प्रत्येक का तिरोभाव दूसरे में हो जाता है। किंतु प्रकार के प्राधान्य के अनुसार ही ये विभाग किए गए हैं। ऐसी बात नहीं कि तुम्हें ऐसा कोई व्यक्ति मिल सकता है, जिसमें कर्म करने के अतिरिक्त दूसरी कोई क्षमता न हो, अथवा जो अनन्य भक्त होने के अतिरिक्त और कुछ न हो, अथवा जिनके पास मात्र ज्ञान के सिवा और कुछ न हो। ये विभाग केवल मनुष्य की प्रधान प्रवृत्ति अथवा गुणप्राधान्य के अनुसार किए गए हैं। हमने देखा है कि अंत में ये सब मार्ग एक ही लक्ष्य में जाकर एक हो जाते हैं। वह चरम लक्ष्य क्या है? जहां तक मैं समझता हूं, वह है मुक्ति। एक परमाणु से लेकर मनुष्य तक, जड़ तत्व के अचेतन प्राणहीन कण से लेकर इस पृथ्वी की सर्वोच्च सत्ता- मानवात्मा तक, जो कुछ हम इस विश्व में प्रत्यक्ष देखते हैं, वे सब मुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी पृथ्वी सूर्य से दूर भागने की चेष्टा कर रही है तथा चंद्रमा, पृथ्वी से। प्रत्येक वस्तु में अनंत विस्तार की प्रवृत्ति है। सब का मूल आधार मुक्तिलाभ के लिए यह संघर्ष ही है। इसी की प्रेरणा से साधु प्रार्थना करता है और डाकू लूटता है। जब कार्यविधि अनुचित होती है, तो उसे हम अशुभ कहते हैं और जब उसकी अभिव्यक्ति उचित होती है, तो उसे शुभ कहते हैं। दोनों दशाओं में प्रेरणा एक ही होती है, और वह है मुक्ति के लिए संघर्ष।

## बोध कथा

# राष्ट्र के लिए त्याग

**एक** बार एक राजा अपने राज दरबार में मंत्रियों से बौद्धिक चर्चा कर रहे थे—'संस्कार बुद्धि से आते हैं या वंशानुगत होते हैं?' मंत्रियों में इस विषय पर मतैक्य नहीं हो सका। समाधान के लिए राजा ने नगर से दूर एक महल बनवाया था और उसमें एक गूंगी, बहरी परिचारिका को ठहराया गया। साथ ही तीन नवजात शिशुओं को पालन-पोषण के लिए उसको सौंप दिया। उनमें एक शिशु मंत्री का, दूसरा कोतवाल का और तीसरा ब्राह्मण का था। दस वर्षों के पश्चात तीनों बालकों को राजदरबार में बुलाया गया। राजा ने तीनों बालकों से प्रश्न किया, 'सब कुशल तो हैं?' एक ही तरह के पालन-पोषण के बावजूद तीनों बालकों के उत्तर अलग-अलग थे।

## अपने लक्ष्यों को धीरे- धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा

# अंतरिक्ष युद्ध की आहट और रणनीतिक सकपकाहट

कमलेश पांडेय

केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है। यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है। यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है।

**युद्ध** पाशविक प्रवृत्ति है। मनुष्य ने पशुओं के संसर्ग में आकर यह प्रवृत्ति सीखी है। हालांकि पशु तो महज भोजन के लिए एक-दूसरे पर आक्रमण करते हैं, लेकिन मनुष्य तो सिर्फ अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए और कभी कभार गुटबंदी के लिए ऐसा करता है। इसलिए किसी भी संभावित युद्ध से बचने का बस एक ही उपाय यह है कि खुद को इतना मजबूत और शक्तिशाली बना लिया जाए कि हमलावर आक्रमण करने से पहले सौ बार सोचे। केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है। यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है।

यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है और अपने लक्ष्यों को धीरे- धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इन मसलों पर फ्रांस, इजरायल और जापान जैसे देश भारत की खुलकर मदद भी करते हैं।

इन वार लव ट्रायंगल जैसे त्रिकोणीय युद्ध हालातों के बीच भले ही तीसरा विश्व युद्ध टलता जा रहा हो, लेकिन अमेरिकी गुट और रूसी गुट की वैश्विक बादशाहत को बनाये रखने के लिए जो छोटे-छोटे युद्ध हो रहे हैं, वो इस बात की चुगली कर रहे हैं कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध को झेल चुकी यह दुनिया आखिरकार कबतक तीसरा विश्व युद्ध टाल पाएगी। क्या प्रथम विश्व युद्ध के गोला बारूद, द्वितीय विश्व युद्ध के परमाणु बम की तरह तीसरे विश्व युद्ध में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कोई नया गुल खिलाएगी और इस बार जल, थल, नभ के अलावा अन्तरिक्ष में भी युद्ध होगा।



यदि अंतरिक्ष युद्ध की नौबत आई तो अमेरिका-ब्रिटेन गुट और रूस-चीन गुट की तरह क्या भारत को भी जापान और फ्रांस के साथ मिलकर कोई अंतरिक्ष गुट तैयार कर लेना चाहिए। यह सब बातें मैं इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि हाल ही में अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो हम अंतरिक्ष में भी युद्ध करने के लिए तैयार हैं। आपकी याददाश्त ताजा करा दें कि रूसी और चीनी अधिकारी भी पूर्व में ऐसी धमकियां दे चुके हैं। यदि ऐसा हुआ तो जल, थल, नभ युद्ध से ज्यादा बर्बादी अंतरिक्ष युद्ध से होगी, क्योंकि सूचना तकनीक और सूचना क्रांति के सहारे तेजी से आगे बढ़ती हुई यह दुनिया सेटेलाइट गिरते ही अचानक ठहर जाएगी और सबकुछ अस्त-व्यस्त हो जाएगा। इससे जनजीवन इतना प्रभावित होगा कि बिना मारे ही अन्य कारणों से लोग बर्बाद हो जाएंगे। भूख-प्यास-तनाव से मर जायेंगे।

यदि उपर्युक्त अमेरिकी अधिकारी की बातों पर गौर करें तो उसने साफ बताया कि रूस के लगातार आक्रामक रवैये और चीन की अंतरिक्ष में ताकत बनने की महत्वाकांक्षा से अमेरिका सशंकित है और अपनी वैश्विक बादशाहत पर मंडराता खतरा देख वह किसी भी हद से गुजर सकता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब राजाओं को अपनी गद्दी छिनने का खतरा होता था तो वो युद्ध का बिगुल फूंक देते थे। लोकतांत्रिक वाकयुद्ध और चुनावी साल में छिड़े सीमाई युद्ध की वजह भी प्रायः यही बताए जाते हैं।

अमेरिका के अंतरिक्ष नियंत्रण में नीति, योजना और रणनीति विभाग में उपनिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जेसी मोरहाउस मई 2023 के तीसरे सप्ताह में दो देशों की अंतरिक्ष संचालन शिखर सम्मेलन 2023 में शिरकत करने लंदन पहुंचे थे। जहां ब्रिटेन और अमेरिका की अंतरिक्ष में संयुक्त क्षमताओं पर खुलकर चर्चा की गई थी। इसके बाद अमेरिकी दूतावास में मोरहाउस ने जो कुछ कहा, वह रूस-चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि अगर रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं थमा और फिर चीन-ताईवान युद्ध भड़का तो फिर अमेरिका वह कर सकता है, जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।

उन्होंने दो टूक कहा कि यदि हमें जरूरत पड़ी तो हम आज रात में भी अंतरिक्ष में युद्ध लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर कोई भी देश अमेरिका को धमकाता है या हमसे सम्बन्ध रखने वाले अथवा हमारे साथ रक्षा सम्बन्धों पर समझौते कर चुके देशों को किसी तरह से परेशान करने की कोशिश करता है या उनके किसी हित में बाधा पहुंचाता है तो हम आज रात ही लड़ने को तैयार हैं।

यदि आपको अंतरिक्ष युद्ध की बरीकीपूर्वक समझ है तो यह अमेरिका का ऐसा मास्टर स्ट्रोक साबित होगा, जिससे रूस के दो मजबूत और करीबी देश चीन-भारत की अर्थव्यवस्था व जनजीवन तबाह हो जाएगा। फिर रूस के सामने हथियार डालने के अलावा कोई चारा भी नहीं बचेगा।

इसलिए भारत को चाहिए कि वह अंतरिक्ष युद्ध के संभावित दुष्प्रभावों को रोकने के लिए एक मजबूत रणनीति बनाए। साथ ही, अमेरिका-रूस के बीच ऐसी नौबत न आने दे कि अमेरिका को एक बार फिर से अपना रौद्र रूप दिखाना पड़े, जैसा कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 6 अगस्त 1945 को जापान के दो महत्वपूर्ण शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराकर दे चुका है। वियतनाम, लीबिया, इराक पर अमेरिकी भूमिका जगजाहिर है।

अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बीच चले हिंसक दांवपेच में भी वह बदनाम रहा है। ऐसे दुर्दांत देश को यूक्रेन में उसकी हद बताने के लिए रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा किया जा रहा यौद्धिक प्रयत्न सराहनीय है। उन्हें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मिल रहा चीन-भारत का साथ भी दुनियावी संतुलन बनाए रखने के लिए उचित है।

लेकिन अमेरिकी और नाटो की ताजा बौखलाहट किसी तीसरे विश्व युद्ध (अंतरिक्ष युद्ध) का बीजारोपण न कर दे, इसके लिए कूटनीतिक और सामरिक दोनों प्रयास करने होंगे और अचानक सेटेलाइट ठप हो जाने के बाद भी भारतीय जनजीवन अप्रभावित रहे, इसके लिए ठोस उपाय करने में ही बुद्धिमानी है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी।

# प्रकृति संरक्षण की प्रणेता किंकरी देवी

प्रकृति से सराबोर पहाड़ों की शरण में सुकून के लम्हें बिताने के लिए हर कोई बेताब रहता है। लेकिन मौजूदा दौर में विकास के मजमून लिखने को खुशुसी तवज्जो देकर पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों को एक ही नजरिये से देखा जा रहा है। भौतिक सुख सुविधाओं के तहत जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रकृति व पर्यावरण से खिलवाड़ हो रहा है। पहाड़ों को पर्यटन के तहत अर्थतंत्र का जरिया बनाने के लिए बेतरतीब निर्माण कार्यों के मंसूबों को अंजाम देकर हजारों जिंदगियों को जोखिम में डालने का काम हो रहा है। विकास की आंधी में पहाड़ों पर मशीनीकरण के प्रहार व सुरंगों के लिए ब्लास्टिंग जैसी इनसानी दखलअंदाजी से उपजी आपदाओं ने पहाड़ों का कुदरती स्वरूप व खूबसूरती को इस कदर बिगाड़ दिया है कि सुकून भी अनियंत्रित विकास के पास गिरवी रहने को मजबूर है। 'अर्ल नाइटेंगल' के अनुसार पर्यावरण हमारे रवैये और अपेक्षाओं का आईना होता है।

**कुदरत** को निगाह-ए-नाज से देखने की तमन्ना रखने वाले प्रकृति प्रेमियों के जहन में हिमाचल के पहाड़ों का दिलशाद चेहरा जरूर आता है। आधुनिकता की चकाचौंध में भौतिकतावादी सुख-सुविधाओं की बेहिसाब हसरतों के बीच सुकून की तलाश में हजारों सैलानी हिमाचल की नजाफत भरी फिजाओं में पर्यटन का लुत्फ उठाकर पहाड़ की तहजीब का दीदार भी करते हैं। प्रकृति से सराबोर पहाड़ों की शरण में सुकून के लम्हें बिताने के लिए हर कोई बेताब रहता है। लेकिन मौजूदा दौर में विकास के मजमून लिखने को खुशुसी तवज्जो देकर पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों को एक ही नजरिये से देखा जा रहा है। भौतिक सुख सुविधाओं के तहत जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रकृति व पर्यावरण से खिलवाड़ हो रहा है। पहाड़ों को पर्यटन के तहत अर्थतंत्र का जरिया बनाने के लिए बेतरतीब निर्माण कार्यों के मंसूबों को अंजाम देकर हजारों जिंदगियों को जोखिम में डालने का काम हो रहा है। विकास की आंधी में पहाड़ों पर मशीनीकरण के प्रहार व सुरंगों के लिए ब्लास्टिंग जैसी इनसानी दखलअंदाजी से उपजी आपदाओं ने पहाड़ों का कुदरती स्वरूप व खूबसूरती को इस कदर बिगाड़ दिया है कि सुकून भी अनियंत्रित विकास के पास गिरवी रहने को मजबूर है। 'अर्ल नाइटेंगल' के अनुसार पर्यावरण हमारे रवैये और अपेक्षाओं का आईना होता है। दुनिया के साइंसदानों ने पूरी कायनात का तवाजुन बिगाडऩे वाले एटमी जखीरे तैयार कर रखे हैं, मगर कुदरत के कहर से निपटने में विश्व भर के भूगर्भशास्त्री व भूकंपवेताओं की हर हिकमत बौनी साबित हो रही है। ज्ञात रहे आईना बोलता नहीं है, मगर चेहरे की कैफियत को पूरी तफसील से बयान करता है, ठीक उसी प्रकार प्रकृति अपने दोहन का दर्द लफ्जों से जाहिर नहीं करती, बल्कि अपने शोषण की एक हद के बाद पलटवार जरूर करती है। कुदरत के उस रौद्र रूप के बाद संभलने का मौका नहीं मिलता। हाल ही में जोशीमठ से लेकर तुर्की व सीरिया में प्रकृति विनाश की शदीद झलक दिखा चुकी है। पर्यटन हो, धार्मिक स्थल या प्राकृतिक आपदाएं, अपने जमाल से पूरी कायनात को अफरोज करने वाले पहाड़ अक्सर चर्चा का केंद्र बने रहते हैं। कुछ माह पूर्व झारखंड सरकार ने गिरीडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित जैन तीर्थस्थल 'सम्मेद शिखर' को पर्यटन स्थल के रूप में नोटिफाई किया था। सम्मेद शिखर की पवित्रता कायम रखने तथा पारसनाथ पहाड़ी का वजूद बचाने के लिए जैन समाज हजारों की तादाद में सडक़ों पर उतर गया था। जैन समुदाय के उस विरोध प्रदर्शन ने सिरमौर जिला की विख्यात पर्यावरणकत्रा 'किंकरी देवी' द्वारा हिमाचल के पहाड़ों को अवैध खनन से बचाने के संघर्ष को याद करा दिया था। दरअसल सन-1980 के दौर में सर्वोच्च न्यायालय ने हिमालय के कुछ क्षेत्रों में खनन पर रोक लगाने का फरमान जारी किया था। उस समय प्राकृतिक संसाधनों से सराबोर हिमाचल के पहाड़ खनन माफिया की निगाहों का मरकज बने थे। खनन माफियाओं ने हिमाचल की सरजमीं पर दस्तक देकर सिरमौर जिला की कुछ खदानों में अवैज्ञानिक ढंग से खनन को अंजाम दिया था। उस समय श्री रेणुका जी से ताल्लुक रखने वाली किंकरी देवी ने पहाड़ों का मसीहा बनकर अवैध खनन को चुनौती देने का साहस किया था। किंकरी देवी ने जिला के पहाड़ व जंगलों को अवैध खनन से बचाने की लड़ाई धरातल पर धरने प्रदर्शन से लेकर कानूनी रूप में उच्च न्यायालय तक लड़ी थी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश पीडी देसाई ने पर्यावरण रक्षक किंकरी देवी के जज्बे को सलाम करके अवैध खनन के खिलाफ फैसला सुनाया था। खनन माफियाओं ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में भी चुनौती पेश की थी, मगर सुप्रीम कोर्ट ने भी किंकरी देवी के पक्ष को जायज करार दिया था। पहाड़ों को खनन माफिया से बचाने की आवाज बुलंद करने वाली किंकरी देवी को उनके बेखौफ अंदाज ने देश-दुनिया में एक महान पर्यावरणविद के रूप में पहचान दिलाई थी। लेकिन विडंबना है कि हिमाचल के पहाड़ों के लिए एक योद्धा की तरह लडऩे वाली किंकरी देवी की पर्यावरणकत्रा की प्रतिभा को सबसे बड़ा सम्मान व पहचान विदेशी भूमि पर नसीब हुई थी। पूरा जीवन पहाड़ों को बचाने के लिए जद्दोजहद करने वाली किंकरी देवी के जज्बे का चश्मदीद चीन का बीजिंग शहर बना जब सन-1995 में 'बीजिंग' में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में किंकरी देवी को खास दावत दी गई थी। किंकरी देवी द्वारा पर्यावरण रक्षा के संघर्ष की दास्तां को सुनकर उस महिला सम्मेलन की मुख्य अतिथि व अमेरिका की प्रथम महिला 'हिलेरी क्लिंटन' इस कदर प्रभावित हुई कि उस सम्मेलन में किंकरी देवी को मंच पर बुलाकर द्वीप प्रज्वलित करने का सम्मान दिया गया। पर्यावरण की प्रणेता किंकरी देवी को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई सम्मान व पुरस्कारों से नवाजा गया था। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एक ज्वलंत मुद्दा बन चुका है। पड़ोसी राज्यों से लगते हिमाचल के सरहदी क्षेत्र अवैध खनन के लिए कुख्यात हो चुके हैं। खनन माफिया इस कदर बेखौफ है कि अवैध खनन रोकने वाले अधिकारियों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। अतः प्रकृति संरक्षण के पेशेनजर पर्यावरणकर्ता का वास्तविक किरदार निभाने के लिए किंकरी देवी जैसे जज्बे व साहस की जरूरत है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुनिया को ज्ञान बांटने वाले लोगों को किंकरी देवी द्वारा पर्यावरण की पैरवी के लिए संघर्ष व योगदान से मुखातिब होना चाहिए। स्मरण रहे प्रकृति संरक्षण का अलख जगाने वाली किंकरी देवी ने स्वीडन की 'ग्रेटा थनबर्ग' की तरह पर्यावरण पर एक भाषण देकर सुर्खियां नहीं बटोरी थी, मगर खनन माफिया से लडऩे के लिए पहाड़ की उस विख्यात पर्यावरणविद के पास पहाड़ जैसा हौसला व फौलादी जिगर जरूर था जिसके आगे खनन माफिया घुटने टेकने को मजबूर हुए थे।



## नागरिक बोध

# वारिस और वसीयत

**वक्त** बदलने के साथ-साथ बातों का अर्थ, जीने का अंदाज, प्रेमालाप का तरीका तक कुछ इस कद्र बदल गया है कि हम पहचान ही नहीं पाते कि क्या यह हमारा वही संसार है जिसमें हम तन कर हमेशा 'सही को सही' और 'गलत को गलत' कहते रहे। तब की बात और थी हुजूर। तब हम सच के हक में आवाज उठाते थे, तो दस लोग हमारी हां में हां मिलाने के लिए खड़े हो जाते थे। हां में हां मिलाने वालों की तो आज भी कमी नहीं, लेकिन जमाने ने सच के अर्थ और यथार्थ के सन्दर्भ ही बदल दिए, इसलिए हां में हां मिलाने वाले अब किसी सत्कार्य के लिए खड़े होने वाले नहीं, बड़े आदमी की चाटुकारिता में अर्थ तलाशने वाले हो गए। जी यह इस अर्थ का मतलब समझने वाला नहीं, मतलब साधने वाला है। अर्थ वहीं कालमता साहिब, कि जिसके लिए पहले कहा जाता था, 'तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा।' लेकिन आज जब मुसाफिरों को कहीं जाने की जरूरत नहीं तो भला उन्हें जागने की क्या जरूरत? मानते हैं कि चुनाव करीब हैं। अब सुदामा के सत्तुओं की पोटली का महत्व बढ़ सकता है। वोट मांगने के लिए तुम्हारी पोटली की थाह लेने तेरे द्वार तक दोबारा सत्ताधीश बनने की चाह रखने वाले आयेंगे। जो इनके नीचे से कुर्सी खिसका दें, ऐसे विपक्षी भी तेरा द्वार खटखटायेंगे। भला तेरी सत्तुओं की पोटली में इतनी कुव्वत है कि वह आधी-आधी बंट कर दोनों का पेट भर सके। अजी क्या गये बीते जमाने की बातें करते हो? पेट तो देखो इन भद्रजनों के भरे-भराये हैं। वे तेरे सत्तू बांटने नहीं, तुझे अपने सपने के एक टुकड़े की खैरात देने आये हैं। पिछली बार पांच साल पहले सपनों की आमद का भ्रम जाल बिछा तेरे मतपत्रों का जिंदाबाद ले गये थे। फिर तुझे या तेरी पोटली या उसमें बंधे सत्तू भूल अपनी साइकिलों को आयातित गाडियां बनाने में लगे रहे। अब चुनाव युग आने की घंटी टनटनायी तो फिर तेरी सुदामा का सुदामा रह जाने और उसकी पोटली के और भी फट जाने की याद आयी। अब उसकी उधडऩ सीने के लिए नारों के नये सूई धागे के साथ सपनों का नया टुकड़ा भी लाए हैं। देखो, हर हाथ को काम देने का वायदा था, उसकी सुध नहीं ली। उस वायदे के चेहरे पर 'अपना हाथ जगन्नाथ' और 'स्वरोजगार' की सफेदी की पुताई करते रहे। अब फिर तेरे वोट मांगने का समय आया तो तेरी पोटली मुंह बाये है। इस बीच तो इसका मुंह और भी खुल गया। बीच के चार दांत भी गायब हो गये। नेता जी क्या जवाब दें? गरीब की पोटली तो वैसे ही रहनी थी। अब क्या इस फेर में हर दिन अपनी भारी-भरकम होती जा रही गठरी को भी गंवा दें? देखिये रोग की दहशत से मुसाफिर घरों में बंद हो गए, तो पर्यटन करवाने वालों के वाहन उखड़ कर ठेलागाड़ी बन गए, होटल से लेकर चाट-पकौड़ी बेचने वाले तक वीराने में चले गए। नहीं साहिब, चाहे सब कुछ बंटाधार हो जाए, लेकिन देश की लोक संस्कृति, लोक जीवन और लोकतंत्र पर आंच नहीं आने देनी है।

## देश दुनीया से

# दस का जादू

**बहुत** से काम ऐसे होते हैं जो हम करना चाहते हैं या जिन्हें करना जरूरी होता है, लेकिन फिर भी हम उन्हें कर नहीं पाते। हम हर रोज उस काम को करने का मन बनाते हैं लेकिन करते नहीं हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। काम कठिन हो या हमारी पसंद का न हो तो हमारा दिमाग उसे न करने के नए-नए बहाने ढूंढ लेता है और हमें पता भी नहीं चलता कि ये गड़बड़ हमारे अपने दिमाग के कारण है। कभी आलस्य के कारण, अनुशासित न होने के कारण, काम खत्म करने की जल्दी न होने के कारण भी हम अक्सर काम को टालते चलते हैं और वो भी तब, जबकि काम होना हमारे लिए महत्वपूर्ण अथवा लाभदायक हो सकता है। जब कोई काम हमारे लिए महत्वपूर्ण अथवा लाभदायक होने के बावजूद टलता चला आ रहा हो तो टालने की इस प्रवृत्ति से बचने के लिए एक बहुत सीधा-सादा सरल-सा उपाय अपनाया जा सकता है। अपने स्मार्टफोन पर दस मिनट का अलार्म लगाइये और उस काम को शुरू कर दीजिए जिसे आप निपटाना चाहते हैं। चूंकि दस मिनट का समय इतना कम है कि हमें बोरियत नहीं होती और हमारा दिमाग काम से बचने के बहाने ढूंढना बंद कर देता है, तो होता यह है कि काम शुरू हो जाता है, और जो काम शुरू हो चुका हो, उसे निपटाना भी आसान हो जाता है। यह सचमुच एक जादुई फार्मूला है और मैं अपने पूरे पेशेवर करिअर में इस फार्मूले का लाभ लेता आया हूं। एक समय निश्चित कीजिए और उस समय के लिए दस मिनट का अलार्म लगा लीजिए। उस निश्चित समय पर हमेशा सिर्फ वही काम कीजिए जिसे आप टालते आ रहे हों। हर रोज ऐसा ही करने से मानो आपके जीवन में क्रांति-सी आ जाएगी। आपने व्यायाम करना हो, बाजार से कुछ लाना हो, कुछ लिखना हो, कोई कठिन या नापसंद काम निपटाना हो, बस दस मिनट का ये जादुई फार्मूला अपनाइये और टालते जाने की अपनी आदत से हमेशा के लिए छुटकारा पा लीजिए। है न आसान? ऐसे ही जब कभी आपको फैसला लेने में दिक्कत आए, यह उलझन हो कि फैसला सही है या गलत, या यह उलझन हो कि फैसला लें भी या नहीं तो प्रसिद्ध काउंसलर सूजी वेल्च की 'दस मिनट, दस महीने, दस साल' तकनीक का उपयोग कीजिए। सूजी वेल्च ने बहुत साधारण ढंग से जीवन की एक बड़ी समस्या का हल सुझाया है। यह तरीका इतना अनूठा और कारगर है कि इसने कई जिंदगियां बदल दी हैं। मैनेजमेंट के विद्यार्थी के रूप में मुझे यह पढ़ाया गया है कि सही निर्णय लेने का एक ही ढंग है, और वह है कि निर्णय लिए जाएं, असफलता के डर से डर कर खाली न बैठा जाए बल्कि काम किया जाए। यह एक अच्छी सलाह है क्योंकि डर के मारे काम ही न करना किसी समस्या का हल नहीं है। एक अत्यंत सफल उद्योगपति से जब पूछा गया कि वे हर बार सही निर्णय कैसे ले लेते हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें उनका 'अनुभव' सहायक होता है और जब उनसे अगला सवाल किया गया कि अनुभव कैसे प्राप्त किया जाए तो उनका उत्तर था 'गलत निर्णय लेकर'। इससे हमें दो बातें सीखने को मिलती हैं। पहली, हमें असफलता के भय से सोचते ही नहीं रहना चाहिए और नि_ले नहीं बैठना चाहिए, और दूसरी, यदि निर्णय गलत हो जाए तो उससे सीख लेनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। अक्सर हम जब निर्णय लेते हैं तो हमें मालूम नहीं होता कि निर्णय सही है या गलत, और उसका हम पर तथा हमारे आसपास की दुनिया पर क्या असर होगा। अक्सर हम अपने दिल, दिमाग, अनुभव और जोखिम लेने के साहस पर निर्भर करते हुए कोई निर्णय लेते हैं। ऐसे निर्णय सही अथवा गलत होने की संभावना बराबर-बराबर की होती है, यानी निर्णय के सही या गलत होने की कोई तार्किक या वैज्ञानिक प्रक्रिया के अभाव में हम निर्णय तो लेते हैं, पर यह नहीं जानते कि असल में वह निर्णय कितना सटीक है। हम सिर्फ आशा करते हैं कि वह निर्णय सही होगा और प्रार्थना करते हैं कि निर्णय सचमुच सही ही हो। जब भी हम कोई निर्णय लेना चाहें तो हमें यह सोचना चाहिए कि हमारे निर्णय का अगले दस मिनट में क्या असर होगा, फिर सोचना चाहिए कि उसका अगले दस महीनों में क्या असर होगा और फिर यह कि हमारे निर्णय का अगले दस सालों में क्या असर होगा। दस मिनट का महत्व इस रूप में है कि हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी निर्णय पर हमसे जुड़े लोगों की फौरी प्रतिक्रिया क्या होगी।

मैनेजमेंट के विद्यार्थी के रूप में मुझे यह पढ़ाया गया है कि सही निर्णय लेने का एक ही ढंग है, और वह है कि निर्णय लिए जाएं, असफलता के डर से डर कर खाली न बैठा जाए बल्कि काम किया जाए। यह एक अच्छी सलाह है क्योंकि डर के मारे काम ही न करना किसी समस्या का हल नहीं है। एक अत्यंत सफल उद्योगपति से जब पूछा गया कि वे हर बार सही निर्णय कैसे ले लेते हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें उनका 'अनुभव' सहायक होता है और जब उनसे अगला सवाल किया गया कि अनुभव कैसे प्राप्त किया जाए तो उनका उत्तर था 'गलत निर्णय लेकर'।



# कीव में चलती कार के सामने गिरी मिसाइलः, रूस ने दागी थीं 11 बैलिस्टिक मिसाइल, यूक्रेन का दावा- हमने सारी मार गिराईं

**कीव।**

यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी मिसाइल एक चलती कार के ठीक सामने आकर गिरी। इससे जमीन पर गहरा गड्ढा बन गया। कार के अंदर बैठे दो लोगों ने मिसाइल का गिरते हुए वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इस हमले में कार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यूक्रेन के चीफ ऑफ स्टाफ वालेरी जालुजनी ने बताया कि रूसी सेना ने कीव में लगभग 11.30 बजे 11 बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागी थीं।

जालुजनी ने दावा किया कि यूक्रेन की सेना ने सभी मिसाइलें मारी गिराईं। मिसाइल के गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा- रूसी मिसाइल का मलबा कीव में अलग-अलग जगहों पर गिरा। इसमें एक बच्चा भी घायल हुआ है। रूस ने ये हमला मॉस्को में 2 बिल्डिंग पर हुए ड्रोन अटैक के बाद किया।

**रूस ने यूक्रेन पर लगाया था ड्रोन अटैक का आरोप**-दरअसल, 2 दिन पहले रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन हमला करने का आरोप लगाया था। रूस के डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा था कि कीव ने करीब 8 ड्रोन से आतंकवादी हमला किया। सभी ड्रोन्स को मार गिराया गया है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि रूस पर हमले में 30 ड्रोन का इस्तेमाल हुआ था। हालांकि, यूक्रेन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था।

वहीं रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन लगातार उसके शहरों में ड्रोन अटैक और गोलीबारी कर रहा है। बुधवार को बॉर्डर के पास बसे बेलगोरोद क्षेत्र में ऐसा ही हमला हुआ। इसमें 4 लोग घायल हुए। वहीं बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेन की तरफ से किए गए ड्रोन अटैक में दो तेल रिफाइनरी में आग लग गई।

**रूस का दावा- यूक्रेनी हमले में 5 लोगों की मौत** - इससे पहले मंगलवार यूक्रेन के हमले में 5 लोगों की मौत हुई थी। रॉयटर्स के मुताबिक, रूस ने दावा किया था कि यूक्रेन उसके कब्जे वाले इलाकों को निशाना बना रहा है। रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी प्रांत लुहांस्क के प्रमुख ने टेलीग्राम पर बताया था कि यूक्रेनी बमबारी में पांच लोग मारे गए और 19 घायल हुए हैं। अलजजीरा के मुताबिक, रूस की तरफ से बढ़ते हमलों को देखते हुए बेलगोरोद के गवर्नर ने इलाके से सभी बच्चों को निकालने का आदेश दिया है। वहीं रूस की तरफ से यूक्रेन पर लगातार हमले जारी हैं। कीव में रूस के मिसाइल अटैक में 11 साल की बच्ची और उसकी मां समेत 3 लोगों की मौत हो गई। इस हमले में 10 लोग घायल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### रूसी विदेश मंत्री से मिले केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, ब्रिक्स सम्मेलन से पहले हुई मुलाकात



**केपटाउन।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साउथ अफ्रीका में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले दोनों देशों के नेताओं ने साथ में वार्ता की। बता दें, ब्रिक्स सम्मेलन इस साल के मध्य अगस्त में केपटाउन में आयोजित होगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा कि ब्रिक्स एफएमएम के बाद केपटाउन में रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। चर्चा में ब्रिक्स, जी-20 और एससीओ देश के नेता शामिल थे। भारत जुलाई में एससीओ और सितंबर में जी-20 शिखर सम्मलेन आयोजित करेगा। पिछले कुछ महीनों से भारत कच्चे तेल के कारण तनाव में है। हालांकि, भारत रूस से कच्चा तेल आयात करता है लेकिन यूक्रेन से युद्ध के बाद से तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। बता दें, भारत रूस से रियायती दरों में कच्चा तेल खरीद रहा है, इस वजह से दोनों देशों के बीच आर्थिक व्यापार में अधिक बढ़ोतरी हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने अब तक रूस की निंदा नहीं की है। भारत फिलहाल कूटनीतिक वार्ताओं के माध्यम से समाधान पर जोर दिया है। एक इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ब्रिक्स पांच विकासशील देशों का एक समूह है। समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है। समूह के देशों की आबादी वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत है। पांचों देश घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 16 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं।

### हवाई यात्रा से पहले यात्रियों का वजन चेक करवा रही एयरलाइन, पायलटों को होगा फायदा



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड एयरलाइन एक अनोखा प्रयोग कर रहा है। यहां हवाई यात्रा करने से पहले सभी यात्रियों के वजन की जांच की जांच की जा रही है। एयरलाइन के अधिकारियों का कहना है कि पायलट की सहूलियत के लिए सर्वे किया जा रहा है। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय एयरलाइन का कहना है कि एक महीने के सर्वे के दौरान वह 10 हजार यात्रियों का वजन करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वजन की जानकारी होने के बाद पायलट टेक ऑफ और लैंडिंग के समय बेहतर ढंग से संतुलन बना सकता है। हालांकि, गोपनीयता बनाए रखने के लिए वजन किसी और को नहीं दिखेगा। वजन के आंकड़े से एयरलाइन कर्मचारी भी अनभिज्ञ रहेंगे। एयरलाइन के वजन अधिकारी एलिस्टेयर जेम्स ने कहा कि हम विमान में जाने वाली हर चीजों का वजन करते हैं, फिर चाहे वह कार्गो हो, खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ हो या फिर प्लेन में साथ ले जाने वाले सामान का वजन, प्लेन के अंदर हर चीजों का वजन किया जाता है। यात्रियों, कर्मचारियों और बैग्स के वजन के लिए हम औसत वजन का इस्तेमाल करते हैं, जो इस सर्वे के बाद हमें पता चलता है। नागरिक उड्डयन विभाग का कहना है कि जानकारी के लिए संख्याओं की जरूरत होती है।

### अमेरिकी अदालत ने भारतवंशी को हिरासत में रखने का दिया आदेश



**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक जिला अदालत ने बिटकॉइन लॉन्ड्रिंग मामले में भारत-कनाडाई फिरोज पटेल को हिरासत में रखने का आदेश दिया है। मामला 2.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बिटकॉइन से जुड़े धनशोधन मामले से जुड़ा है। इसकी जानकारी अमेरिका के न्याय विभाग ने दी। न्याय विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई अभियोग लगाए जाने के बाद की गई। विभाग ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्याजा डॉट कॉम के पूर्व संचालक फिरोज पटेल पर 17 मई को दो अभियोग तय किए गए जिनमें धनशोधन का मामला और उल्लेखित गैरकानूनी गतिविधि से प्राप्त संपत्ति में मौद्रिक लेन देन से जुड़ा मामला शामिल है। विज्ञप्ति के मुताबिक डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की जिला अदालत के न्यायाधीश डेबने एल फ्रिडरिच ने सुनवाई पूरी होने तक पटेल को हिरासत में रखने का आदेश दिया। बयान में कहा गया कि फिरोज के भाई फरहान (42) को भी यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ऑफ कोलंबिया ने बिना लाइसेंस इंटरनेट आधारित धन सेवा कारोबार करने के लिए अभियोजित किया था। न्याय विभाग ने बताया कि उक्त कंपनी के जरिये 25 करोड़ डॉलर से अधिक का लेनदेन किया। प्याजा डॉट कॉम के माध्यम से आरोपी एक धन-प्रेषण व्यवसाय चलाते थे जो आवश्यक राज्य लाइसेंस के बिना संचालित होता था और अवैध गतिविधि से प्राप्त धन को जानबूझकर प्रेषित करता था।

## चैनलों के लिए नियम जारी

# 'इमरान और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को टीवी पर भी नहीं आने देगी सरकार'

इस्लामाबाद ।

पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वॉचडॉग ने देश के टीवी चैनलों से कहा है किसी भी हिंसा फैलाने वाले अपराधियों और उनके मददगारों का बहिष्कार करें। साथ ही टीवी चैनलों को नौ मई की हिंसा से सबक लेते हुए किसी भी राजनीतिक दल के कंट्टरपंथियों को दिखाने से परहेज करने की सलाह दी है। बता दें, इस रिपोर्ट में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान पर निशाना साधा है।

पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी की। इसमें सभी सैटेलाइट टीवी चैनल लाइसेंसधारियों को निर्देश दिया कि वे सतर्क रहें और किसी भी घृणा फैलाने वाले, अपराधियों और उनके मददगारों को अनजाने में बढ़ावा न दें।

गौरतलब है, नौ मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान को गिरफ्तार करने के बाद उनके समर्थकों ने देश में विरोध प्रदर्शन किया था। इससे पूरे देश में हिंसा का माहौल हो गया था। इतना ही नहीं, पीटीआई प्रमुख का समर्थन करने वालों ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की थी। इसके अलावा, विरोधियों ने पहली बार रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी हमला किया। वहीं, बाद में खान को



जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिसूचना में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना ने नौ मई को काला दिवस बताया है। इसमें आगे कहा गया है कि राजनीतिक दल के कट्टरपंथियों ने राज्य और सार्वजनिक संपत्तियों पर हमला किया, निर्दोष जीवन को खतरे में डाला और देश और राज्य संस्थानों को कमजोर करने के लिए राज्य विरोधी को बढ़ावा दिया जो एक भयानक प्रवृत्ति है। रिपोर्ट के अनुसार, आदेश में कहा गया कि संविधान नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, लेकिन इस अधिकार के अपवाद भी हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, इस बात को रेखांकित करते हुए पीईएमआरए ने निर्देश दिया कि नफरत फैलाने वालों को ब्लैक आउट किया जाना चाहिए और उन्हें टेलीविजन पर प्रचारित नहीं किया जाना चाहिए और हिंसक, भेदभावपूर्ण सामग्री प्रसारित नहीं की जानी चाहिए।

अधिसूचना में कहा गया कि कोई भी मीडिया संस्था किसी भी लाइव कार्यक्रम को तब तक प्रसारित नहीं करेगा जब तक कि यह सुनिश्चित न हो जाए कि इसमें ऐसा कुछ नहीं है, जो पाकिस्तान की सुरक्षा में खलल डाले।

### पाकिस्तान सरकार को अपनी दमनकारी नीति की कोई आलोचना मंजूर नहीं!

पाकिस्तान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उसने आईएमएफ पर पाकिस्तान के अंदरूनी मामलों में दखल देने का इल्जाम मढ़ा है। जिस आईएमएफ के सामने कर्ज के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार महीनों से हाथ फैलाए हुए है, उसी के प्रति ताजा आक्रामकता का कारण पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों के खिलाफ चल रही दमनकारी कार्रवाइयों पर आईएमएफ की टिप्पणी है। इस हफ्ते आईएमएफ ने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान की हालिया राजनीतिक घटनाओं पर हमारी नजर है। हालांकि हम घरेलू राजनीति पर टिप्पणी नहीं करते, लेकिन हमें आशा है कि पाकिस्तान में संविधान और कानून के राज के सिद्धांत के अनुरूप शांति समाधान ढूंढा जाएगा।' इस टिप्पणी से पाकिस्तान से सरकार भड़क गई है। बुधवार को वित्त राज्यमंत्री आयशा गौस पाशा ने कहा कि यह बयान कर्ज देने के लिए लगाई गई एक शर्त की तरह है और यह देश के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप है। जबकि बीते शनिवार को ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंजूर कर्ज की रकम जारी करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टेलीना जियोर्जियेवा से संपर्क किया था। आईएमएफ ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए 6.5 बिलियन डॉलर का नया ऋण मंजूर किया था। लेकिन उसे जारी करने के लिए उसने जो शर्तें लगाई थीं, पाकिस्तान सरकार उन्हें पूरा नहीं कर सकी है। इसी मुद्दे पर जारी गतिरोध को दूर करने की कोशिश में शरीफ ने जियोर्जियेवा से संपर्क किया था। लेकिन उन्हें भी सफलता हाथ नहीं लगी।

## बांग्लादेश की सरकार ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-

# अमेरिका की नई वीजा नीति से हमें खतरा नहीं

डाका ।

अमेरिका ने हाल ही में अगले साल दक्षिण एशियाई देश में होने वाले चुनावों को लेकर एक नई अमेरिका वीजा नीति का एलान किया। घोषणा के बाद राजनीतिक गलियारों में सवाल उठने लगे कि क्या ये वर्तमान सरकार पर निशाना है। इस पर बांग्लादेश की सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि इस फैसले का सत्तारूढ़ दल अवामी लीग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेश मंत्री एके मोमेन ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को बढ़ावा देने के लिए ये कदम उठाया है।



उन्होंने कहा कि अमेरिका की नई वीजा नीति का अवामी दल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अवामी दल लोकतांत्रिक और लोगों में विश्वास रखता है। बता दें, अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के लिए उन व्यक्तियों के यात्रा परमिट को प्रतिबंधित करके एक नई वीजा नीति की घोषणा की है, जिन्हें वह दक्षिण एशियाई देश में होने वाले जनवरी 2024 के चुनावों में बाधा डालने के लिए जिम्मेदार मानेगा।

बांग्लादेश विदेश मंत्री ने बिना किसी का नाम लिए बिना कहा कि ये नीति उन लोगों पर भारी पड़ेगी, जो दंगा, आगजनी और तबाही का सहारा लेते हैं, उनके नेतृत्व को सतर्क रहने की जरूरत है। एके मोमेन ने आगे कहा कि आप जानते हैं कि वे कौन हैं।

**स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव** - अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हाल ही में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण राष्ट्रीय चुनाव कराने के बांग्लादेश के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए आप्रवासन और राष्ट्रीयता अधिनियम की धाराओं के तहत एक नई वीजा नीति की घोषणा की जा रही है।

**बांग्लादेशी अधिकारी पर भी तलवार**- ब्लिंकन ने कहा कि अगर किसी भी बांग्लादेशी को लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में खलल डालने का दोषी पाया गया तो अमेरिका इस नीति के तहत उस व्यक्ति का वीजा प्रतिबंधित कर सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस नीति के दायरे में वर्तमान और पूर्व बांग्लादेशी अधिकारी, सरकार समर्थक और विपक्षी राजनीतिक दलों के सदस्य, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, न्यायपालिका और सुरक्षा सेवाओं के सदस्य भी आएंगे।

विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिका ने 3 मई को इस फैसले के बारे में बांग्लादेशी सरकार को सूचित किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र को आगे बढ़ाने की मांग करने वाले सभी लोगों को अपना समर्थन देने के लिए इस नीति की घोषणा कर रहे हैं। बता दें, ब्लिंकन की घोषणा विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के आने के एक सप्ताह बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि वाशिंगटन बांग्लादेश के अगले चुनावों में किसी विशेष पार्टी की भागीदारी के बारे में चिंतित नहीं था, लेकिन चाहता था कि चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हों।

# टेक्सास के फोर्ट बेंड काउंटी के कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवारी पेश करेंगे तारल पटेल

**वाशिंगटन ।**

भारतीय मूल के अमेरिकी व्यक्ति ने टेक्सास में 2024 में प्रेसिंक्ट-तीन के लिए फोर्ट बेंड काउंटी आयुक्त के रूप में सेवा देने की घोषणा की है। विशेषज्ञ तारल पटेल काउंटी जज केपी जॉर्ज के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम कर चुके हैं। पटेल ने ट्विटर पर एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि मैं फोर्ट बेंड काउंटी के कमिश्नर रूप में सेवा देने के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करता हूं। पटेल में ट्वीट में आगे लिखा कि हम एक साथ विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ हम एक मजबूत, विविध और एकजुट फोर्ट बेंड का निर्माण कर सकते हैं।

**व्हाइट हाउस में भी दे चुके हैं सेवा**- एक स्थानीय समाचार पत्र के अनुसार, पटेल काफी लंबे समय से डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में रिपब्लिकन पार्टी की कमिश्नर एंडी मेयर्स की सीट से मजबूत दावेदार हैं। पटेल इससे पहले बाइडन के व्हाइट हाउस लाइजन ऑफिस में काम कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने आवास, शहरी विकास और आपदा नियंत्रण मामलों में काम किया है। पटेल न्याय विभाग के अपराध



डिविजन के पब्लिक इंटीग्रिटी सेक्शन में वित्त निदेशक के रूप में भी सेवा दे चुके हैं।

फोर्ट बेंड काउंटी में पले-बढ़े तारल पटेल ने टेक्सास विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की है। पटेल के माता-पिता भारत के रहने वाले हैं, जो 1980 के दशकों में अमेरिका में बस गए थे। टेक्सास और हॉस्टन विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के दौरान पटेल छोटे-मोटे व्यवसाय करते थे। कोविड-19, बाढ़ की कई घटनाओं, विंटर स्टॉर्म, इलेक्ट्रिक ग्रिड विफलता और सूखे सहित कई स्थितियों में फोर्ट बेंड काउंटी का सफलता नेतृत्व किया है। इन सब कारणों के वजह से उनकी छवि में अधिक उभार आया है।

# नए सीक्रेट मिशन में जुटा चीन, जमीन में खोद रहा 10 हजार मीटर गहरा गड्ढा! दुनिया से छिपाई जानकारी

**बीजिंग।**

चीन अक्सर अपने क्रियाकलापों को लेकर चर्चा में रहता है। अब एक बार फिर चीन की चर्चा हो रही है। दरअसल चीन ने एक सीक्रेट मिशन के तहत जमीन के भीतर 10 हजार मीटर गहरा गड्ढा खोद रहा है। चीन ने अपने इस मिशन की वजह का खुलासा नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि चीन उर्जा और खनिज की खोज कर रहा है।

मंगलवार से शुरु हुई खुदाई

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने अपने शिनजियांग प्रांत में मंगलवार से खुदाई का काम शुरू कर दिया है। इससे पहले चीन ने गोबी रेगिस्तान स्थित अपने सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन की यह खुदाई धरती की क्रेटेशियस सिस्टम परत तक जाएगी, जहां लगभग 145 मिलियन वर्ष पुरानी चट्टानें हैं। यह प्रोजेक्ट काफी मुश्किल बताया जा रहा है।

चीन यह खुदाई क्यों कर रहा है, उसके बारे में चीन ने खुलासा नहीं किया है लेकिन चीनी वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खुदाई से कई खनिज संसाधनों और प्राकृतिक आपदाओं के बारे



में अहम जानकारी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि अभी भी धरती में सबसे गहरी खुदाई रूस के नाम पर है। रूस ने साल 1989 में 12,262 मीटर गहरा गड्ढा खोदा था। रूस को इतनी गहराई तक खुदाई में 20 साल का समय लगा था।

**लंबे समय से खुदाई की योजना बना रहा था चीन** - चीन लंबे समय से जमीन में इतनी गहरी खुदाई की योजना बना रहा था। साल 2021 में भी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी एक स्पीच में भी इसका जिक्र किया था।

## ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों के शराब पीने पर पाबंदीः ऑपरेशन-एक्सरसाइज से पहले टेस्ट होगा

# प्रैक्टिस के दौरान नशे में 39 अफगानियों को मार डाला था


**केनबरा/लंदन।**

ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने मिलिट्री ऑपरेशन या एक्सरसाइज के दौरान सैनिकों के शराब पीने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 2020 में हुई 23 घटनाओं की जांच के मद्देनजर लिया गया है। उस वक्त ऑस्ट्रेलियाई मिलिट्री यूनिट अफगानिस्तान में तैनात थी। इस यूनिट के सैनिकों पर आरोप लगा था कि इन्होंने सिर्फ प्रैक्टिस के लिए 39 आम अफगान नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मामले का खुलासा होने पर उस वक्त ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड स्टेज पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस मिनिस्ट्री ने वॉर क्राइम्स के तहत इस मामले की जांच की थी।

**23 फर्जी एनकाउंटर का आरोप**- ऑस्ट्रेलियाई मिलिट्री में अल्कोहल पर बैन की जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई मिलिट्री ने 2020 की घटनाओं की जांच के दौरान पाया कि अफगानिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों का जो बेस कैम्प था, उसमें पब भी था। इस पब में स्पेशल फोर्स के सैनिक और अफसर जाते थे। वहां इनके शराब पीने पर कोई रोक या लिमिट नहीं थी। बाद में ये इसी हालत में ऑपरेशन्स पर निकल जाते थे। आरोप है कि अफगानिस्तान में तैनाती के दौरान ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों ने 23 फर्जी एनकाउंटर या ऑपरेशन किए और 39 सिविलियन्स को मार डाला। कुछ वक्त बाद मीडिया रिपोर्ट्स में सच्चाई सामने आ गई।

**नॉन वॉर सिचुएशनल इवेंट्स में 2 ड्रिंक की इजाजत**- रिपोर्ट के मुताबिक दो तरह की पाबंदियां लगाई गई



हैं। पहली- ओवरसीज डिप्लॉयमेंट यानी विदेशी जमीन पर तैनाती के दौरान शराब पीने पर पूरी तरह रोक रहेगी। दूसरी- देश या विदेश में मिलिट्री ऑपरेशन्स या एक्सरसाइज के दौरान कोई सैनिक नशे में नहीं मिलना चाहिए। अफसरों को यह अधिकार दिया गया है कि वो सैनिकों का मेडिकल कराएं।

2020 की घटनाओं की जांच स्पेशल जज पॉल ब्रेरटन ने की थी। उनकी मदद के लिए ऑस्ट्रेलियन डिफेंस फोर्स के चीफ भी थे। जांच में पाया गया कि अफगान बेस कैम्प के पब में दिन-रात पार्टियां होती थीं। हैरानी की बात यह है कि इन्क्वायरी कमीशन के सामने एक सैनिक ने शराब पीने और पार्टी करने को जायज ठहराया था। उसने कहा था- इसमें गलत क्या है। हमारा कल्चर इसकी इजाजत देता है। हम ऐसे ही हैं।

रिपोर्ट में मिलिट्री लीडरशिप को 'अंधा' तक कहा गया है। नए रूल्स के मुताबिक नॉन वॉर सिचुएशनल इवेंट्स जैसे ऑस्ट्रेलिया डे या क्रिसमस पर तैनाती के दौरान सैनिकों को 2 ड्रिंक लेने की मंजूरी दी जा सकती है। इसके लिए 21 दिन पहले रिस्क असेसमेंट किया जाएगा। अफसरों को रेग्युलर ब्रेथ टेस्ट (सांस में शराब की बदबू) करने का आदेश दिया गया है। अगर कोई सैनिक ब्रेथ टेस्ट से इनकार करता है तो उसे फौरन ड्यूटी से हटा दिया जाएगा। उसके हथियार और व्हीकल वापस ले लिए जाएंगे।

**डिफेंस फोर्स के चीफ ने किया था खुलासा**-ऑस्ट्रेलियाई सैनिक 2009 में अफगानिस्तान में तैनात किए गए थे। इनमें ज्यादातर वो सैनिक थे, जिनकी ये पहली तैनाती थी। इन्होंने ज्यादातर कत्ल 2012 और 2013 के बीच किए। उस वक्त के ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस फोर्स चीफ जनरल एंगस कैम्पबेल के एक खुलासे ने तब दुनिया को चौंका दिया था।

एंगस ने वॉर क्राइम पर एक रिपोर्ट जारी की। कहा- अफगानिस्तान में तैनात हमारे सैनिकों ने 39 बेकसूर नागरिकों का कत्ल किया। इस गुनाह को अंजाम देने वाले ज्यादातर ऐसे ऑस्ट्रेलियाई सैनिक थे, जो पहली बार जंग के मैदान में गए थे। इन सैनिकों ने सिर्फ प्रैक्टिस के नाम पर बेगुनाह लोगों को गोलियों से छलनी कर दिया।

### राजस्थान की जनता मन बना चुकी

# पूरा विश्व मानता है पीएम मोदी के काम को : राजेंद्र राठौड़

**बीकानेर ( हिंस )।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गुरुवार को बीकानेर में कहा कि राज्य की जनता अब मन बना चुकी है, जिसका नजारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीते दिवस हुई सभा में देखने को मिला है। वे बोले कि मोदी के स्वागत में अजमेर में बनाया गया पंडाल भी छोटा पड़ गया और तो पूरा विश्व पीएम मोदी के काम को मानता है और नौ साल का यह कार्यकाल बेमिसाल है। जिले के नोखा कस्बे के ढिंगसरी गांव में शहीद की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बीकानेर आए राठौड़ ने सीएम गहलोत द्वारा एक दिवस पूर्व की गयी बिजली बिल में कटौती की घोषणा पर कटाक्ष भी किया और कहा कि सीएम की यह घोषणा डूबते हुए जहाज का संकेत है। उन्होंने सवाल किया कि



महाराष्ट्र के बाद राज्य में सबसे घरेलू बिजली महंगी है जब उद्योगों ने फ्यूल चार्ज को लेकर हड़ताल की तब सीएम को यह बात ध्यान में आयी है। राठौड़ ने कहा कि एक ओर कांग्रेस की सरकार अपनी योजनाओं के दम पर फिर से रिपीट होने की बात कहती है, जबकि किसान कर्ज की बात कागजों से बाहर नहीं आयी उसी तरह सरकार की घोषणा भी कागज से बाहर नहीं आयी है। चाहे बात बेरोजगारी भत्ते की हो, चाहे करप्शन पर जीरो टोलरेंस की हो या अच्छी कानून व्यवस्था की हो सरकार सब जगह पूरी तरह से फेल साबित हुई है। राठौड़ ने सीएम गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के सवाल पर कहा कि पायलट साढ़े चार सालों तक सदन में नहीं बोले और इस दौरान वे 19 महीनों तक डिप्टी सीएम भी रहे और कैबिनेट की मीटिंगों में भी शामिल रहे और अब वे मुद्दे उठा रहे है जब चुनाव आ रहे हैं। इससे साफ है कि उन्हें भी बेरोजगारों और युवाओं से कोई मतलब ही नहीं है। इस अवसर पर नोखा विधायक बिहारी लाल बिश्नोई भी मौजूद थे।

### राज्य कर्मचारियों को मिल सकेगा वेतन का अग्रिम भुगतान

**जयपुर ( हिंस )।** प्रदेश के राजकीय कार्मिक अब आकस्मिक आवश्यकता पर अपने वेतन का अग्रिम भुगतान ले सकेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने *अर्न्ड सैलेरी एडवांस ड्रॉल एक्सेस स्कीम* को स्वीकृति दी है। इस स्कीम की कार्रवाई राजस्थान फाइनेंशियल सर्विस डिलेवरी लिमिटेड द्वारा की जाएगी। इससे कार्मिकों को माह के अंत से पहले ही आनुपातिक रूप से वेतन का अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा। कार्मिक को किए अग्रिम भुगतान की कटौती अगले माह के वेतन में से समायोजित की जाएगी। यह सुविधा एक जून, 2023 से सभी कार्मिकों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। गहलोत के इस निर्णय से राज्य कर्मचारी-अधिकारियों को जरूरत के समय आर्थिक संबल मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

# साक्षी के हत्यारों को फांसी दिलवाने के लिए एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



**झालावाड़ ( हिंस )।** दिल्ली के शाहबाद क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ हुए जघन्य अपराध के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मूर्ति चौराहे पर प्रदर्शन कर आए रोष जताया। नगर सहमंत्री ललित नागर ने बताया कि नाबालिग साक्षी की हत्या के विरोध को लेकर कार्यकर्ता पीजी कॉलेज झालावाड़ में एकत्रित हुए वहां से मूर्ति चौराहे पर पहुंचे। वहां प्रदर्शन करके पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषी साहिल मोहम्मद को फांसी की सजा देने मांग करते हुए सरकार को चेतावनी दी और महिला सशक्तीकरण के लिए कठोर कानून की मांग रखी। इसमें झालावाड़-बारां विभाग संयोजक योगेंद्र नागर, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंकित देव गुर्जर, छात्रसंघ अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राठौड़, जानवी श्रृंगी, छात्रसंघ उपाध्यक्ष रवि मेघवाल, भावना राणावत, हीना भील, रामेश्वर सिंह चौहान, रामस्वरूप लोधा, विष्णु गुर्जर, शुभम झाला, देवेंद्र सिंह, लखन दांगी, राजेश राठौर, विशाल जाट, राजमोहन गुर्जर, महावीर मेहता, प्रदीप सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार की उपलब्धियां पंजाब में घर घर पहुंचाएगी भाजपा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब केंद्र की मोदी सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियां प्रदेश की जनता तक पहुंचाएगी। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के आह्वान पर पार्टी के सभी मोर्चों द्वारा बाइक रैलियों और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके चलते पंजाब के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में गुरदासपुर में भाजपा के मोर्चों की संयुक्त बैठक का आयोजन भाजयुमो पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष इंजि. कंवरवीर सिंह टोहरा के नेतृत्व में किया गया। बैठक में भाजपा पंजाब के प्रदेश महासचिव राजेश बाघा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## पंजाब में पंचायती जमीनों से अवैध कब्जे हटवाने के लिए चलेगी मुहिम

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने गुरुवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री का पदभार संभालने के बाद एलान किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पंचायती जमीनों से कब्जे छुड़वाने की मुहिम को और तेज किया जाएगा। भुल्लर ने कहा कि विभाग ने कब्जे वाले बड़े जमीनी चंकस (टुकड़ों) पर पहल के आधार पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे बड़े जमीनी चंकस (टुकड़ों) को चिन्हित करके जल्द से जल्द रिपोर्ट पेश की जाए। विभाग के अधिकारियों के साथ पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री भुल्लर को अधिकारियों ने अवगत



करवाया कि दूसरे चरण के अधीन करीब 1349 एकड़ सरकारी जमीन का कब्जा छुड़ाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 9030 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया था, जिसका औसत बाजार मूल्य लगभग 2709 करोड़ रुपए बनता है। भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पहले ही एलान कर चुके हैं कि पंचायती जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कीमती सरकारी जमीन पर नियमों का उल्लंघन कर कब्जा करने वाले रसूखदारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, क्योंकि यह जमीन किसी की निजी मलकीयत नहीं है। लालजीत सिंह भुल्लर ने जहां विभाग के विभिन्न विंगों के कार्यों और योजनाओं की जानकारी ली। वहीं, उन्होंने पंजाब की प्रगति के लिए अधिकारियों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर पंजाब को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री ने अधिकारियों से मनरेगा योजना को और अधिक पारदर्शी बनाने तथा इस योजना के तहत अधिक से अधिक से योग्य लाभार्थियों को शामिल करने को कहा।

## बृजभूषण का पुतला फूंक कर किसानों ने किया प्रदर्शन

### बाडो पट्टी टोल के किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हिसार ( हिंस )।** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन चला रहे पहलवानों के समर्थन में किसान संगठनों ने गुरूवार को लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन व नारेबाजी के पश्चात किसानों ने लघु सचिवालय के बाहर बृजभूषण का पुतला फूंका। इससे पहले किसान संगठनों ने सरकार को अल्टीमेटम दे रखा था कि यदि बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं की गई तो संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान व खापों के निर्देश पर जो भी कड़ा फैसला लिया जाएगा, उसका पालन किया जाएगा। किसान नेताओं ने कहा कि पहलवानों को बदनाम करने के लिए सरकार घटिया हरकतों पर उतर आई है। सोशल मीडिया पर सरकार पहलवालों के अनाप-शनाप मैसेज वायरल कर रही है। यह सरकार की हताशा का ही परिणाम है।इसी तरह जिले के हांसी में एसडीएम कार्यालय, बरवाला में अग्रसेन चौक पर, नारनौद तहसील कार्यालय में बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग पर पुतला दहन किया गया। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार बृजभूषण शरण को गिरफ्तार नहीं करती, तब उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। बाडो पट्टी टोल कमेटी की बैठक वरिष्ठ किसान नेता प्रतापसिंह भ्याण व महेंद्र सिंह पूनिया की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। इसके बाद बरवाला एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय के गेट के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का पुतला जलाया और एसडीएम के के माध्यम से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा। संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष सरदानंद राजली ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से भारतीय महिला पहलवानों को जंतर-मंतर पर विरोध जारी रखने की अनुमति देने, सांसद बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की गई है।

## भाजपा गठबंधन सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता बुरी तरह तंग : अभय चौटाला

**हिसार ( हिंस )।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा गठबंधन सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता बुरी तरह से तंग है। इससे पहले 10 साल तक कांग्रेस ने और अब आठ साल से भाजपा गठबंधन सरकार जनविरोधी निर्णय लेकर जनता का जीना हराम कर चुकी है। वे गुरुवार को परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के उकलाना विधानसभा के गांव बनभोरी, मतलोढ़ा, सरहेडा, खरक पूनिया व बधावड़ में ग्रामीणों से मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा गठबंधन सरकार ने झूठ और फरेब की राजनीति करके पूरे प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है मगर अब लोग इस गठबंधन सरकार से बदला लेने का मन बना चुके हैं, जिससे साफ जाहिर है कि आने वाले चुनावों में न केवल भाजपा-जजपा का सफाया हो जाएगा बल्कि



प्रदेश के हित के लिए लोग इनेलो की ही सरकार बनाएंगे। इस दौरान पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो की पदयात्रा के दौरान पार्टी पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और इसी का ही असर है कि लोग दूसरी पार्टियों को छोड़ कर इनेलो में अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं। अभय चौटाला ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार का दोगला चेहरा लोगों के सामने आ रहा है। लोगों को सहुलियत देने का दंभ तो बड़े जोर से भरा जा रहा है मगर इन्हीं नीतियों की आड़ में लोगों को गुमराह भी किया जा रहा है। इसी सरकार ने गरीबों और जरूरतमंदों के राशनकार्ड काट दिए, बीपीएल परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं में रोड़े अटका दिए हैं। इस गठबंधन सरकार ने विकास की बजाए लोगों से फरेब किया है। पिछले करीब 18 साल हरियाणा पर बड़े भारी गुजरे हैं और इस दौरान कांग्रेस और भाजपा गठबंधन के शासकों ने पूरे प्रदेश को लूट कर न केवल खोखला कर दिया है बल्कि विकास की दृष्टि से भी उजाड़ दिया है।

# पंजाब के कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने संभाला मंत्रालय का कार्यभार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने गुरुवार को पंजाब सिविल सचिवालय में कैबिनेट मंत्रियों अमन अरोड़ा, ब्रह्म शंकर जिम्पा और हरभजन सिंह ईटीओ और विधायकों की मौजूदगी में स्थानीय निकाय और संसदीय मामले विभाग के केबिनेट मंत्री के पद का कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविन्द केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि वह सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों की सेवा करने का मौका मिलना गर्व की बात है और मैं पंजाबियों को भरोसा दिलाता हूं कि उनको अति-आधुनिक प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध कराउंगा। उन्होंने कहा कि हम आम लोग हैं और आम लोगों की मुश्किलों को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार हमारे राज्य को *रंगला पंजाब* बनाने के लिए पहले दिन से ही पूरी दृढ़ता के साथ अथक मेहनत कर रही है और मुख्यमंत्री निश्चित रूप से राज्य को विकास की राह पर ले जाएंगे। इस मौके पर मौजूद कैबिनेट मंत्रियों ने आशा जताई कि बलकार सिंह की मेहनत, कुशलता और दूरदर्शी विचार पंजाब राज्य और पंजाबियों का विकास होगा। इस मौके पर नवनियुक्त मंत्री के पारिवारिक सदस्य, विभाग के सीनियर अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

### महिला पहलवानों के समर्थन में कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**फरीदाबाद ( हिंस )।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी और महिला पहलवानों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए झुठे मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर कर्मचारियों एवं मजदूरों ने सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय पर पर आक्रोश प्रदर्शन किया। संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल फरीदाबाद के बेनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा, कोषाध्यक्ष रहे श्रीपाल सिंह भाटी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री,सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर व महासचिव वीरेंद्र डंगवाल, इंटक से हुकमचंद बैनीवाल,एटक के प्रधान बिशंम्बर सिंह व वैजू सिंह, एचएमएस से आरडी यादव, आईसीटीयू से जवाहर सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से एस एस बांग्गा व लज्जा राम आदि नेता मौजूद थे। प्रदर्शनकारी कर्मचारी राजस्थान भवन के सामने एकत्रित हुए और वहां एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह, सीटू के प्रधान निरंतर पाराशर, एटक के प्रधान कामरेड बिशंम्बर सिंह व इंटक के प्रधान हुकम चन्द बैनीवाल, एचएमएस के रणधीर सिंह, आईसीटीयू के पूरन लाल ने संयुक्त रूप से की। सभा समाप्ति पर वहां से जूलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए डीसी आफिस पर पहुंचे और वहां केंद्र एवं राज्य सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

# महिला पहलवानों के साथ बर्बरता के विरोध में हुआ प्रदर्शन

**रोहतक ( हिंस )।** संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संगठनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरुवार को विभिन्न संगठनों ने महिला पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा बर्बरता करने के विरोध में शहर में प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण की तुरंत गिरफ्तारी व पुलिस द्वारा पहलवानों पर दर्ज मुकदमे खारिज करने की मांग की। गुरुवार को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पहलवानों के समर्थन में मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। जनवादी महिला समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमति सांगवान ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा जिस तरह से महिला पहलवानों के साथ बर्बरता की




गई है, उससे पूरे देश के लोगों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ी न्याय की मांग को लेकर आंदोलनरत है, लेकिन अभी तक सरकार द्वारा कुश्ती संघ अध्यक्ष के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। सरकार के इशारे पर ही दिल्ली पुलिस काम कर रही है और इसी के चलते पहलवानों पर मुकदमे दर्ज किए गए है, जोकि सरकार की तानाशाही रवैया है। पुलिस द्वारा पहलवानों के धरना स्थल से टैंट हटाना भी लोकतंत्र की हत्या है, क्योकि प्रजातंत्र में सभी को अपनी बात रखने व आंदोलन करने का अधिकार है। किसान सभा के नेता प्रीत सिंह ने कहा कि सरकार इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है और जानबूझ कर मामले को लंबा खिचना चाहती है। उन्होंने केंद्र सरकार महिला पहलवानों को दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपने धरना जारी रखने की अनुमति देने, पहलवानों के साथ बर्बरता के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने, बृज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर, तेजी से चार्ज-शीट दाखिल करने और अभियोजन के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ करने व पहलवानों पर बनाये केस रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर ऑल इंडिया लायर्स यूनियन, भारतीय किसान यूनियन, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, एसएफआई, सर्व कर्मचारी संघ, आशा वर्कर्स यूनियन, विकलांग अधिकार मंच के पदाधिकारी शामिल हुए।

## आधुनिक समाज पर बदनुमा कलंक है बाल मजदूरी : बलजीत कौर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने कहा कि बाल मजदूरी आधुनिक समाज के माथे पर एक कलंक है। इस समाप्त करने के लिए राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। बाल विकास मंत्री गुरुवार को यहां सेक्टर-26 में स्थित महात्मा गांधी राज्य स्तरीय लोक प्रशासन संस्थान में विकास विभाग और निजी संस्था बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के सहयोग से बाल मजदूरी को खत्म करने और इन बच्चों के पुनर्वास पर एक दिवसीय वर्कशाप में संबोधित कर रही थीं। मंत्री कौर ने कहा कि पंजाब सरकार बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी और तस्करी को खत्म करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई महीना 1 जून से 30 जून तक मनाया जाएगा। इस वर्कशाप का उद्देश्य विभिन्न विभागों के भागीदारों को साझे रूप में काम करने के लिए तैयार करना है ताकि छापों के दौरान उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को स्पष्ट हो और बच्चों को बचाया जा सके। डॉ. बलजीत कौर ने सभी हिस्सेदारकों से अपील की कि वह सक्रिय रूप से न्याय की पैरवी करने, शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से बाल श्रम में शामिल सभी बच्चों को मुख्यधारा में लाना सुनिश्चित करें।

### पंजाब विवि हमारी विरासत का प्रतीक

# अधिकारों की रक्षा करने के लिए पंजाब सरकार वचनबद्ध : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विश्वविद्यालय के स्वरूप में किसी भी तरह के बदलाव को रोकने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह विश्वविद्यालय राज्य की विरासत है और इसमें कोई भी बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुरुवार को पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ मुख्यमंत्री मान ने एक बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य और इसके लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। मान ने यूनिवर्सिटी से जुड़े तथ्यों को मजबूती के साथ दर्ज करते हुए कहा कि इस संस्थान के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रांतीय महत्व को देखते हुए इसका पंजाब के लोगों के साथ दिल और भावनात्मक रिश्ता है। उन्होंने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी पंजाब की विरासत का प्रतीक है और यह पंजाब के नाम की समानअर्थी भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी केवल पंजाब और उसकी राजधानी चंडीगढ़ की जरूरतों को पूरा करती है। यूनिवर्सिटी का इतिहास, कानून, विशेष, सामाजिक-सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ों के साथ शिक्षक और छात्र भी मुख्य तौर से पंजाब राज्य से जुड़े होने का हवाला देते हुए भगवंत मान ने कहा कि पंजाब राज्य का पंजाब यूनिवर्सिटी का मौजूदा कानूनी और प्रबंधकीय दर्जा बहाल रखा जाना चाहिए। बैठक में भगवंत मान ने याद दिलाया कि वर्ष 1966 में पंजाब के पुनर्गठन के अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी को संसद से पारित पंजाब पुनर्गठन अधिनियम-1966 की धारा 72 (1) के अधीन *इंटर स्टेट बाडी कारपोरेट* घोषित किया गया था। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी अपनी शुरुआत से ही पंजाब में अपना कामकाज लगातार और बिना किसी बाधा के कर रही है। भगवंत मान ने याद करवाया कि इस संस्था को लाहौर, जो उस समय पंजाब की राजधानी थी, से होशियारपुर तबदील कर दिया गया और उसके बाद पंजाब की मौजूदा राजधानी चंडीगढ़ में तबदील कर दिया।

## राष्ट्रीय मरु उद्यान में ज्येष्ठ पूर्णिमा को होगी वन्यजीवों की गणना

**जैसलमेर ( हिंस )।** आगामी ज्येष्ठ पूर्णिमा चार जून को थार मरुस्थल में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान में विचरण करने वाले वन्य जीवों की वाटर होल पद्धति के माध्यम से वन्य जीव गणना की जाएगी। प्रति वर्ष राष्ट्रीय मरु उद्यान द्वारा वैशाख पूर्णिमा पर चांद की भरपूर रोशनी में वन्यजीवों की गणना की जाती है, लेकिन इस बार अपरिहार्य कारणों से गणना कैंसिल होने बाद इस बार ज्येष्ठ पूर्णिमा में वन्य जीवों की गणना की जा रही है। वन विभाग द्वारा इस संबंध में चार जून को होने वाली गणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सभी संसाधनों के साथ पूर्ण कर ली है। राष्ट्रीय मरु उद्यान (डीएनपी) के डीएफओ आशीष व्यास ने बताया की वाटर होल पद्धति से की जाने वाली इस गणना को जानकारों के अनुसार काफी हद तक सही भी माना जाता है। पूर्णिमा पर जंगल में चंद्रमा का प्रकाश अच्छा होता है। गर्मी के मौसम में वन्य जीव पानी के लिए जल स्त्रोत के पास आते है। ऐसे में इन जल स्त्रोत के पास मचान लगाकर बैठकर वन्यजीव की गणना की जाती है। इसलिए पूर्णिमा को वन्यजीव गणना के लिए उपयुक्त माना गया है। जानकार इसका कारण यह भी बताते है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में वन्य जीव



दिन में एक बार पानी पीने जरूर आते हैं। उस क्लोजर पर पानी पीने आने वाले वन्य जीवों की गणना की जाती है। इस बार यह गणना चार जून से सुबह आठ बजे से पांच जून की सुबह तक पानी के स्थानों के पास मचान बनाकर की जाएगी। डीएनपी एरिया में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर होनी वाली गणना में मांसाहारी पशुओं में सियार, गीदड़, जंगली बिल्ली, मरु बिल्ली, लोमड़ी, मरु लोमड़ी शाकाहारी पशुओं में रोजड़ा/नीलगाय, चिंकारा, जंगली सुअर, सेही व पक्षियों में गोडावण, गिद्ध, शिकारी पक्षी (बर्ड्स ऑफ प्रे), मोर व सांडा की गणना की जाएगी। आशीष व्यास ने बताया की ज्येष्ठ पूर्णिमा पर चंद्रमा की धवल चांदनी के बीच वन्य जीवों की गणना के लिए डीएनपी क्षेत्र में वाटर प्वॉइंट बनाए गए हैं। इन वाटर प्वॉइंट पर एक तकनीकी कर्मचारी व एक स्थानीय ग्रामीण गणक को बिठाया जाएगा, जो सतत निगरानी के द्वारा जलीय बिंदु पर पानी पीने आने वाले वन्य जीव की गणना करेंगे।



# भारत के सैन्य विमानों का जेट इंजन बनाएगी जनरल इलेक्ट्रिक अमेरिकी कंपनी, रिपोर्ट में किया गया दावा

**नई दिल्ली।**
**जनरल इलेक्ट्रिक कथित तौर पर भारतीय सैन्य विमानों को शक्ति देने के लिए जेट इंजन का उत्पादन करने के लिए तैयार है। इस समझौते पर बाइडन प्रशासन की ओर से हस्ताक्षर और घोषणा की जानी है।**

उम्मीद है कि यह घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन 22 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार व्हाइट हाउस ने जनवरी में कहा था कि उसे भारत में संयुक्त रूप से इंजन का उत्पादन करने के लिए एक आवेदन मिला है, हालांकि इसकी पुष्टि अब तक नहीं हुई है। जीई ने भी इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

अमेरिका दक्षिण एशिया में चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ संबंधों को गहरा करना चाहता है। हालांकि, चीन ने सरकारी मुखपत्र में एक लेख में भारत से पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका की ओर से देश के शोषण और चीन के खिलाफ भारत को खड़ा करने के बारे में सतर्क रहने को कहा था।

इस बीच, सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने पहले कहा था कि वह दूसरी पीढ़ी के हल्के लड़ाकू विमानों में जीई-निर्मित 414 इंजन का उपयोग करने की योजना बना रही है और यह उन इंजनों के घरेलू उत्पादन पर बातचीत कर रही है। जीई ने अपने लाइसेंस प्राप्त निर्माता के रूप में इंजनों का उत्पादन करने के लिए एचएएल को कुछ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश की है। दूसरी ओर, भारत और अधिक प्रौद्योगिकी साझा करने पर जोर दे रहा है। हालांकि, सौदे को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और इसके लिए अमेरिकी कांग्रेस को अधिसूचना जारी करने की आवश्यकता है।

एचएएल भारतीय वायु सेना के लिए बनाए जा रहे 83 हल्के लड़ाकू विमानों के लिए हल्के जीई इंजन का उपयोग कर रहा है। हालांकि, भारत अगले दो दशकों में अपनी वायु सेना और नौसेना के लिए 350 से अधिक लड़ाकू विमानों का उत्पादन करने का इरादा रखता है, जो जीई 414 से लैस हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार ने मई में जीएसटी से 1.57 लाख करोड़ जुटाए: ये पिछले साल के मुकाबले 12प्रतिशत ज्यादा, अप्रैल में 1.87 लाख करोड़ जुटाए थे




**नई दिल्ली।** सरकार ने मई 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से 1.57 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। ये एक साल पहले यानी मई 2022 के मुकाबले 12प्रतिशत ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.40 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में सरकार ने 1.87 लाख करोड़ रुपए जुटाकर जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड बनाया था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मई 2023 में जीएसटी रेवेन्यू 1,57,090 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीएसटी 28,411 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 35,828 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 81,363 करोड़ रुपए (माल के आयात पर कलेक्ट किए 41,772 करोड़ रुपए सहित) और सेस 11,489 करोड़ रुपए रहा है। सेस में माल के आयात से मिले 1,057 करोड़ रुपए शामिल हैं।पूरे फाइनेंशियल ईयर 2022-23 की बात की जाए तो इसमें टोटल 18.10 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। इसके आधार पर हर महीने जीएसटी कलेक्शन का औसत आंकड़ा 1.51 लाख करोड़ रुपए रहा है। वहीं फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में जीएसटी का ग्रॉस रेवेन्यू, इससे पिछले फाइनेंशियल ईयर 2021-22 की तुलना में 22प्रतिशत ज्यादा रहा है। जीएसटी एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स (वैट), सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 2017 में लागू किया गया था।

### मई में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 31 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा, लगातार 23वें महीने में पॉजिटिव




**नई दिल्ली ।** भारत में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई मई में 31 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। एक मासिक सर्वेक्षण में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में 57.2 से बढ़कर मई में 58.7 हो गया, जो अक्टूबर 2020 के बाद से इस क्षेत्र के स्वास्थ्य में सबसे मजबूत सुधार का संकेत देता है। मई के पीएमआई आंकड़ों ने लगातार 23 वें महीने समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार की ओर इशारा कर रहे हैं। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर का स्कोर वृद्धि को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन दर्शाता है।

### कृतिवासन ने संभाला टीसीएस का सीईओ पद: 34 साल पहले टीसीएस से अपने करियर की शुरुआत की थी, राजेश गोपीनाथन की ली जगह

**नई दिल्ली।** के कृतिवासन ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सीईओ का पद संभाल लिया है। राजेश गोपीनाथन के इस्तीफा देने के बाद टीसीएस ने 16 मार्च को कृतिवासन सीईओ -डेजिगनेट कर दिया था।




कृतिवासन ने 34 साल पहले टीसीएस से ही अपने करियर की शुरुआत की थी। कृतिवासन सीईओ पद संभालने से पहले प्रेसिडेंट और ग्लोबल हेड के तौर पर कंपनी के बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस को संभालते थे। वहीं टीसीएस के इतिहास में फकीर चंद कोहली, सुब्रमण्यन रामादोरई और नटराजन चंद्रशेखरन भी कंपनी के सीईओ रह चुके हैं। गोपीनाथन ने जब पद छोड़ने का ऐलान किया था और कृतिवासन को सीईओ नियुक्त किया गया था तब टीसीएस ने बताया था कि गोपीनाथन अपने सक्सेसर को सपोर्ट और ट्रांजिशन प्रोवाइड करने के लिए सितंबर तक कंपनी के साथ बने रहेंगे। 16 मार्च से डेजिग्नेट सीईओ के. कृतिवासन ट्रांजिशन फेज से गुजरेंगे और उन्हें अगले वित्त वर्ष में सीईओ के रूप में नियुक्त किया जाएगा। गोपीनाथन ने 22 साल काम करने के बाद कंपनी को अलविदा कहा है। उन्होंने 6 साल तक कंपनी के सीईओ का पद संभाला है। अपने इस्तीफे पर गोपीनाथन ने कहा था, टीसीएस में अपने 22 साल के लंबे करियर को मैंने एंजॉय किया। मेरे लिए कंपनी के चेयरमैन चंद्रशेखरन के साथ काम करना सुखद था, जिन्होंने पूरे टेन्योर के दौरान मुझे मेंटर किया।

विदेशी निवेशकों पर सेबी की सख्ती

# करना होगा ज्यादा खुलासा, 3 तरह की जोखिम वाली श्रेणी में रखे जाएंगे एफपीआई

**नई दिल्ली।**
अदाणी हिंडनबर्ग मामले के बाद बदले हालातों को देखते हुए सेबी विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी को लेकर अतिरिक्त निगरानी और सख्ती पर विचार कर रहा है। सेबी ने एक सलाहकार पत्र जारी किया है। इस पर सभी पक्षों से 20 जून तक सुझाव मांगा गया है। इससे सेबी यह सुनिश्चित करने की कोशिश में है कि कहीं भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों के मालिक विदेशी फंडों के जरिये अपने ही पैसे को वापस शेयरों में तो निवेश नहीं करा रहे हैं। पेपर में कहा गया है कि एक सीमा से अधिक इक्विटी में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को कुछ अतिरिक्त खुलासा करना होगा। साथ ही, शेयरों में जनता की न्यूनतम हिस्सेदारी नियमों के संभावित उल्लंघनों से बचाव के लिए एक फ्रेमवर्क भी बनेगा। सेबी का यह फोकस ऐसे एफपीआई पर है जिनके साथ निवेश से जुड़े जोखिम हैं।

**होल्डिंग्स के आधार पर जोखिम की पहचान** - सेबी ने कहा, पारदर्शिता बढ़ाने वाले ऐसे अतिरिक्त कदमों की जरूरत है जिससे ऊंचे जोखिम वाले एफपीआई की पहचान हो सके। ऐसे जोखिम की पहचान विदेशी निवेशकों की होल्डिंग्स के आधार पर होगी। इस आधार पर निवेशकों को कम जोखिम, मध्यम जोखिम या ऊंचे जोखिम की श्रेणी में रखा जा सकता है। सरकारी फंड, सॉवरेन वेल्थ फंड, पेंशन और पब्लिक रिटेल फंड कम जोखिम के दायरे में रहेंगे। सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि अगर कोई फंड खुलासों से बचना चाहता है तो



वह 6 माह में किसी कंपनी में अपने निवेश को 50प्रतिशत से कम कर दे।

**तो बंद करना होगा कारोबार** - सेबी ने सुझाव दिया कि जहां भी जरूरत हो, इस तरह के अतिरिक्त खुलासे करने होंगे। खुलाना नहीं करने वाले एफपीआई को 6 माह के अंदर कारोबार समेटना होगा।

**ये खुलासे करने होंगे** -
एफपीआई को किसी भी मालिकाना हक, आर्थिक हित, या नियंत्रण अधिकारों के साथ सभी व्यक्तियों और/या सार्वजनिक रिटेल फंड या बड़ी सार्वजनिक सूचीबद्ध संस्थाओं का विस्तृत आंकड़ा देना होगा। जिस विदेशी निवेशकों के एसेट अंडर मैनेजमेंट का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा किसी एक समूह में और भारतीय शेयर बाजार में 250 अरब रुपये से ज्यादा निवेश होगा, उन्हें अतिरिक्त खुलासा करना होगा।

### एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तिः 15.85 लाख करोड़ की नेटवर्थ के साथ अरनॉल्ट को पछाड़ा, मुकेश अंबानी 13वें नंबर पर

**वॉशिंगटन।** टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क ने फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की पोजिशन फिर से हासिल कर ली है। बीते 5 दिनों में टेस्ला का शेयर 12.04प्रतिशत बढ़कर 203.93 डॉलर पर पहुंच गया है जिस कारण मस्क की नेटवर्थ बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार मस्क की कुल नेटवर्थ 192 बिलियन डॉलर (करीब 15.85 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। वहीं दुनिया के सबसे बड़े फैशन ग्रुप लुई वितॉ मोएट हेनेसी के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 187 बिलियन डॉलर (करीब 15.43 लाख करोड़ रुपए) है। अमेजन के मालिक जेफ बेजोस 144 बिलियन डॉलर (करीब 11.88 लाख करोड़ रुपए) नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं। टेस्ला के शेयरों में तेजी के बाद नवंबर 2021 में मस्क दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी बने थे। उन्होंने अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया था। 5 नवंबर 2021 को मस्क की नेटवर्थ 338 बिलियन डॉलर (करीब 27.95 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई थी। तब टेस्ला के एक शेयर की कीमत 400 डॉलर से ज्यादा थी। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के टॉप 10 में एक भी भारतीय नहीं है। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 84.7 बिलियन डॉलर (6.99 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ अंबानी 13वें नंबर पर है। वहीं गौतम अडाणी 61.3 बिलियन डॉलर (करीब 5.05 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 19वें नंबर पर हैं।

# अमेरिका का ऋण सीमा संकट टला! जनप्रतिनिधि सभा में पास हुआ विधेयक



**वॉशिंगटन।**
**अमेरिका का ऋण सीमा संकट फिलहाल टल गया है। बता दें कि अमेरिकी संसद की जनप्रतिनिधि सभा ने ऋण सीमा को बढ़ाने वाला बिल पास कर दिया है। बता दें कि अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा था कि अगर अमेरिकी संसद 5 जून तक ऋण सीमा को नहीं बढ़ाती है तो अमेरिका सरकार अपने खर्चों को भी पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे में अमेरिकी संसद के एक सदन में ऋण सीमा बढ़ाने का बिल पास होना अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए राहत की खबर है।**

ऋण सीमा समझौते को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडन और सदन के सभापति और रिपब्लिकन सांसद केविन मैक्कार्थी के बीच सहमति बनी थी। जिसके बाद जनप्रतिनिधि सभा में ऋण सीमा बढ़ाए जाने को लेकर पेश किए गए बिल पर वोटिंग हुई। वोटिंग से पहले डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों ही पार्टियों ने समझौते का समर्थन किया। जिसमें रिपब्लिकन सांसदों की भी अगले दो साल तक गैर रक्षा विवेकाधीन खर्च को कम करने की बात मानी गई।

बिल को 314 सांसदों ने समर्थन किया। वहीं 117 सांसद इसके विरोध में थे। डेमोक्रेटिक पार्टी के 165 सांसदों ने बिल का समर्थन किया और 46 इसके विरोध में थे। वहीं रिपब्लिकन पार्टी के 149 सांसदों ने इसका समर्थन किया और 71 ने इसका विरोध किया। इस बिल के तहत एक जनवरी 2025 तक ऋण सीमा को बढ़ाया गया है। अब इस बिल को अमेरिकी सीनेट में भेजा जाएगा, जहां इस पर जल्द से जल्द विचार विमर्श किया जाएगा। सीनेट में इस हफ्ते ही इस बिल पर वोटिंग हो सकती है। हालांकि इस बिल के विरोध में भी आवाज उठनी शुरू हो गई है। पूर्व सभापति नैंसी पेलोसी ने कहा कि यह विधेयक सिर्फ अभूतपूर्व दिवालियापन को सिर्फ कुछ समय के लिए टाल सकता है और इससे अमेरिका और इसके लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## कोकाकोला, पेप्सी और स्प्राइट को टक्कर देगा भारतीय ब्रांड बिसलेरी

**नई दिल्ली।**
देश में बढ़ती गर्मी के कारण कोल्ड ड्रिंक्स की मांग बढ़ी है। लोगों की बढ़ती डिमांड को ध्यान में रखकर कंपनियां नए-नए फ्लेवर को बाजार में ला रही है। इस बीच, पैकेज्ड वाटर कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल ने भी बड़ी कोल्ड ड्रिंक ब्रांड्स जैसे कोकाकोला, (पेप्सी), स्प्राइट, को टक्कर देने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो में कार्बोनेटेड पेय पदार्थों को शामिल कर लिया है। इसकी जानकारी कंपनी ने दी। बता दें कि बिसलेरी ने तीन नए फ्लेवर में अपने ड्रिंक्स को बाजार में उतारा है। कंपनी के अनुसार, जो नए फ्लेवर में कोल्ड ड्रिंक को लांच किया है, उसमें रेव, पोपा और स्पाई जीरा सब ब्रांड शामिल हैं। इसके जरिए कंपनी लोगों को अपने नए फ्लेवर की कोल्ड ड्रिंक में फिज कोला, ऑरेंज, लेमन और जीरा कैटेगरी के टेस्ट प्रोवाइड करना चाहती है। बता दें कि बिसलेरी पैकेज्ड वाटर के साथ ही अपने लिमोनाटा ब्रांड के तहत कार्बोनेटेड ड्रिंक भी बेचती है। बीते साल टाटा ग्रुप बिसलेरी इंटरनेशनल को खरीदने वाला था। हालांकि, बाद में बिसलेरी के मालिक रमेश चौहान ने अपना उत्तराधिकारी न होने और बढ़ती उम्र में खराब स्वास्थ्य होने का कारण बताकर बिसलेरी




को बेचने का मन बनाया था। इस कंपनी को खरीदने के लिए टाटा ग्रुप के अलावा और भी कई कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन टाटा कंज्यूमर के साथ ये डील लगभग पूरी हो गई था। मगर लास्ट मोमेंट में दोनों कंपनियों के बीच वैल्यूएशन को लेकर बात बिगड़ गई और उसके बाद इस डील को तोड़ दिया गया। टाटा ग्रुप से डील टूटने के बाद बिसलेरी के के मालिक रमेश चौहान ने कंपनी का जिम्मा बेटी जयंती चौहान को दे दिया। इसके बाद कंपनी के कारोबार को बढ़ाने के लिए चौहान ने नई स्ट्रेटजी बनाई। बता दें कि बिसलेरी के कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक की 160 एमएल से 600 एमएल की बॉटल को ग्राहक खरीद सकते हैं। नए फ्लेवर की कोल्ड ड्रिंक के प्रमोशन के लिए कंपनी कई बड़े सेलीब्रेटीज और बड़े नामों को अपने साथ जोड़ा है।

# मुकेश अंबानी फिर दादा बने: बड़े बेटे आकाश की पत्नी श्लोका ने बेटी को जन्म दिया, उन्हें 2020 में बेटा हुआ था

**मुंबई।**
उद्योगपति मुकेश अंबानी एक बार फिर दादा बने हैं। उनके बड़े बेटे आकाश अंबानी की पत्नी श्लोका ने बेटी को जन्म दिया है। आकाश और श्लोका दूसरी बार पेरेंट्स बने हैं। इससे पहले दिसंबर 2020 में उन्हें एक बेटा हुआ था, जिसका नाम पृथ्वी है। आकाश के दोस्त धनराज नाथवानी ने अंबानी परिवार में आए नए मेहमान की जानकारी दी। धनराज राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी के बेटे हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- आकाश और श्लोका अंबानी को उनकी नन्ही राजकुमारी के आगमन पर हार्दिक बधाई। यह अनमोल आशीर्वाद आपके जीवन में अपार खुशियां और प्यार लाए।

**आकाश-श्लोका स्कूल में साथ पढ़ते थे** - आकाश और श्लोका की शादी 9 मार्च 2019 को हुई थी।



दोनों स्कूल फ्रेंड रहे हैं। उनकी स्कूलिंग धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से हुई। श्लोका ने अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से एंथ्रोपॉलजी की पढ़ाई की। इसके बाद लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से मास्टर्स की डिग्री हासिल की।

आकाश और श्लोका का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन स्विट्जरलैंड के सेंट मॉरिट्ज में रखा गया था। यह प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन तीन दिन तक चला था। इस सेलिब्रेशन में भी तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हुई थीं।

**श्लोका कारोबारी के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं** - श्लोका रोजी ब्लू फाउंडेशन की डायरेक्टर हैं। इस हीरा कंपनी के मालिक श्लोका के पिता रसेल मेहता हैं। बिजनेस लेडी होने के साथ ही श्लोका एक सोशल वर्कर भी हैं। उन्होंने 2015 में कनेक्टफार नाम से एनजीओ शुरू किया था, जो कि जरूरतमंदों को शिक्षा, भोजन और घर उपलब्ध कराता है।

**6 महीने पहले ईशा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था** - मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी ने नवंबर में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। उनकी शादी आनंद पीरामल से चार साल पहले हुई थी। ईशा और आनंद की बेटी का नाम आदिया और बेटे का नाम कृष्णा रखा गया है। मुकेश अंबानी के परिवार में अब चार छोटे बच्चे हो गए हैं।

93वें-साल की हुई देश की पहली लग्जरी-ट्रेन डेक्कन क्वीन

# 1930 में अंग्रेजों के लिए शुरू की गई थी, पुणे से मुंबई के बीच चलती है

**पुणे।**
1 जून 1930 को अंग्रेजों के लिए शुरू की गई देश की पहली डीलक्स ट्रेन डेक्कन क्वीन 93 साल की हो गई डेक्कन क्वीन पूरे भारत में एकमात्र ऐसी ट्रेन है, जिसमें डाइनिंग कार है जो 32 यात्रियों के लिए टेबल सर्विस ऑफर करती है। इसमें माइक्रोवेव ओवन, डीप फ्रीजर और टोस्टर जैसी मॉडर्न पेंट्री फैसिलिटीज हैं।

हर साल इस ट्रेन का बर्थ-डे मनाया जाता है। इस बार भी गुरुवार सुबह पुणे रेलवे स्टेशन पर डेक्कन क्वीन का बर्थ-डे 2 बड़े केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल भी मौजूद रहे। एक बैंड ने मोहम्मद रफी का क्लासिंग सॉन्ग बार बार दिन ये आए बजाया। प्लेटफॉर्म पर पूजा भी की गई।

### पुणे से मुंबई के लिए रवाना हुई ट्रेन

सेलिब्रेशन के बाद यह ट्रेन पुणे से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए रवाना हुई। डेक्कन क्वीन पिछले साल से नए लिंके हॉफमैन बुश रेक के साथ चल रही है, जिसे पारंपरिक रेक की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक माना जाता है।

### सवा तीन घंटे में पूरा करती है पुणे-मुंबई का सफर

डेक्कन क्वीन पुणे से सुबह 07: 15 बजे रवाना होती है और सवा तीन घंटे बाद सुबह 10:30 बजे मुंबई पहुंचती है। मुंबई से फिर यह ट्रेन शाम 05: 10 बजे रवाना होती है और रात 08:25 पुणे रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। नवंबर 2003 में इसे सर्टिफिकेट मिला था।

### सात डिब्बों के साथ शुरू हुई थी डेक्कन क्वीन

ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे ने जून 1930 में ये लग्जरी ट्रेन शुरू की थी।



लोकल लैंग्वेज में इसे दक्खन की रानी भी कहा जाता है। सात डिब्बों के साथ शुरू हुई इस ट्रेन के सभी डिब्बे सिल्वर और शाही नीले रंग के थे, जिनके बीच में एक सुनहरे रंग की लाइन थी।

यह देश की पहली ट्रेन थी, जिसे इलेक्ट्रिक इंजन खींचता था। इसका वास्तविक मॉडल इंग्लैंड में बना था, जबकि बोगियां मुंबई के मोटुंगा में जीआईपीआर की वर्कशॉप में बनी थीं। डेक्कन क्वीन में महिलाओं के लिए पहली बार स्पेशल कोच जोड़ा गया था।

### 1974 में ट्रेन की थर्ड क्लास को सेकेंड क्लास में बदल गया

1948 तक यह सिर्फ फर्स्ट क्लास और सेकेंड क्लास के डिब्बों वाली रेल थी। जनवरी 1949 में इसके फर्स्ट क्लास प्रथम श्रेणी को खत्म करके, सेकेंड क्लास को फर्स्ट क्लास में तब्दील कर दिया गया था। जून 1955 में इसमें थर्ड क्लास की शुरुआत की गई। फिर 1974 में इसकी थर्ड क्लास को सेकेंड क्लास में बदल दिया गया। डेक्कन क्वीन के ओरिजनल रेक के कोचों को 1966 में एंटी-टेलीस्कोपिक स्टील बॉडी वाले इंटीग्रल कोचों से बदल दिया गया था, जो तमिलनाडु के पेराम्बुर की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनाए गए थे। इन नए कोचों में बेहतर कंफर्ट के लिए बोगियों को नया डिजाइन दिया गया था। इसके इंटीरियर में साज-सज्जा भी की गई थी।

### पैसेंजर्स घटे तो इंडियन्स को डेक्कन क्वीन में मिली एंट्री

शुरू में इसे सप्ताह में एक दिन स्पेशल ट्रेन के रूप में सिर्फ अंग्रेजों के लिए चलाया जाता था। एक दशक तक इसी तरह चलने के कारण पैसेंजर्स की संख्या घटने लगी, जिसके बाद साल 1943 में इंडियन्स को भी इसमें ट्रेवल करने की मंजूरी मिल गई। इसके बाद यात्रियों की संख्या बढ़ी और फिर इसका संचालन डेली होने लगा।

# कृति सैनन ने लिया माता सीता का आशीर्वाद

**-आदिपुरुष का प्रमोशन हो गया तेज**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म आदिपुरुष की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे इसका प्रमोशन भी तेज हो गया है। इसी क्रम में कृति सीता गुफा मंदिर पहुंची। सीता गुफा मंदिर नासिक के पंचवटी में स्थित है। कृति सैनन सिंगर सचेत परंपरा के साथ पंचवटी कालाराम मंदिर पहुंची। माना जाता है कि वनवास के दौरान भगवान राम और सीता इसी गुफा में रुके थे। कृति सैनन ने मंदिर में आरती की और राम सिया राम भजन भी गाया। उनके साथ सिंगर सचेत-परंपरा भी सीता गुफा पहुंचे थे। कृति ने माता सीता का आशीर्वाद लिया। कृति सैनन ने मंदिर में आरती के दौरान सिर को अपने दुपट्टे से अपना ढक लिया था। इस दौरान वह एक पेस्टल सलवार सूट में दिखीं। उन्होंने आरती के दौरान सिया राम जय जय राम का जयकारा भी लगाया। कृति सैनन को माता सीता के किरदार में फैंस काफी पसंद कर रहा है। हाल में रिलीज ट्रेलर और गानों में उनके चेहरे पर एक खास चमक देखी जा सकती है।बता दें, एक दिन पहले ही आदिपुरुष का गाना राम सिया राम रिलीज हुआ है। इसे सचेत-परंपरा ने गाया है और इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। यह गाना हमें राम और सीता के बंधन की बॉन्डिंग को दिखाता है। राम सिया राम गाने की शुरूआत जानकी राघव की है और राघव की ही रहेगी डायलॉग से होती है। यह डायलॉग कृति बोलती हैं। आदिपुरुष के अबतक 2 गाने जय श्री राम और राम सिया राम लॉन्च हुए हैं। बता दें कि आदिपुरुष रामायण पर आधारित है। फिल्म में कृति सैनन सीता के किरदार में नजर आएंगी, जबकि प्रभास भगवान राम की भूमिका में हैं। सैफ अली खान रावण के किरदार में हैं।

# करण और करीना के बीच पैसा की वजह से आई थी दरार

**-9 महीने तक नहीं देखा एक-दूजे का चेहरा**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड में यह सभी को मालूम है कि करण जौहर और करीना कपूर काफी अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं। करण ने करीना की कई फिल्मों को डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी किया है। लेकिन दोनों की लाइफ में एक ऐसा भी दौर आया जब दोनों ने एक-दूसरे की शक्ल भी नहीं देखी। इसकी वजह जानकर आप हैरान हो जाएंगे। आप लोगों को लगता होगा कि पैसा सिर्फ हमारे लिए मायने रखता है, उनके पास अथाह पैसा है। लेकिन ऐसा नहीं है! करण जौहर और करीना कपूर खान के बीच जो दरार आई उसकी वजह पैसा था। करण ने अपनी ऑटोबायोग्राफी एन अनसूटेबल बॉय में इसका जिक्र किया है। बात साल 2003 में आई फिल्म कल हो ना हो की कास्टिंग के दौरान की है। साल 2002 में करीना कपूर, ऋतिक रोशन और रानी मुखर्जी स्टारर मुझसे दोस्ती करोगे रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई। इसे लेकर करीना दुखी थीं। फिल्म के पहले वीकेंड पर करण जौहर ने करीना कपूर को कॉल किया। करण ने करीना को फिल्म कल हो ना हो में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम करने का ऑफर दिया। लेकिन करीना ने करण से कहा कि फिल्म में वह तभी काम करेंगी, जब उन्हें शाहरुख खान जितनी फीस मिलेगी। यह सुनकर करण शॉक्ड हो गए थे। उन्होंने खुद ही करीना को मना कर दिया।करण जौहर ने करीना कपूर की इस बात से बहुत दुखी हो गए थे।

क्योंकि उनके पिता यश जौहर और वो फिल्म के प्रोड्यूसर थे। उनके पिता चाहते थे कि करीना इस फिल्म में काम करें। पिता के कहने पर उन्होंने करीना को दोबारा फोन लगाया, लेकिन करीना तब भी उनका फोन नहीं उठाया। करीना का यह व्यवहार देख उन्होंने तुरंत प्रीति जिंटा को ऑफर दिया। प्रीति फिल्म में काम करने को तैयार हो गईं। इसके बाद करण जौहर ने लगभग 1 साल तक करीना कपूर से बात नहीं की। यहां तक दोनों ने लगभग 9 महीने तक एक-दूसरे का चेहरा तक नहीं देखा। लेकिन यश जौहर की तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद करीना ने करण को उनका हालचाल जानने के लिए किया। इस दौरान दोनों ने अपने गिले शिकवे दूर किए। बता दें कि करण जौहर और करीना कपूर खान बॉलीवुड के सबसे अच्छे दोस्त हैं। यहां तक करीना की गर्ल्स गैंग के भी काफी करीब हैं। उन्हें अक्सर साथ में पार्टी और गेट टुगेदर में अक्सर देखा जाता है।


# बॉलीवुड में काम करने तैयार हूं, लेकिन रोल अच्छा होना चाहिए

**-पंजाबी फिल्म की एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने कहा**



**मुंबई (ईएमएस)।** सबके दिमाग में कई बार सवाल आता है कि पंजाबी फिल्म की एक्ट्रेस सोनम बाजवा बॉलीवुड की तरफ रुख क्यों नहीं कर रही हैं। इसे लेकर हाल ही एक इंटरव्यू में सोनम ने अपने दिल की बात रखी। सोनम बाजवा ने पंजाबी इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम बना लिया है। वे कई दफा कह चुकी हैं कि उन्हें बॉलीवुड फिल्में पसंद हैं और वे अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रही हैं। बता दें कि हैप्पी न्यू ईयर में दीपिका पादुकोण वाले किरदार के लिए सोनम ने भी ऑडिशन दिया था। इसके अलावा स्ट्रीट डांसर 3 के लिए उन्होंने एक गाना भी शूट किया था लेकिन वह फिल्म से हट गया था, जिसे बाद में यू ट्यूब पर रिलीज किया गया था।बॉलीवुड फिल्मों में अब तक ना नजर आने को लेकर हाल ही सोनम ने बातचीत की। इस दौरान सोनम ने बताया, मैं जब फिल्मों में जगह बना रही थी, तब एक बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ 3 फिल्मों की डील की थी लेकिन शूटिंग से 6 दिन पहले मुझे प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। बताया गया कि निर्देशक नर्वस फील कर रहे हैं क्योंकि वह उनकी पहली फिल्म है और वे रिस्क नहीं लेना चाहते। मुझे उस वक्त इसलिए बाहर का रास्ता दिखाया गया क्योंकि मैं नई थी। लेकिन अब जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है अच्छा हुआ मैं उन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा नहीं बनी। मैं हमेशा से बॉलीवुड में काम करने के लिए तैयार हूं लेकिन रोल अच्छा होना चाहिए, जो परिवार के संग देखा जा सके। सोनम ने यह भी बताया कि वे फिल्मों में किसिंग सीन को लेकर डरती थीं क्योंकि उन्हें लगता था कि पर्दे पर उनकी इमेज देखकर पता नहीं लोग क्या सोचेंगे। परिवार वाले कैसे रिएक्ट करेंगे। बता दें कि पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में सोनम बाजवा फेमस नाम है। सोनम में अपनी स्टाइल और एक्टिंग के जरिए वहां खास पसंद की जाती हैं। इसके साथ ही बॉलीवुड पार्टीज और म्यूजिक वीडियोज में भी सोनम का अंदाज छाया रहता है। सोशल मीडिया पर भी वे एक्टिव हैं और अक्सर अपने फोटोज शेयर करती रहती हैं।


# काइली ने शेयर की अपनी कातिलाना तस्वीरें



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर ने अपनी कुछ कातिलाना तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देख फैंस मदहोश हो रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में काइली जेनर थाई हाई स्लिट ब्लैक ड्रेस में बेहद किलर लग रही हैं। डीप नेक ड्रेस में एक्ट्रेस के क्लीवेज साफ नजर आ रहे हैं और साइड कट में वह अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। घर की बालकनी पर खड़े होकर वह ग्लास से सटकर कातिलाना पोज दे रही हैं। फैंस उनकी अदाओं पर मर मिटे जा रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें काइली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 391 मिलियन फॉलोवर्स हैं। बता दें कि काइली अपने काम से ज्यादा लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचाती रहती हैं।

# फिल्म कैम्पियन्स में काम करने से सलमान का इंकार

**-अब रणबीर कपूर पर ठहरी निगाहें**




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म लालसिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर खान ने फिल्मों से ब्रेक ले लिया और अपनी अगली स्पेनिश फिल्म कैम्पियन्स (चैंपियन्स) के लिए उन्होंने सलमान खान को चुना। सलमान और आमिर के बीच इस रीमेक को लेकर बात चल रही थी। अब सलमान ने इस फिल्म को करने ने इनकार कर दिया है, जिसके बाद अब आमिर ने रणबीर को अप्रोच किया है। लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के बाद आमिर खान ने फिल्मों से ब्रेक ले रखा है। पहले वो इस स्पेनिश फिल्म कैम्पियन्स (चैंपियन्स) में काम करने वाले थे, लेकिन अब बतौर एक्टर वो इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और फिल्म के लिए अच्छे एक्टर की तलाश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर ने चैपियंस के हिंदी रीमेक में लीड रोल निभाने के लिए सलमान को अप्रोच किया था। इतना ही कहा जा रहा था मार्च तक फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडस्ट्री से जुडे.एक सोर्स ने कहा- सलमान खान कैम्पियन्स (चैंपियन्स) रीमके में काम करने के लिए काफी एक्साइटेड थे। हालांकि, बाद में सलमान को रियलाइज हुआ कि फिल्म उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स के बीच आ रही है। डेट्स न मिल पाने के कारण, उन्हें फिल्म से बाहर होना पड़ा। आमिर की यह फिल्म 2018 में आई कैंपियन्स का ऑफिशियल रीमेक है, जो कि एक कॉमेडी ड्रामा है। रणबीर को पसंद आई फिल्म की सलमान के प्रोजेक्ट से बाहर होने के बाद अब आमिर ने रणबीर कपूर से कॉन्टैक्ट किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर को भी फिल्म का नैरेशन सुनने के बाद पसंद आया है, अगर सब कुछ ठीक रहता है तो रणबीर चैंपियन्स में लीड रोल निभाएंगे। रणबीर इन दिनों एनिमल की शूटिंग में बिजी हैं, दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि वे सौरव गांगुली की बायोपिक में भी नजर आ सकते हैं, जिसे लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्मित करने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म की पटकथा को पूरा कर लिया है और सौरव गांगुली इस पटकथा से खुश हैं। लव रंजन ने इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर से पहले ही बात कर रखी है, हालांकि अभी तक कुछ आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया गया है। चैंपियंस एक स्पेनिश फिल्म चैम्पियन्स की रीमेक है, जिसे आरएस प्रसन्ना डायरेक्ट करेंगे।

# पलक ने बिखेरा अपनी हॉटनेस का जलवा



हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी व एक्ट्रेस पलक तिवारी डेब्यू फिल्म किसी का भाई किसी की जान रिलीज हुई हैं। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को खूब सराहा जा रहा है। एक्ट्रेस पलक तिवारी इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं। पलक ने अपनी हॉटनेस का जलवा बिखेरा है। पलक तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत और हॉट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में पलक स्विमिंग पूल में ब्रेस्कफास्ट इंजॉय करती नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है- ब्रेकफास्ट के साथ मैं भी तैर रही हूं। आउटफिट की बात करें तो, पलक ने ब्लू कलर की मोनोकिनी पहनी हुई है। जिसके साथ उन्होंने मेसी बन बनाया है। इस ओवरऑल लुक में पलक काफी हॉट और स्टनिंग लग रही हैं। पलक हर फोटो में अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। जिसमें उनका स्लिम और टोंड फिगर साफ नजर आ रहा है। इन फोटोज को फैंस भी काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर पलक की तारीफ कर रहे हैं।

# अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'नाच रे पतरकी 3.0' हुआ रिलीज



सारेगामा हम भोजपुरी और अरविंद अकेला कल्लू का जलवा एक बार फिर से भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में देखने को मिल रहा है। कल्लू का नया गाना नाच रे पतरकी 3.0 आज रिलीज हो गया है। नाच रे पतरकी का यह गाना तीसरा वर्जन है। इससे पहले इसके 2 वर्जन ने भोजपुरी के दर्शकों को नागिन धुन पर खूब नचाया। म्यूजिक प्रधान इस गाने में भी कल्लू ने अपनी छाप छोड़ी है और यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है। नागिन थीम पर इस गाने का म्यूजिक बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैकी श्रॉफ की फिल्म के म्यूजिक को याद कर आने वाला है। भोजपुरी में यह अपने आप में नायाब और अनोखा है, जिसे कल्लू अपने फैंस और भोजपुरी म्यूजिक लवर्स के लिए लेकर आए हैं। गाना नाच रे पतरकी 3.0 के बारे में सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने बताया कि नाच रे पतरकी फ्रेंचाइजी का यह एक और शानदार गाना है जो सबको झूमने पर मजबूर कर देगा। नए प्रयोग और विजन के साथ हमने इस गाने को बनाया है। नागिन धुन का गाना लोगों में बेहद पसंद किया जाता रहा है। इस को ध्यान में रखकर हमने एक बेहतरीन कांसेप्ट के साथ लाजवाब गाना अपने भोजपुरी के दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया है। उम्मीद करते हैं कि यह सभी लोगों को पसंद आएगा और इस सीरीज के पहले दो गानों की तरह यह धमाल मचाएगा। कल्लू ने कहा कि गाना नाच रे पतरकी 3.0 की धुन बेहद मजेदार है। मैं भोजपुरी म्यूजिक लवर्स और अपने फैंस से अपील करूंगा कि आप सभी इस गाने को खूब सुने और इससे बड़ा बनाएं। हमारे गाने का म्यूजिक वीडियो भी बेहद आकर्षक है, जिसमें मेरे साथ भोजपुरी न्यू कमर नम्रता मल्ला का सेंसेशनल डांस आपको खूब भाएगा, यह मेरा विश्वास है।

# सिटाडेल के अगले पार्ट का नाम है सिटाडेल डायना

प्राइम वीडियो ने सिटाडेल के फैन्स को एक धमाकेदार सरप्राइज दिया है। इस स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने आज सिटाडेल स्पाईवर्स के अगले चैप्टर के टाइटल अनाउंटमेंट के साथ सीरीज के फर्स्ट लुक की झलक भी फैन्स को दे दी है। इस अपकमिंग सीरीज के नेक्स्ट पार्ट का नाम सिटाडेल डायना है और इसमें माटिल्डा डी एंजेलिस लीड किरदार में नजर आएंगी।बता दें, सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन की जोड़ी लीड रोल में नजर आई हैं। इस स्पाईवर्स सीरीज के आखिरी एपीसोड ने आज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग शुरू की है। इस सीरीज का फिनाले एपीसोड ट्विस्ट और धमाकेदार सरप्राइजेज से भरा हुआ है। फिनाले एपिसोड के बाद सिटाडेलः डायना के पोस्ट-क्रेडिट टीजर ने अगले चैप्टर के साथ सिटाडेल स्पाईवर्स के विस्तार के रूप में आने वाले समय की एक झलक पेश की है।

# मलाइका ने अपलोड किया फोटो बायफ्रेंड का



बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका ने हाल ही में अपनी इंजस्टाग्राम स्टोरीज पर एक फोटो अपलोड की है, यह नेकेड फोटो उनके बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर का है। फोटो में अर्जुन बिना कपड़ो के सोफा पर अंगड़ाई लेते नजर आ रहे है और उनकी गोद में एक पिलो रखा हुआ है। इस प्राइवेट फोटो को शेयर करते हुए मलाइका ने कैप्शन में लिखा मेरा अपना आलसी लड़का। लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे मलाइका अर्जुन की उम्र में 12 साल का फर्क है लेकिन जिस तरह की बॉन्डिंग वो शेयर करते हैं उससे यह साबित हो गया है कि प्यार की कोई उम्र नहीं होती। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के रिश्ते के बारे में कौन नहीं जानता। कपल चार साल से एक दूसरे के साथ है। दोनो लिव इन में रहते हैं और अक्सर अपनी रोमांटिक फोटोज फैंस के साथ शेयर करते हैं। लेकिन इस बार जो मलाइका ने किया है उसे देख कर आपकी आंखे खुली की खुली रह जाएंगी।

## सूडोकु नवताल- 6449

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6448 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7196

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड्री | च | र | स | धी | सी | ल | अ |
| च | शो | ल | दे | क्रां | ति | ड्ड | इं | ता | ट | नु |
| ला | स | ले | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | अ | रो |
| मु | ज | ज | सु | चु | र | रा | प | र | ना | ध |
| रा | फ | दो | ग | ल्ता | प | ज | तू | गी | मि | र्निं |
| री | क | की | प | ह | न | के | ना | ता | का | ग |
| ही | अ | स | रा | या | प | अ | चु | ज | ला | ट्रे |
| रो | ता | दा | ई | ह | ब | भि | फ | प | श | न |
| ब | बा | छ | लि | या | मा | मा | ल | व | के | न |
| न | ला | म | लि | प | न | न | शा | स्त्री | ता | ने |
| ने | जी | व | अ | चा | न | क | शा | त | र | इ |

*शब्दजाल में 'असरानी'की10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

अभिमान,अचानक,छलिया,चुपके-चुपके, चरस,फकीरा,शोले,अनुरोध,चला मुरारी हीरो बनने,अनामिका

**शब्दजाल - 7195 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ल | र | ही | दा | उ | प | का | र | झ | आ |
| ज | द | ल | र | आ | क | ह | ब्ब | तें | शा | रा |
| अं | इ | मी | रां | ल | दा | ल | न | र | ला | म |
| जं | कु | अ | झा | बे | ला | क | सी | रि | श | औ |
| जी | ति | श | ने | व | द | स | ब | ग | वी | र |
| र | रं | गं | गा | की | सौ | गं | ध | ती | प | श्या |
| जो | गा | ध | र्मा | गा | प | म | र | कौ | या | म |
| श | बा | जीं | स | त | क | छ | श | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | म | रा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | बी | ना |
| थो | कु | र्बा | नी | र | हो | ग | या | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6149

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | 2 | | 6 |
| | 30 | 7 | 31 | | 34 | |
| 6 | 3 | | 4 | | 7 | 1 |
| | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | |
| 7 | 5 | | | 1 | | 4 |
| | 30 | | 32 | 7 | 34 | |
| 4 | 2 | 1 | | 3 | 5 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6148 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | 6 | 33 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# आईपीएल –फाइनल के बाद सो नहीं पाए थे मोहित शर्मा : जडेजा ने मोहित के आखिरी दो गेंदों पर छक्का–चौका जड़कर चेन्नई को बनाया था चैंपियन

**मुंबई।**
**आईपीएल के 16वें सीजन के सोमवार को रिजर्व डे में खेले गए फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। चेन्नई को आखिरी ओवर में 2 गेंदों पर 10 रन की जरूरत थी और जडेजा ने पहले छक्का और उसके बाद चौका जड़ कर मैच चेन्नई के पाले में कर दिया। गुजरात की ओर से गेंदबाजी मोहित शर्मा कर रहे थे।**

मोहित ने कहा, मैच के बाद नींद नहीं आई। मैं यही सोचता रहा कि आखिर मैं ऐसा क्या अलग कर सकता था कि टीम दूसरी बार चैंपियन बन जाती। मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा था। ऐसा लग रहा है कि मैंने कुछ खो दिया है। हालांकि अब मैं इससे उबरने की कोशिश कर रहा हूं।

बारिश से बाधित इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाए। चेन्नई को जीत के लिए 215 रन चाहिए थे। लेकिन बारिश की वजह से 5 ओवर कम कर दिए गए। ऐसे में डकवर्थ लुईस के तहत चेन्नई को 15 ओवर में 171 रन का टारगेट दिया गया। जीत के लिए चेन्नई को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी। मोहित शर्मा के सामने चेन्नई के शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा थे।

### आखिरी ओवर में चाहिए थे 13 रन

मोहित ने बताया कि आखिरी ओवर में उन्होंने यॉर्कर डालने की योजना बनाई। शुरुआती चार गेंदों में कामयाब भी रहे, लेकिन आखिर के दो गेंद सही जगह पर नहीं गिरीं। इस ओवर में मोहित ने पहली गेंद यॉर्कर डाली जिस पर कोई रन नहीं बना। दूसरी गेंद पर शिवम दुबे ने दौड़कर एक रन पूरा किया। इसके बाद तीसरी और चौथी गेंद एक-एक रन बने।

वहीं पांचवीं गेंद मोहित ने फिर स्लोअर यॉर्कर फेंकी। जडेजा ने इस लॉन्ग ऑन की ओर छक्का लगा दिया। आखिरी बॉल मोहित ने लेग स्टंप पर फुल टॉस फेंकी, जिसे जडेजा ने फाइन लेग की ओर फ्लिक किया और चौका लगाकर चेन्नई को पांचवीं बार चैंपियन बना दिया।

### फाइनल में लिए थे तीन विकेट

मोहित शर्मा ने आईपीएल फाइनल में गुजरात की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे। उन्होंने 3 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट लिए थे। वहीं अगर आईपीएल सीजन की बात करें तो मोहित ने 14 मैचों में 8.17 की इकोनॉमी रेट से 27 विकेट लिए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### धोनी के घुटने की सर्जरी हुईः मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुआ ऑपरेशन, आईपीएल के पहले मैच में लगी थी चोट



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के दौरान चोटिल हुए महेंद्र सिंह धोनी की घुटने की सर्जरी की गई। सर्जरी मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुई है। 5वीं बार चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल का खिताब दिलाने वाले धोनी को टूर्नामेंट के पहले ही मैच में चोट लग गई थी। धोनी का ऑपरेशन सुबह 8 बजे हुआ है। डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने यह ऑपरेशन किया। वो ऋषभ पंत और टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का ऑपरेशन भी चुके हैं।धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी। मैच के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की चोट पर अपडेट दिया। फ्लेमिंग ने कहा कि टूर्नामेंट से पहले धोनी के घुटने में दर्द हो रहा था। उसके बाद धोनी बाद के मैचों में बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेलते नजर आए थे। यही नहीं वह घुटने की चोट की वजह से बल्लेबाजी करने भी अधिकांश मैचों में निचले क्रम पर ही आए। पिच पर भी वह दौड़ कर रन लेने के बजाय बड़े शॉट ज्यादा खेलते नजर आए। धोनी ने भी आईपीएल सीजन के बीच में कहा था कि वह ज्यादा दौड़ नहीं सकते हैं। इसलिए वह निचले क्रम पर आकर बड़े शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। धोनी से पहले सुरेश रैना, रवींद्र जडेजा और ऋषभपंत भी घुटने की सर्जरी हो चुकी है। सुरेश रैना ने साल 2019 में 32 साल की उम्र में घुटने की सर्जरी कराई थी। रैना को घुटने में 2007 से ही समस्या थी। वहीं पिछले साल सितंबर में रवींद्र जडेजा ने भी घुटने की सर्जरी कराई थी।

### जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में: वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कारेज भी जीते, लगातार तीसरे साल थर्ड राउंड में

**मुंबई।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कारेज अपने-अपने मुकाबले



जीतकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। जोकोविच फिलिप-चैटरियर कोर्ट में हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को दूसरे दौर में 7-6 (2), 6-0, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे। जोकोविच और फुकसोविक्स के बीच पहला सेट एक घंटा, 30 मिनट तक चला। अल्कारेज ने जापान के डेनियल को हराया इससे पहले, कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर ही खेलते हुए अल्कारेज ने लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाया। शुरूआती सेट जीतने के बाद टॉप सीड खिलाड़ी अल्कारेज को टैरो डेनियल के खिलाफ दूसरे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

### यशस्वी को विराट ने दी टिप्स



**लंदन।** आईपीएल के 16 वें सत्र में शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचने वाले राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए इंग्लैंड में अभ्यास कर रहे हैं। डब्ल्यूटीसी 7 जून से लंदन के ओवल मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। अभ्यास सत्र के दौरान यशस्वी को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी टिप्स देते दिखे। अभ्यास सत्र को लेकर आये वीडियो में ये देखा जा सकता है। इस अभ्यास सत्र के वीडियो को आईसीसी ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो में जायसवाल नेट्स में शॉट्स खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वह अश्विन के साथ अभ्यास करते हुए नजर आ रहे हैं। अश्विन उन्हें अभ्यास के दौरान कुछ समझाते हुए भी नजर आ रहे हैं। अहम बात ये है कि विराट भी यशस्वी को उनके अभ्यास सत्र के दौरान कुछ टिप्स देते हुए नजर आए। दोनों की साथ में तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टीम ने स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में पहले ऋतुराज गायकवाड़ को शामिल किया था पर गायकवाड़ ने अपनी शादी के कारण नाम वापस ले लिया। ऐसे में अब उनकी जगह यशस्वी को शामिल किया गया।

फ्रेंच ओपन–2023

# पहले ग्रैंड स्लैम की तलाश कर रहे सितसिपास तीसरे दौर में, 2017 की विजेता ओस्टापेंको को मिली हार

**पेरिस।**
दिग्गज नोवाक जोकोविच के फ्रेंच ओपन–2023 में कड़े प्रतिद्वंद्वी माने जा रहे ग्रीस के पांचवीं वरीय स्टेफानो सितसिपास ने पहले दौर के संघर्ष को भुलाते हुए दूसरे दौर में आसान जीत हासिल कर ली। 2021 के फ्रेंच ओपन के फाइनल में जोकोविच के हाथों कड़े संघर्ष में हारने वाले सितसिपास ने स्पेन के 30 वर्षीय राबर्टो कार्बेलस बाएना को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (4), 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रेंच ओपन में दो उलटफेर भी हुए 2017 की विजेता लातविया की जेलेना ओस्टापेंको और 24वें वरीय अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा की दूसरे दौर में विदाई हो गई।

इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले सितसिपास को अब तक अपने पहले ग्रैंड स्लैम की तलाश है। पहले दौर में उन्हें जीरी वेस्ली से जबरदस्त संघर्ष करना पड़ा था। सितसिपास की क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी ओपन चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से भिड़ंत हो सकती है। जीत के बाद सितसिपास ने कहा कि वह इस ग्रैंड स्लैम में बिना किसी योजना के उतरे हैं और न ही आगे वह किसी योजना के साथ उतरने जा रहे हैं। योजना की बजाय वह तात्कालिक परिस्थितियों के अनुसार अपने को ढालने की कोशिश करेंगे।

### फोगनिनी, सोनेगो भी जीते

चौथे दिन का पहला उलटफेर चेकोस्लोवाकिया के पूर्व टेनिस खिलाड़ी 1990 के फ्रेंच ओपन उपविजेता और 1996 के ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता पेत्र कोर्डा के पुत्र 24वीं वरीय अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को दूसरे दौर में ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ओफनर के हाथों सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (1), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। सेबेस्टियन कोर्डा की बहन अमेरिका की नेली कोर्डा जानी-मानी गोल्फ खिलाड़ी हैं। इटली के फाबियो फोगनिनी ने ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर को 6-4, 7-6, 6-2 से हराया। इटली के लारेंजो सोनेगो ने फ्रांस के उगो हंबर्ट को 6-4, 6-3, 7-6 (3) से परास्त कर तीसरे दौर में जगह बनाई।



### स्वितोलिना ने तीसरे दौर में बनाई जगह

महिला वर्ग में चौथे दिन का बड़ा उलटफेर 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन लातविया की जेलेना ओस्टापेंको की हार के रूप में हुआ। ओस्टापेंको को अमेरिका की पेयटन स्टर्न्स ने तीन सेटों के संघर्ष में 6-3, 1-6, 6-2 से पराजित किया। ओस्टापेंको की हार से पहले 2021 की विजेता बारबरा क्राजिसिकोवा को लिजा सुरेंको के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

इसका मतलब यह हुआ कि महिला वर्ग में इगा स्वियातेक एकमात्र ऐसी महिला टेनिस खिलाड़ी बची हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन का खिताब जीता है। वहीं मां बनने के बाद पहला ग्रैंड स्लैम खेल रहीं यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म सैंडर्स को तीन सेटों में 2-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया। इससे पहले उनके पति फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी गेल मोंफिल्स ने जबरदस्त घरेलू समर्थन के बीच कड़े संघर्ष में सेबेस्टियन बाएज को हराया था।

### तीसरी वरीय पेगुला को मिली आसान जीत

अमेरिका की तीसरी वरीय जेसिका पेगुला ने तीसरे दौर में जगह बनाई। उन्हें इटली की कैमिला जॉर्जी से वॉकओवर मिला। कैमिला ने जब मैच छोड़ा, उस दौरान पेगुला पहला सेट 6-2 से जीत चुकी थीं 28वीं वरीय बेल्जियम की एलिस मर्टेंस ने कोलंबिया की कैमिला ओसेरियो सेरानो को 6-3, 7-6 से पराजित किया। वहीं नौवीं वरीय रूस की दारिया कसातकिना ने चेक रिपब्लिक की मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। तीसरे दौर में उनका सामना पेयटन स्टर्न्स से होगा। 24वीं वरीय रूस की अनेस्तीसिया पोटापोवा ने मिस्त्र की मयार शेरिफ को 3-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया।

### जीवन-बालाजी की जोड़ी पहले दौर में हारी, भारत की खराब शुरुआत

फ्रेंच ओपन में भारतीय आगाज अच्छा नहीं रहा। पुरुष युगल में जीवन नेदुनचेझियन और एन श्रीराम बालाजी की जोड़ी को पहले दौर में बेलारूस के इलिया इवाश्का और ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपरिन ने 3-6, 4-6 से पराजित किया।

### एनसीए में ऋषभ से मिले धवन

**नई दिल्ली।** आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करने वाले सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मुलाकात की है। धवन ने इस मुलाकात की एक तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा की है। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा है कि वापसी पहले से और बेहतर रहेगी। तुम्हें फिर मैदान में देखकर अच्छा लगा। ऋषभ को टैग करने के बाद गब्बर ने दिल वाले इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। पिछले साल 30 दिसंबर को ऋषभ एक कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। इसके बाद से उनका पहले देहरादून और फिर मुम्बई में इलाज हुआ। उनकी मुम्बई में सर्जरी भी हुई। इसी कारण वह तकरीबन 6 महीने से खेल से दूर रहे हैं। सर्जरी के बाद से ही ये आक्रामक बल्लेबाज तेजी से उबर रहा है। अब वह फिर अपने पैरों पर खड़े हो गए हैं और चल पा रहे हैं। इसके साथ ही वह मैदान में भी भी दिख रहे हैं। ऐसे में सभी को उम्मीद है कि ये आक्रामक बल्लेबाज शीघ्र ही टीम में वापसी करेगा। नजर आ रहे हैं। बीसीसीआई का भी मानना है कि ऋषभ तेजी से उबर रहे हैं और ऐसे में उनके देश में ही होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलने की भी संभावनाएं बनी हुई हैं।

# बर्लिन गेम्स 2023 में भारतीय एथलीट 11 गेम्स में लेंगे हिस्सा, लोगों ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।**
जर्मनी के बर्लिन में जून 2023 में आयोजित होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों और कोच को शुभकामनाएं और विदाई दी गई। इस दौरान लगभग 200 एसओ भारत एथलीट, कोच, अधिकारी और अतिथियों उपस्थिति हुए। यह कार्यक्रम दिल्ली गोल्फ क्लब मेंआयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना उपस्थित हुए। इस सभा में आए कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लेने वाले एथलीटों को शुभकामनाएं दीं। इनमें गृह मामले, युवा मामले और खेल के राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक, सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक, सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली गोल्फ क्लब के अध्यक्ष किशन बाजोरिया शामिल थे। अबूधाबी वर्ल्ड गेम्स 2019 की रोलर स्केटिंग पदक विजेता प्रियंका दीवान और शॉटपुट एथलीट आयुष झा ने कार्यक्रम में अपने प्रस्तुति दी। आशा किरण होम, नई दिल्ली के निवासियों ने गणेश वंदना की, जबकि अबूधाबी खेलों की बास्केटबॉल रजत पदक विजेता याशिका भट्ट इवेंट के एंकरों में शामिल हुईं। गोल्फ खिलाड़ी रणवीर सिंह और बर्लिन वर्ल्ड गेम्स में जगह बनाने वाली साइकिलिस्ट शिवानी ने मेहमानों का स्वागत किया।

एसओ भारत दिल्ली चैप्टर में लगभग 180 से अधिक स्कूलों से पंजीकृत 5000 बौद्धिक अक्षमता वाले एथलीट शामिल हैं। 21 एथलीट (जिनमें एक यूनि फाइड पार्नटनर शामिल हैं) और 2 कोच बर्लिन, जर्मनी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स में11 खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### एसओ वर्ल्ड समर गेम्स 2023, बर्लिन

17 से 25 जनू 2023 तक आयोजित होने वाला बर्लिन में 26 खेलों में मुकाबला करने के लिए लगभग 190 देशों के 7000 स्पेशल ओलंपिक एथलीटों और यूनि फाइड पार्टनर्स का स्वागत करेगा। एथलीटों को 3000 से अधिक कोचों और 20000 वालंटियर्स द्वारा सपोर्ट किया जाएगा। 16 खेलों में भाग लेने के लिए भारत से 202 एथलीट तथा पार्टनर और 59 कोच तैयारी कर रहे हैं।

# सेविला सातवीं बार यूरोप लीग जीता, रोमा को हराया; जोस मोरिन्हो ने फेंका अपना सिल्वर मेडल

**बुडापेस्ट।**
स्पेन के क्लब सेविला ने यूईएफए यूरोपा लीग को सातवीं बार जीत लिया। सेविला की टीम सातवीं बार फाइनल में पहुंची थी और उसने अपने सौ फीसदी रिकॉर्ड को बरकरार रखा। सेविला ने बुडापेस्ट में खेले गए खिताबी मुकाबले में इटली के क्लब एस रोमा को हरा दिया। रोमा की टीम 1991 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। उसे दूसरी बार भी हार का सामना करना पड़ा।

रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो छठी बार किसी यूरोपीय टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। उन्हें पहली बार हार का सामना करना पड़ा। सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त के बाद मोरिन्हो ने सिल्वर मेडल स्वीकार नहीं किया। उन्होंने सिल्वर मेडल लेकर स्टेडियम में बैठे एक फैन की ओर फेंक दिया। मोरिन्हो ने पिछले साल रोमा को कॉन्फ्रेंस लीग में जीत दिलाई थी। वह लगातार दूसरे यूरोपीय खिताब नहीं जीत पाए।

### रोमा के खिलाड़ी ने किया आत्मघाती

मैच में रोमा के पाउलो डाइबाला ने पहला गोल 34वें मिनट में किया। उनकी यह बढ़त हाफटाइम तक कायम रही। दूसरे हाफ में जब मैच शुरू हुआ तो सेविला की टीम ने रोमा के खिलाड़ी की मदद से मैच में वापसी की। रोमा के अनुभवी खिलाड़ी जिआनलुका मैनचिनी ने 55वें मिनट में आत्मघाती




गोल कर दिया। गेंद को अपने ही गोलपोस्ट में डाल दिया। उनके इस आत्मघाती गोल की बदौलत सेविला ने मैच में वापसी कर ली और स्कोर 1-1 की बराबरी पर आ गया।

### सेविला के गोलकीपर ने टीम को दिलाई जीत

निर्धारित 90 मिनट तक मैच जब 1-1 की बराबरी पर रहा तो फिर मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में चला गया। वहां भी कोई गोल नहीं हुआ। ऐसे में मैच शूटआउट में पहुंच गया। पेनल्टी शूटआउट में सेविला के गोलकीपर यासिन बूनो ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दो बचाव किया। अर्जेंटीना के गोंजालो मोंटिएल ने सेविला के लिए विनिंग पेनल्टी किया। उन्होंने पिछले साल के अंत में भी अर्जेंटीना के लिए विश्व कप में विनिंग पेनल्टी किक मारी थी। रोमा के लिए मैनचिनी और रोजर इबानेज पेनल्टी शूटआउट में चूक गए।

# राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ पहले दो वनडे से बाहर: अफगानिस्तान को 2 जून से खेलना है वनडे सीरीज; आईपीएल के दौरान हुए थे इंजर्ड

**नई दिल्ली।**
**अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान श्रीलंका दौरे के शुरुआती दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे। अफगानिस्तान की टीम श्रीलंका दौरे पर है। उसे वहां पर 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला 2 जून को हंबनटोटा में है। वहीं आखिरी मैच 7 जून को है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अनुसार राशिद खान चोट की वजह से शुरुआती दो वनडे मैच से बाहर है।**




उम्मीद है कि वह तीसरे मुकाबले से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। दरअसल राशिद खान आईपीएल के 16वें सीजन में गुजरात टाइटंस टीम के हिस्सा थे। राशिद ने 30 मई को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच के बाद कमर में दर्द की शिकायत की थी। फाइनल में राशिद को कोई सफलता नहीं मिली थी। उन्होंने 3 ओवर में 44 रन दिए थे।

राशिद आईपीएल के 16वें सीजन के तीसरे सफल गेंदबाज रहे हैं। वह गुजरात टाइटंस के भी तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। राशिद ने 17 मैचों में 8.23 की इकोनॉकी रेट से 27 विकेट लिए थे। वहीं आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद शमी रहे। उन्होंने 17 मैचों में 8.03 की इकोनॉमी रेट से 28 विकेट लिए। उसके बाद दूसरे नंबर पर मोहित शर्मा रहे। उन्होंने 14 मैचों में 8.17 की इकोनॉमी रेट से 27 विकेट लिए। दोनों ही गुजरात टाइटंस से हैं।

### श्रीलंका के लिए यह सीरीज महत्वपूर्ण

इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका और अफगानिस्तान दोनों के लिए ही तीन मैचों की वनडे सीरीज बेहद ही अहम है। अफगानिस्तान पहले ही वर्ल्ड कप के लिए टॉप आठ टीमों में जगह बना चुकी है। जबकि श्रीलंका को क्वालिफायर्स खेलना है। क्वालिफायर्स 16 जून से ज़िम्बाब्वे में होना है।

रेसलर्स और बृजभूषण : खेल मंत्री बोले–

# जांच पूरी होने का इंतजार करें; दिल्ली पुलिस ने कहा- कब पूरी होगी, यह कहना मुश्किल

**रेवाड़ी।**
रेसलर्स और डब्लूएफआई पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह विवाद में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है- पहलवानों को दिल्ली पुलिस की जांच का इंतजार करना चाहिए और तब तक वे ऐसा कदम ना उठाएं, जिससे खेल और खिलाड़ी प्रभावित हों। इधर, दिल्ली पुलिस ने कहा- हमारी जांच कब तक चलेगी, कब पूरी होगी, यह अभी कहना मुश्किल है। सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि दिल्ली पुलिस के पास बृजभूषण की गिरफ्तारी लायक सबूत नहीं है। इस पर दिल्ली पुलिस ने ट्वीट करके इसका खंडन किया और कहा- जांच जारी है। बाद में दिल्ली पुलिस ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया।

**दिल्ली पुलिस का ट्वीट:** कुछ मीडिया चैनल महिला पहलवानों द्वारा दर्ज मुकदमे में पुलिस द्वारा फाइनल रिपोर्ट दाखिल करने की खबर प्रसारित कर रहे हैं। यह खबर पूरी तरह गलत है। केस की जांच जारी है। बाद में ये ट्वीट डिलीट कर दिया गया।

**पॉक्सो केस में डेवलपमेंट:** सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने वाली पहलवान बालिग निकली है। यह पहलवान रोहतक की रहने वाली है। उसके स्कूल से मिले बर्थ सर्टिफिकेट के आधार पर उसके बालिग होने की पुष्टि हुई है। इसकी जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम रोहतक आई थी। हालांकि पीड़ित के पिता ने उसके बालिग होने के दावे को खारिज किया है।

**पहलवान के चाचा ने मीडिया में प्रूफ दिए, कहा- भतीजी नाबालिग नहीं** - रोहतक में नाबालिग पहलवान के चाचा सामने आए। उन्होंने कहा कि बृजभूषण पर केस दर्ज करवाने वाली पहलवान भतीजी नाबालिग नहीं है। उन्होंने लड़की के जन्म से जुड़े प्रूफ भी दिखाए। चाचा ने कहा कि सरकारी नौकरी का लालच देकर उनकी भतीजी से इस तरह के आरोप लगवाए गए हैं। लड़की के पिता का कहना है कि वह लड़की का



चाचा नहीं बल्कि ताऊ है। वह बड़ी बेटी के दस्तावेज दिखा रहा है। जिसकी पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने भी रोहतक आकर जांच की, जिसके बाद पहलवान के बालिग होने का दावा किया जा रहा है।

**पिता बोले- बड़ी बेटी की डेथ हुई, उसी के नाम पर छोटी का नाम रखा** - नाबालिग लड़की के पिता ने कहा- 16 साल की उम्र में बेटी का रांची में शिविर के दौरान बृजभूषण ने शोषण किया था। मेरी 2 बेटियां और 1 बेटा था। बड़ी बेटी की 2 साल की उम्र में मौत हो गई। दूसरी बेटी का नाम बड़ी बेटी के नाम पर ही रखा। वह अब भी नाबालिग है और रेसलिंग करती है। हालांकि उसका डेथ सर्टिफिकेट कहां है, इसके बारे में पिता स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं। आगे क्या: बृजभूषण पर दर्ज पॉक्सो एक्ट हट सकता है अगर पुलिस जांच में यह बात सही निकली कि आरोप लगाने वाली पहलवान बालिग है तो बृजभूषण पर दर्ज केस से पॉक्सो एक्ट हट जाएगा। ऐसे में उनके खिलाफ सिर्फ आईपीसी की धारा 354 का केस रह जाएगा, जिसमें तुरंत गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है।

**बृजभूषण ने कहा- आरोप साबित हुए तो फांसी लगा लूंगा** - बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि आगे-आगे देखिए होता क्या है। जांच तो करने दीजिए। अब तो हमारे हाथ में खेल है नहीं, दिल्ली पुलिस के हाथ में है। उन्हीं (पहलवानों) के निवेदन पर एफआईआर हुई है। अब हम उनकी क्या मदद कर सकते हैं। गंगा जी में मेडल डालने गए थे। गंगा जी के बजाय टिकैत को दे दिए। मेरा कार्यकाल पूरा हो चुका है। गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि अगर मैं गलत पाया गया तो गिरफ्तारी हो जाएगी। इतना ही नहीं, बृजभूषण सिंह ने फिर दोहराया कि अगर मेरे खिलाफ एक भी आरोप साबित होता है, तो मैं खुद को फांसी लगा लूंगा।

**दिल्ली पुलिस को समन** - डीसीडब्लू चीफ स्वाति मालीवाल ने दिल्ली डीसीपी को समन जारी किया है। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई है कि बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग पहलवान की पहचान उजागर हो गई है।

**गोल पोस्ट बदल रहे पहलवान** - अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहलवानों को दिल्ली पुलिस की जांच का इंतजार करना चाहिए। बेहतर होगा कि जब तक जांच पूरी ना हो तब तक वो कोई ऐसा कदम ना उठाएं जिससे खेल और खिलाड़ी प्रभावित हों। उन्होंने कहा कि जो-जो कहा हर गोल पोस्ट, अगली बार अगला गोल पोस्ट होता चला गया। जांच नियम के अनुसार ही होगी और खिलाड़ियों को इस पर भरोसा करना चाहिए।

# डिब्बाबंद खानों पर आंख मूंदकर न करें विश्वास



**इस** भागदौर भरी जिंदगी में लोगों को हर काम में जल्दी रहती है। कुछ लोग ऐसे भी होते है जो पैकेट में पीछे की ओर दी जाने वाली फाइन लाइन को नहीं पढ़ते, जहां चीज में मौजूद पोषक तत्वों के बारे में लिखा होता है। पैकेट में सामने की और लिखे फैट फ्री, जीरो कोलेस्ट्रॉल जैसे शब्द पढ़ते ही वस्तु की खरीदारी कर लेते हैं। परिणामस्वरूप लंबे समय तक लो फैट बिस्कुट और जीरो कोलेस्ट्रॉल वाली ब्राउन बैड खाकर भी उनके कोलेस्ट्रॉल लेवल और ट्रिग्लीसिराड लेवल में बदलाव नहीं होता। लो फैट और एनर्जी फूड का सेवन करके भी पूरे दिन थकावट महसूस होती रहती है।

## जीरो कोलेस्ट्रॉल/कोलेस्ट्रॉल फ्री

हालांकि वनस्पति तेल में कोलेस्ट्रॉल नहीं होता, पर यह वसा ही है। आमतौर पर हम मक्खन का चुनाव करते हैं, क्योंकि इसमें सेचुरेटेड फैट कम होता है। वनस्पति तेल की एक चम्मच में 14 ग्राम वसा और सौ कैलोरी होती है, इतनी ही मात्र एक चम्मच मक्खन क्रीम से मिलती है। ऐसे में खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की आशंका बनी ही रहती है। यही कारण है कि कोलेस्ट्रॉल लेवल और वजन में अंतर देखने को नहीं मिलता। बेहतर होगा कि हम वनस्पति तेल के उपभोग की मात्र को सीमित करें। कोलेस्ट्रॉल फ्री खाद्य वस्तुओं में सैचुरेटेड वसा प्रतिशत जानें।



## फैट फ्री/लो फैट

यदि किसी खाने के पैकेट पर लो फैट या फैट फ्री लिखा है तो वह खाना सेहत के लिए कितना अच्छा है, इससे जानने के लिए उसके न्यूट्रीशनल फैक्ट्स अवश्य पढ़ें। आमतौर पर इन खानों में प्राकृतिक वसा तो कम होती है, पर कम वसा के कारण स्वाद में आई कमी की क्षतिपूर्ति सोडियम, अधिक शुगर और थिकनर जैसे इमल्सीफायर मिलाने से कर दी जाती है, जिससे नुकसान की आशंका भी बनी रहती है। उदाहरण के लिए प्रोपीलीन ग्लाइकोल, एक कृत्रिम घोल है, जो खाद्य पदार्थो में इमल्सीफायर के तौर पर इस्तेमाल होता है, इसकी पहचान त्वचा और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाने वाले टॉक्सिक के रूप में भी होती है। इसके अलावा, इस तरह के खानों से संतुष्टि नहीं मिलती, तो इन्हें खाने के बाद आपकी इच्छा और खाने की बढ़ जाती है। सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व जैसे विटामिन ए, डी, ई आदि वसा में घुलनशील होते हैं यानी उन पोषक तत्वों को ग्रहण करने के लिए शरीर को कुछ वसा की जरूरत होती है, पर वसा से दूर रहने के कारण है कि शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। हर समय थकावट महसूस करते हैं और भूख लगती रहती है।

## नो एडीटिव

यह लाइन कुछ खास जूस, ब्रेड और अनाजों पर देखने को मिलती है, पर किसी चीज में शुगर कई तरह से हो सकती है जैसे हाई फ्रक्टोस कॉर्न सिरप, शहद और लेक्टोस आदि। नो एडिटिव व नेचुरल आदि शब्द उलझन को बढ़ा देते हैं, इनके संबंध में नियम भी नहीं है। बेहतर होगा कि शुगर फ्री या नो शुगर आदि शब्दों पर गौर करें। यदि किसी चीज में एक समय के भोजन में 400 से अधिक कैलोरी मिल रही है तो चुनाव समझकर ही करें।

## कब्र के नीचे परिवार सहित रहते हैं लोग

**अमूमन** आपने सुना व देखा हो कि इंसान के मरने के बाद उसे जला दिया जाता है या उसे दफना दिया जाता है। यह सब करने के बाद सब उसे भूल जाते हैं। अगर इंसान को दफनाया जाता है तो हम कभी कभार उसकी कब्र की देखभाल कर आते हैं। हर कोई यह समझता है है कि श्मशान घाट हो या कब्र। इंसान के मरने के बाद उसकी आत्मा भूत बनकर वहां पर उपस्थित रहती है और हर कोई वहां पर जाने से डरता है। लेकिन आपको बता दें कि मिस्त्र देश का एक शहर ऐसा है जहां पर लोग मरे हुए इंसान की इस तरह से कब्र बनबाते हैं कि कब्र की देखभाल करने के लिए वहां पर देखभाल करने वाला अपने परिवार के साथ रह सकें।

## नींद की गोली खाते हैं तो हो जाएं सावधान

टैंशन और मानसिक तनाव को अपने से दूर रखने बहुत सारे लोग नींद की गोलियों का सेवन करते हैं। वहीं कुछ लोग सर्दी, फ्लू, बुखार एलर्जी और बढ़िया नींद लेने के लिए भी एंटी-कोलीनर्जिक युक्त गोलियों लेते है, शायद वह यह नहीं जानते कि इस तरह की दवाओं का सेवन करने से वह अपनी सेहत बिगाड़ रहे हैं। नींद की गोली हमारे दिमाग पर बुरा असर डालती है। यह बात हम नहीं बल्कि बहुत सारे शोधों में कहीं गई है।



# बच्चों को हाथ धोना जरूर सिखाएं

**आमतौर** पर बच्चे हाथ धोने को लेकर ज्यादा संजीदा नहीं होते। न तो वे खाने से पहले हाथ धोना पसंद करते हैं और न ही बाथरूम के बाद ही उन्हें अपने हाथ अच्छी तरह से साफ करना पसंद होता है। खेलने के बाद सीधा खाने की मेज पर बैठ जाना तो बच्चों के मामले में आम बात है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि बच्चे आपकी सुनते नहीं हैं, तो आप उन्हें कहना बंद कर दें। हाथ धोना कीटाणुओं से बचने का सबसे कारगर तरीका है। इससे आप रोगाणुओं को फैलने से रोक सकते हैं और साथ ही अपने बच्चों को कई संक्रमणों से बचा सकते हैं।

## कीटाणुओं से बचने का पहला उपाय

बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता व्यस्कों के मुकाबले कमजोर होती है, इसलिए आपको चाहिए कि उनकी खास देखभाल करें। कीटाणु भी इस प्रकार से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं-

- गंदे हाथों से छूने।
- गंदे डायपर बदलते समय।
- दूषित पानी और भोजन के जरिए।
- छींक अथवा खांसी के समय आने वाली बूंदों से।
- दूषित सतहों से।
- बीमार व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थ के साथ संपर्क के माध्यम से।

जब बच्चे कीटाणुओं के संपर्क में आते हैं, तो वे जाने-अनजाने ही उससे संक्रमित हो जाते हैं। वे उन हाथों से कभी आंखों, कभी नाक और मुंह को छूते हैं। इससे कीटाणु उनके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और वे बीमार पड़ जाते हैं। एक बार अगर बच्चा किसी संक्रमित रोग से ग्रस्त हो जाए, तो पूरे परिवार के रोग ग्रस्त होने की आशंका रहती है।



### कीटाणुओं से बचने के लिए क्या करें

- भोजन से पहले हाथ जरूर धोएं।
- शौच के बाद भी हाथ धोना बहुत जरूरी है।
- घर की साफ सफाई के बाद हाथ अवश्य साफ करें।
- पालतू जानवरों से खेलने के बाद।
- किसी बीमार व्यक्ति से मिलकर आने के बाद।
- छींक या खांसी के बाद।
- खेलने या बागवानी के बाद।

### हाथ धोना सुरक्षा की दीवार

अच्छी तरह से हाथ धोना कई बीमारियों से बचने की पहली रक्षा पंक्ति होती है। सिर्फ अच्छी तरह से हाथ धोने से ही आप सामान्य ठंड से लेकर, दिमागी बुखार, श्वासनलिकाशोथ, इन्फ्लूएंजा, हेपेटाइटिस ए, और संक्रामक दस्त तक से बच सकते हैं।

### ऐसे धोएं अपने हाथ

बच्चों को अच्छी तरह हाथ धोने की आदत डालें। उन्हें अपने साथ खड़ा कर हाथ धोएं। हो सके तो दोनों साथ ही हाथ धोएं। इससे उन्हें हाथ धोने का सलीका तो मालूम चलेगा ही साथ ही साथ उन्हें इस बात का भी अंदाजा होगा कि आखिर हाथ धोना कितनी अच्छी आदत है।

### गुनगुने पानी से धोएं हाथ

हाथ अगर गुनगुने पानी से धोए जाएं तो बेहतर। इससे अधिक संख्या में कीटाणु मरते हैं। इस बात का भी ध्यान रखें कि पानी अधिक गर्म न हो। अधिक गर्म पानी से बच्चों की त्वचा को नुकसान हो सकता है।

### कितनी देर धोएं हाथ



साबुन से अच्छी तरह झाग बनाकर करीब 20 सेकेंड तक हाथ धोना सही रहता है। जरूरी नहीं कि आप एंटी बैक्टीरियल साबुन का ही इस्तेमाल करें। कोई भी साबुन कीटाणुओं को मारने में कारगर हो सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि आपके बच्चे उंगलियों के बीच में और नाखूनों के आसपास भी अच्छी तरह से हाथ धोएं। और हां कलाई साफ करना न भूलें।

### सुखाने के लिए तौलिया हो सही



हाथ धोने के बाद उसे तौलिये से पोंछ लें। इस बात का ध्यान रखें कि आपका बच्चा जिस तौलिये से हाथ साफ कर रहा है वह साफ और सूखा हो। गंदे तौलिये से हाथ साफ करने से बच्चे के हाथ पर दोबारा कीटाणु जमा हो सकते हैं। और ऐसे में उसका हाथ धोना बेकार जाएगा।

**हाथ धोने की महता को नजरअंदाज न करें। हाथों की सफाई पर लगाए गए चंद सेकेंड आपके और आपके बच्चे को डॉक्टर के पास लगने वाले कई चक्करों से बचा सकते हैं।**

# आंखों के काले घेरे हटाने के लिए घर पर ऐसे बनाएं क्रीम

**आखों** के नीचे पड़ने वाले काले घेरे ना सिर्फ आपकी खूबसूरती को कम कर देते हैं बल्कि इसके अलावा वो आपको आपकी उम्र से ज्यादा दिखाने लगते हैं। आंखों के आसपास की त्वचा कहीं ज्यादा नाजुक होती है और चेहरे के अन्य भागों की अपेक्षा पतली भी, इसलिए इसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। आंख के पास काले घेरों के कई कारण हैं। यह अनुवांशिक भी हो सकता है या फिर थकावट आदि के कारण भी। इस लेख में हम आपको आंखों के काले घेरे से निपटने के लिए घर में बनने वाली अंडर आई क्रीम के बारे में बता रहे हैं।

## अडंर आई क्रीम बनाने की विधि

दो सॉस पैन, दो ग्लास, चम्मच, थर्मोमीटर, हैंडहेल्ड मिक्सर, कोकोनट तेल, प्रिमरोज, विटामिन ई, लैवेंडर ऑयल आदि लें। घर में आखों के नीचे के काले घेरे मिटाने के लिए एक मध्यम आकार के सॉसपैन को लें और उसमें कोकोनट तेल, प्रिमरोड, विटामिन ई को थोड़ें से पानी के साथ गर्म करें। सारे तेल के आपस में अच्छी तरह मिल जाने के बाद आप उसमें लैवेंडर ऑयल को मिलाएं। ये मिक्सर ठंडा होने तक तरल ही रहेगा। अगर आपको इसे ज्यादा जल्दी चाहिए तो आप इसे फ्रिज में रख लों। जब ये मिक्सर गाढ़ा हो जाए को एक जार में भर कर रख लें। आप रात में इसका प्रयोग कर ना शुरू पर भी कर सकती है। इससे आपको पता चल जाएगा कि इन तेलों का आपकी त्वचा पर क्या प्रभाव पड़ता है।



### काले घेरे दूर करने के उपाय

चाय की पत्ती को रातभर दूध में भिगोकर रखें। अब चाय की पत्ती को दूध में अच्छे से मिक्स करके डार्क सर्कल्स पर लगाएं। कुछ ही दिन में आपको फर्क महसूस होगा। आंखों के काले घेरों को हमेशा के लिए हटाने के लिए खीरे के पतले पतले स्लाइस काटकर आंखों पर लगभग 10 तक मिनट रखें। ऐसा करने से दिन भर की थकान दूर हो जाती है और कुछ ही दिन में डार्क सर्कल्स हमेशा के लिए गायब हो जाएंगें। बादाम का तेल कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर होता है जो आंखों के आसपास की त्वचा को फायदा पहुंचाता है। बादाम के तेल के नियमित उपयोग से त्वचा का रंग हल्का पड़ जाता है, इसीलिए इसे आंखों के आसपास लगाने से डार्क सर्कल दूर हो जाते है। रात में इसे आंखों के नीचे थोड़ा सा लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। मसाज करने के बाद ऐसा ही छोड़ दें। सुबह उठने के बाद मुंह धो लें। यह ध्यान रखें कि आपके आंखों के नीचे की त्वचा से कोई भी सीधा संपर्क कोमल होना अत्यावश्यक है, क्योंकि यह आपके शरीर की सबसे नाजुक त्वचा में से एक है।

## अनेक स्किल्स में माहिर होने की जरूरत

# वॉटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में बनाएं कॅरियर

जल इंसान की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है,लेकिन इतने विकास के बावजूद विश्व की एक बड़ी जनसंख्या आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित है। कृषि, औद्योगिक और घरेलू उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता में पिछले कुछ दशकों में तेजी से बदलाव आए हैं और खेद की बात है कि स्थिति में कोई सुखद सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में काफी काम किया जाने लगा है जिसके चलते वॉटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के अनेक अवसर सामने आ रहे हैं।

### योग्यता...

चूंकि वॉटर मैनेजमेंट एक जटिल विषय है इसलिए इससे संबंधित कार्य करने के लिए अनेक स्किल्स में माहिर व्यक्ति की जरूरत होती है। फील्ड को-ऑर्डिनेटर और प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्य पाने के लिए मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री काफी पसंद की जाती है। भू-जल और कृषि के क्षेत्र में शोध करने वाली कंपनियां जियोलॉजी, एग्रीकल्चरल साइंस, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी में मास्टर्स एवं पीएचडी डिग्री धारकों को काम पर रखती हैं। आजकल इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए पब्लिक पॉलिसी डिग्रियों का भी प्रचलन देखने को मिल रहा है। इसका कारण यह है कि अक्सर अनेक सीमाओं से गुजरने वाले जल यानि नदियों आदि को लेकर अनेक विवाद भी जन्म ले सकते हैं। ऐसे में पानी से संबंधित पब्लिक पॉलिसी पर भी जोर दिया जाने लगा है।



### इंस्टीट्यूट वॉच...

- आईआरएमए आनंद इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद
- टीआईएसएस इंस्टीट्यूट, मुंबई
- क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया
- उपसला यूनिवर्सिटी, स्वीडन

### पारिश्रमिक...

जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले फील्ड वर्कर या को-ऑर्डिनेटर प्रतिमाह 10 हजार रुपए या अधिक प्राप्त कर सकते हैं, जबकि प्रोजेक्ट मैनेजर 25 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। किसी कंपनी में बतौर कंसल्टेंट कार्य करने वाले 35 हजार से 1 लाख रुपए प्रतिमाह तनख्वाह पाते हैं, जबकि स्वतंत्र रूप से कंसल्टेंसी चलाने वाले इससे कहीं अधिक आय प्राप्त करते हैं। इसके अलावा विभिन्न पदों पर कार्य करने वाले प्रोफेशनल भी पद और अनुभव के अनुसार काफी अच्छी आय हासिल कर सकते हैं। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि वॉटर मैनेजमेंट में आप एक बेहतर भविष्य देख सकते हैं।

## रेसिपी



### पालक ढोकला

#### सामग्री

1 कप बेसन, 2 गुच्छा पालक, 1/4 कप दही (फेंटी हुई), 1 इंच पीस अदरक, 2-3 हरी मिर्च, 2 चम्मच तेल, 2 चम्मच नींबू का रस, 1 चम्मच शक्कर, नमक (स्वादअनुसार), 1 चम्मच ईनो, छौंकने की सामग्री, 1 चम्मच तेल, 1 चम्मच राई, 2 चम्मच तिल, 4-5 कड़ी पत्ती, 1/4 हींग

#### विधि

ढोकला बनाने के लिए सबसे पहले आप पालक को अच्छे से धो कर काट लें। अब इसे भाप में पका कर ठंडा कर लें और इसमें अदरक और हरी मिर्च पीस कर मिला दें। ध्यान में रखें कि यह प्यूरी लगभग 1 कप हो। इसके बाद एक बड़ा कटोरा लेकर उसमें बेसन, पालक की प्यूरी, दही और तेल मिलाएं। घोल को पतला करने के लिए इसमें पानी मिला दें। घोल ज्यादा पतला और गाढ़ा नहीं होना चाहिए। अब इसमें नमक, शक्कर और नींबू मिला कर 5-10 मिनट के लिए रख दें। बाद में इस घोल में ईनो मिला लें। उसके तुरंत बाद ही तेल लगे सांचे में घोल भरें। ढोकलों को स्टीमर में डाल कर 15-20 मिनट तक गैस की तेज आंच पर पकाएं। बाद मे गैस को बंद कर दें। स्टीमर से ढोकलों को निकाल कर 10 मिनट तक ठंड़ा होने के लिए रखें।

**छौंक लगाने की विधि:** एक पैन में हींग, राई, तिल और कड़ी पत्ती डालें और गैस पर रख कर तड़का तैयार कर लें। बाद में गैस को बंद कर दें। अब इसे ढोकलों के चारों ओर से ऊपर डालें और हरी चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।



### क्रिस्पी सोया चिली रेसिपी

#### सामग्री

100 ग्राम सोया चंक्स, 1 बड़ी शिमला मिर्च, 3 बड़े प्याज ( मोटे कटे हुए), छोटी कटोरी हरे प्याज, 1 कटोरी ब्रोकली, 1 चम्मच अदरक-लहुसन की पेस्ट, 1 टेबलस्पून मक्की का आटा, 1 चम्मच सोया सॉस,1 विनेगर, 1 चम्मच टमैटो केचप, तेल आवश्यकतानुसार, नमक, मिर्च, हल्दी, हरी मिर्च स्वादानुसार

#### विधि

सोया चंक्स को 1 घंटे के लिए गर्म पानी में भिगोएं रखें फिर निचोड़ कर निकालें। अब उसमें नमक, मिर्च, हल्दी, अदरक लहुसन की पेस्ट, मक्की का आटा अच्छी तरह मिक्स करें और बाद में इन्हें डिप फ्राई कर लें। एक पैन में थोड़ा तेल गर्म करें, उसमें लहसुन और प्याज मिलाकर ब्राउन होने तक भूनें। बाद में उसमें शिमला मिर्च, ब्रोकली और हरे प्याज डालें। 2 मिनट के बाद फ्राई सोया उसमें डालें। सारे मिश्रण को अच्छे से उल्टे-पल्टे। अब उसमें सोया सॉस, विनेगर, टैमटो केचप, नमक और हरी मिर्च डालें और अच्छी तरह से मिक्स करके एक मिनट तेज आंच पर पकाएं। फिर हरे धनिएं से रैसिपी को सजाकर सर्व करें।

# प्रोस्टेट कैंसर को जानने की दिशा में नई पहल

*वैज्ञानिकों ने एक शोध के जरिए यह पता लगाया है कि कुत्ते मूत्र के नमूनों को सूंघकर 90 प्रतिशत स्टीकता के साथ प्रोस्टेट कैंसर का पता लगा सकते हैं। इस शोध से यह उम्मीद जगी है कि इंसानों में कैंसर और संक्रामक बीमारियों की पहचान करने में कुत्तों की सूंघने की क्षमता काफी मददगार साबित हो सकती है।*

## रक्त परीक्षण के जरिए की जाती है बीमारी की पहचान

शोध के दौरान 2 जर्मन शैफर्ड कुत्तों को 900 पुरुषों का मूत्र सुंघाया गया, जिनमें से 360 लोगों को प्रोस्टेट कैंसर था, जबकि 540 लोगों को यह बीमारी नहीं थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक 90 प्रतिशत मामलों में दोनों कुत्तों ने बीमारी की पहचान कर ली। हालांकि मिलान के रिसर्च सेंटर और अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं ने यह भी स्वीकार किया कि प्रोस्टेट कैंसर की पहचान के लिए कुत्तों की सूंघने की क्षमता कितनी उपयोगी साबित हो सकती है, इस बारे में और रिसर्च किए जाने की जरूरत है। मौजूदा वक्त में इस बीमारी की पहचान रक्त परीक्षण के जरिए की जाती है जिसे पीएसए टेस्ट के तौर पर जाना जाता है। हालांकि यह प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने के लिए पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं माना जाता। इससे पहले किए गए शोधों में भी यह पाया गया था कि कुत्ते 93 प्रतिशत की स्टीकता के साथ प्रोस्टेट कैंसर का पता लगा सकते हैं।

## मधुमेह से लड़ने में मदद करेगा मोबाइल एप



शोधकर्ताओं ने ऐसी मोबाइल एप तैयार की है जोकि मधुमेह से लड़ने में मदद करेगी। इस एप के जरिए लोग अपो खाने-पीने की आंदतों और कसरत आदि पर नजर रख पाएंगे। इस एप में मधुमेह से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि आधुनिक जीवनशैली के कारण मौजूदा समय में मधुमेह का खतरा बढ़ता जा रहा है, ऐसे में यह एप इस बीमारी से बचाव में काफी मददगार साबित हो सकता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**